आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 56 | उज्जैन, शुक्रवार 13 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 10 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश


### भारत पर फिर से टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने भारत और चीन समेत अपने 16 प्रमुख ट्रेडिंग पार्टनर्स के खिलाफ 'सेक्शन 301' के तहत नई जांच शुरू कर दी है। 'सेक्शन 301' अमेरिका को उन देशों पर एकतरफा टैक्स बढ़ाने की शक्ति देता है, जो उसकी कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहे हों। पिछले महीने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ को अवैध बताने के बाद, प्रशासन अब नए कानूनी रास्तों से टैरिफ का दबाव वापस बनाने की तैयारी में है। यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर के मुताबिक, इस जांच के कारण इस साल गर्मियों तक भारत, चीन, यूरोपीय संघ और मैक्सिको जैसे देशों पर नए टैरिफ लगाए जा सकते हैं।

### गुजरात-राजस्थान में लू चली 11 शहरों में पारा 41 डिग्री पार

**नई दिल्ली।** मार्च में लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में मार्च के तीसरे हफ्ते में ही पारा 40 का आंकड़ा पार कर गया है। कटऊ ने गुरुवार को गुजरात, सौराष्ट्र और कच्छ में हीटवेव और लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र के विदर्भ, कर्नाटक और केरल में भी हीटवेव का यलो अलर्ट है। हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल, असम, मेघालय, अरुणाचल, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, झारखंड, ओडिशा में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। गुरुवार दोपहर तक हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति और जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में बर्फबारी जारी है। सोनमर्ग में बर्फ की चादर बिछने से पर्यटक फिर से पहुंचने लगे हैं।

### धुरंधर वर्ल्डवाइड 500 स्क्रीन्स पर री-रिलीज



19 मार्च को आएगी धुरंधर-2 नया गाना आरी-आरी भी रिलीज

**मुंबई।** 19 मार्च को रिलीज होने वाली फिल्म धुरंधरः द रिवेंज यानी धुरंधर 2 से पहले 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर को एकबार फिर वर्ल्ड वाइड रिलीज किया जा रहा है। जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज मिलकर इसे भारत सहित विदेशों में भी बड़े स्तर पर रिलीज कर रहे हैं। फिल्म का पहला भाग आज यानी 12 मार्च से भारत की 250 स्क्रीन्स पर दोबारा दिखाया जा रहा है। वहीं, 13 मार्च से इसे विदेशों में 250 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। यानी कुल 500 स्क्रीन्स पर दर्शक एक बार फिर धुरंधर का रोमांच महसूस कर सकेंगे। यह फैसला इसलिए किया गया है ताकि 19 मार्च को सीक्वल देखने से पहले फैंस पुरानी कहानी को बड़े पर्दे पर देख सकें। फिल्म को धुरंधर 2 की हाइप बनाने के लिए दोबारा रिलीज की जा रहा है। इस स्ट्रैटेजी का मकसद नए पार्ट के लिए एडवांस बुकिंग में उछाल लाना होता है। भारत में कई फिल्में सीक्वल आने से पहले री-रिलीज की जा चुकी हैं। धुरंधर 2 फिल्म के ट्रेलर के बाद अब इसका पहला गाना 'आरी आरी' रिलीज कर दिया गया है। टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर आए इस गाने में दमदार म्यूजिक और जबरदस्त रैप का तड़का लगाया गया है। ट्रेलर में बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर सुनने के बाद से ही फैंस इस गाने का इंतजार कर रहे थे। वहीं फिल्म ट्रेलर रिलीज होते ही यूट्यूब पर भारत समेत 45 से ज्यादा देशों में ट्रेंड कर रहा है।

### पाइरेसी पर केंद्र की सख्ती टेलीग्राम को 3 घंटे में अवैध कंटेंट हटाने का नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ऑनलाइन पाइरेसी पर कड़ा रुख अपनाते हुए मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है और उसे तीन घंटे के भीतर अपने प्लेटफॉर्म से पायरेटेड कंटेंट हटाने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से की गई है, जब कई ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने शिकायत की कि उनकी फिल्मों और वेब सीरीज को टेलीग्राम चैनलों पर बड़े पैमाने पर अवैध रूप से साझा किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, यह नोटिस सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2 हजार के तहत जारी किया गया है। मंत्रालय ने टेलीग्राम से कहा है कि जिन चैनलों पर कॉपीराइट सामग्री को बिना अनुमति साझा किया जा रहा है, उन्हें तुरंत हटाया जाए और उन तक पहुंच भी बंद की जाए।

### वॉशिंगटन में ट्रम्प-एपस्टीन का 12 फीट ऊंचा स्टैच्यू लगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का 12 फीट ऊंचा स्टैच्यू लगाया गया है। इसमें दोनों टाइटैनिक फिल्म के मशहूर किंग ऑफ द वर्ल्ड पोज में खड़े नजर आ रहे हैं। इस स्टैच्यू को गुमनाम कलाकार समूह द सीक्रेट हैंडशेक ने नेशनल मॉल के पास लगाया है। कुछ लोग इसे राजनीतिक कला और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उदाहरण बता रहे हैं, जबकि कई लोगों ने इसे आपत्तिजनक बताया है। व्हाइट हाउस की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। पहले भी ट्रम्प और एपस्टीन का ऐसा स्टैच्यू लग चुका है। स्टैच्यू के आसपास बैनर लगाए गए हैं, जिन पर दोनों की तस्वीरों के साथ मेक अमेरिका सेफ अगेन जैसे नारे लिखे गए हैं।

मंत्रर प्रहलाद पटेल के साथ शिवराज सिंह से मिले सीएम मोहन यादव, दिल्ली में हुई मीटिंग

## अब सरसों पर भावांतर का लाभ, तुअर की पूरी फसल खरीदेगी सरकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। खास बात यह रही कि इस बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी उनके साथ मौजूद थे।

**विजयवर्गीय भी दिल्ली में थे मौजूद**

एमपी के बजट सत्र के दौरान विधानसभा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयानों से सीएम और विजयवर्गीय के बीच अंदरूनी मतभेद नजर आए थे। इसके बाद पिछले हफ्ते सीएम डॉ मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल ने एक ही दिन अलग-अलग समय पर केन्द्रीय गृह मंत्री



अमित शाह से मुलाकात की थी।

इस बार शिवराज सिंह चौहान से सीएम ने मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ मुलाकात की है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी दिल्ली पहुंचे थे, लेकिन वे एक निजी शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

### शिवराज-मोहन और प्रहलाद के बीच चर्चा



- तीनों दिग्गजों के बीच हुई बैठक के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि खेती से जुड़े इन मुद्दों पर चर्चा हुई है।
- **सरसों उत्पादकों को भावांतर का तोहफा** लंबे समय से लंबित सरसों की खरीद पर भावांतर भुगतान योजना को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरी झंडी दे दी है। इससे प्रदेश के लाखों सरसों उत्पादक किसानों को बाजार और समर्थन मूल्य के अंतर की राशि सीधे खाते में मिलेगी।
- **तुअर की 100% सरकारी खरीद** शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को स्वयं स्वीकृति पत्र सौंपा, जिसके तहत अब प्रदेश के किसानों की पूरी की पूरी तुअर फसल सरकार खरीदेगी। यह दलहन उत्पादन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के लिए एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है।
- **2026 किसान कल्याण वर्ष का रोडमैप** वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मनाते हुए केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें मूंग, उड़द और सोयाबीन जैसे तिलहनों पर भी विशेष फोकस रहेगा।

मध्य प्रदेश में 3 दिन से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप

## रीवा में सिलेंडर 2000 रु. का

### कालाबाजारी के आरोप: भोपाल-इंदौर समेत कई शहरों में लंबी कतारें, छिंदवाड़ा में शादियों में डीजल भट्टियों पर बनेगा खाना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में 3 दिन से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप है। घरेलू सिलेंडर की वेटिंग भी 5 से 7 दिन की हो गई है। ऑयल कंपनियों ने 15% गैस ही उपलब्ध होने की बात कही है, जो इमरजेंसी सेवा और घरों के लिए ही उपयोग हो सकेगी। कुछ शहरों के उपभोक्ता सिलेंडर की कालाबाजारी के आरोप लगा रहे हैं।

रीवा में गैस एजेंसी के बाद सुबह से कतार में लगे उमेश शुक्ला ने बताया कि दोपहर बाद तक सिलेंडर नहीं मिल पाया। दलाल 900 का सिलेंडर 1700 से लेकर 2000 रुपए तक में बेच रहे हैं। उपभोक्ता मजबूरी में महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने को मजबूर हैं। इधर, ऑयल कंपनियों की सप्लाई के बाद कमर्शियल सिलेंडर सिर्फ अस्पताल, सेना-पुलिस की कैंटीन, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट स्थित कैंटीन, बस स्टैंड स्थित भोजनालय को ही मिलेंगे। हालांकि, खाद्य विभाग को जरूरत के हिसाब से ऑयल कंपनियों को लिस्ट देना होगी। दूसरी ओर होटल, मैरिज गार्डन, सराफा कारीगरों के साथ भोपाल और इंदौर मेट्रो को कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल सकेंगे। दोनों ही शहरों में मेट्रो का काम चल रहा है, जिसमें वेल्डिंग के लिए



एलपीजी का उपयोग होता है। छिंदवाड़ा के एक कैटरर्स का कहना है कि शादियों में गैस भट्टी पर रोक के कारण डीजल भट्टी से खाना बनाया जा रहा है।

### स्टॉक इतना कि 48 घंटे भी जैसे-तैसे निकलेंगे

- भोपाल होटल एसोसिएशन के तेजकुल पाल सिंह पाली का कहना है कि राजधानी में ही डेढ़ हजार से ज्यादा होटल और रेस्टॉरेंट हैं। जहां हर रोज 2 से ढाई हजार सिलेंडर उपयोग होते हैं। जिन होटल या रेस्टॉरेंट में स्टॉक है, वहां 48 घंटे ही तैसे-जैसे निकल पाएंगे।
- इसके बाद होटल और रेस्टॉरेंट बंद हो जाएंगे। सरकार से मांग की है कि होटल, रेस्टॉरेंट और रेहड़ी वालों को कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाए, लेकिन सरकार ने सिर्फ इमरजेंसी सेवा के लिए गैस देने की बात कही है।

### जिम्मेदार दावा कर रहे कि घरेलू सिलेंडर की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं, हकीकत-लंबी वेटिंग

जिम्मेदार दावा कर रहे हैं कि घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन हकीकत में लंबी वेटिंग है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में लंबी वेटिंग है। भोपाल के 5 नंबर इलाके में इसके लिए भीड़ देखी गई। टीटी नगर इलाके में तो सिलेंडर के लिए भाग-दौड़ भी हो चुकी है। इंदौर में कमर्शियल सिलेंडर के संकट के बीच खाद्य विभाग के अधिकारी ने लकड़ी, कंडा, कोयला जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने पर जोर दिया है। वहीं भोपाल में भी डीजल भट्टी का उपयोग करने की बात कही जा रही है। भोपाल के फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि सरकार के नए निर्देश आए हैं। इसी हिसाब से सप्लाई व्यवस्था है। अब 25 दिन में ही सिलेंडर के लिए बुकिंग कराई जा सकेगी। सर्वर की दिक्कत आने और लोगों के द्वारा 1-2 सिलेंडर स्टॉक जमा करने की वजह से एजेंसियों के बाहर भीड़ लग रही है।

### अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट में तेल टैंकरों को सुरक्षा नहीं देगा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

अमेरिका फिलहाल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तेल टैंकरों को सैन्य सुरक्षा नहीं देगा। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा है कि उनकी नौसेना अभी टैंकरों को एस्कॉर्ट करने के लिए तैयार नहीं है। सीएनबीसी न्यूज से बातचीत में राइट ने कहा कि अमेरिका का फोकस इस समय ईरान की आक्रामक क्षमताओं और उन्हें सपोर्ट करने वाले उद्योगों को निशाना बनाने पर है। इसी वजह से टैंकरों की सुरक्षा के लिए एस्कॉर्ट मिशन अभी शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था जल्द लागू हो सकती है और अमेरिकी नौसेना महीने के अंत तक इस मिशन के लिए तैयार हो सकती है।

महाकुंभ वायरल गर्ल मोनालिसा बोली

### शादी न होती तो सुसाइड कर लेती

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

महाकुंभ 2025 में रुद्राक्ष बेचते हुए रातोरात सोशल मीडिया स्टार बनीं महेश्वर (मप्र) की मोनालिसा भोंसले ने केरल में अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान के साथ मंदिर में शादी रचा ली है। इस अंतरधार्मिक विवाह ने उत्तर से दक्षिण भारत तक हलचल मचा दी है। जहां एक ओर फिल्म डायरेक्टर ने इसे बड़ी साजिश बताया है तो वहीं गुरुवार को कपल ने तिरुवनंतपुरम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी जान को खतरा बताया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में फरमान ने कहा मीडिया में गलत खबरें चल रही हैं कि मोनालिसा की उम्र कम



है, अगर एज कम होती तो शादी नहीं होती। स्मार्ट एप से हमें शादी का सर्टिफिकेट नहीं मिलता। केरल सरकार की पॉलिसी के स्मार्ट एप से सर्टिफिकेट मिला है। पुआर पंचायत से शादी का सर्टिफिकेट मिला है। मंदिर ने भी दिया है। फरमान ने मैरिज सर्टिफिकेट दिखाया।

## मुंबई में बम की धमकी से हड़कंप

### विधानभवन, बीएसई और हाईकोर्ट समेत कई ठिकाने निशाने पर, हाई अलर्ट जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई आज उस समय दहशत में आ गई जब विधानभवन, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, बॉम्बे हाईकोर्ट और मुंबई मेट्रो जैसे अति-संवेदनशील ठिकानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल के जरिए दी गई इस सामूहिक



धमकी के बाद पूरी मुंबई पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 6.57 बजे राष्ट्रमंडल संसदीय संघ को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। इस ईमेल में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि मुंबई के चार प्रमुख ठिकानों- विधानभवन, बीएसई, बॉम्बे हाईकोर्ट और मुंबई मेट्रो को बम और मिसाइलों से निशाना बनाया जाएगा।

## बीएसएफ ने जब्त की 12 करोड़ की हेरोइन

### पाकिस्तान की ड्रोन साजिश नाकाम

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की एक और बड़ी साजिश को मिट्टी में मिला दिया। सीमा सुरक्षा बल और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक साझा ऑपरेशन में सीमा पार से ड्रोन के जरिए गिराई गई 2 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 12 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

### आधी रात को चला सर्च ऑपरेशन

सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, सीमावर्ती इलाके में देर रात संदिग्ध ड्रोन की आवाज सुनाई दी थी। सूचना मिलते ही बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने बिना वक्त गंवाए इलाके की घेराबंदी कर दी। रात भर चले इस 'जॉइंट ऑपरेशन' के दौरान जवानों ने खेतों में एक लावारिस पैकेट बरामद किया। पैकेट की जांच करने पर उसमें से नशीले पदार्थ की बड़ी खेप निकली।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग

एजेंसी ▶▶ जम्मू

नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली उन्हें नहीं लगी। अधिकारियों के मुताबिक फारूक जम्मू में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी थे।

घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि 70 साल के हमलावर कमल सिंह जामवाल ने पीछे से आकर फारूक के सिर पर रिवॉल्वर तान दी। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हमलावर का हाथ हटाया जिससे फायर हवा में हो गया।



आरोपी को पकड़ लिया गया है और हमले के कारणों का पता लगाया जा रहा है। हमलावर कमल ने पुलिस को बताया- मैं पिछले 20 सालों से फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। यही मेरा मकसद था। पुलिस के मुताबिक, हमलावर पिछले कई सालों से लाइसेंसी हथियार इस्तेमाल कर रहा है। फारूक अब्दुल्ला, सुरिंदर चौधरी और दूसरे बड़े नेता नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ता सुरजीत सिंह के बेटे की शादी में शामिल हुए थे।

## मोहन सरकार 5800 करोड़ का फिर लेगी कर्जा

### एक साल में 19वीं बार उधारी, आखिर क्यों बढ़ रहा एमपी पर कर्ज का बोझ?

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मोहन यादव की मध्य प्रदेश सरकार ने एक बार फिर तीन किस्तों में 5800 करोड़ रुपये का कर्ज लेने का फैसला किया है। इससे पहले होली के दौरान भी सरकार ने 6300 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

मध्य प्रदेश सरकार मंगलवार को एक बार फिर तीन किस्तों में 5800 करोड़ रुपये का कर्ज लेने जा रही है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से लिया जाएगा। बता दें, इससे पहले होली के दौरान भी सरकार ने 6300 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। इस तरह से देखा जाए तो प्रदेश के ऊपर कुल देनदारी 5 लाख 6 हजार 640 करोड़ रुपये के करीब हो जाएगी। वित्त विभाग के



अधिकारियों के अनुसार, 10 मार्च यानी मंगलवार को तीन किस्तों में 1900 करोड़, 1700 और 2200 करोड़ रुपए का कर्ज लिया। इस कर्ज का उपयोग सरकार विकास परियोजना और आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए करेगी। खास बात यह है कि इस वित्तीय वर्ष में सरकार अबतक पहले ही 18 बार कर्ज ले चुकी है, वहीं नए कर्ज को मिलाकर यह 19वीं उधारी है।

- इन नए कर्जों के साथ चालू वित्तीय वर्ष में एमपी सरकार द्वारा लिया गया कुल कर्ज करीब 84,900 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। वहीं, प्रदेश पर कुल देनदारी बढ़कर लगभग 5 लाख 6 हजार 640 करोड़ रुपए हो जाएगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस उधारी के पीछे कई बड़े कारण हैं।
- पहला कारण है केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को दिया जा रहा 50 साल का ब्याज मुक्त कर्ज।
- इस कर्ज का इस्तेमाल पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।
- इसके अलावा, मध्य प्रदेश में चल रही कई योजनाएं, कृषि और उद्योगों में निवेश।
- सबसे अहम कारण है, पुराने कर्जों का मूलधन और ब्याज चुकाने के लिए सरकार को बड़ी राशि की जरूरत पड़ रही है।

दैनिक अवन्तिका
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




दो वितरित और तीसरा पंचांग कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर वितरित
हिन्दू नववर्ष नव संवतसर पर पंचांग-तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## 200 झुग्गियों की 6 रातें... अंधेरे, मच्छरों और सांप-बिच्छू के डर में कटीं

**उज्जैन।** आगर रोड पर आयुर्वेदिक अस्पताल के पीछे एमआर-5 क्षेत्र की करीब 200 झुग्गियों में पिछले छह दिनों से अंधेरा पसरा हुआ था। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बकाया बिल के नाम पर न सिर्फ बिजली काट दी, बल्कि पूरी केबल तक निकालकर ले गए। नतीजा यह रहा कि गर्मी के बीच मजदूर परिवारों के छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर हो गए।

बस्ती के लोग बताते हैं कि अंधेरे की वजह से रात में सांप-बिच्छू के झुग्गियों में घुसने का खतरा बना हुआ था। कई परिवार रातभर जागकर बच्चों की निगरानी करते रहे। रोज कमाने-खाने वाले मजदूरों के सामने सबसे बड़ा संकट यह था कि अधिकारियों ने 5 से 20 हजार रुपए तक एकमुश्त जमा करने का दबाव बना दिया। मंगलवार को यह मामला तब गरमाया जब शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बस्ती वासियों के साथ वल्लभ नगर जोन कार्यालय का घेराव कर दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय के नेतृत्व में करीब एक घंटे तक धरना और तीखी बहस चली। आखिरकार दबाव के बाद बिजली कंपनी के अधिकारी झुके और समझौते का रास्ता निकला।

## ट्रैंडिंग




## नरवाई प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम से दिया मार्गदर्शन

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं उपसंचालक कृषि के निदेशानुसार गुरुवार को रेडियो दस्तक के कार्यक्रम खेती-बाड़ी में नरवाई प्रबन्धन विषय पर कार्यक्रम प्रसारित कराया गया। 30 मिनट के इस प्रसारण में नरवाई क्या है, किसान इसे क्यों जलाता है, इससे क्या नुकसान होता है, इसका प्रबंधन कैसे किया जाएं एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नरवाई प्रबन्धन जागरूकता अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की गई' साथ ही किसानों से नरवाई ना जलाने की अपील की गई' रेडियो दस्तक का कार्यक्रम ₹खेती - बाड़ी₹ अत्यधिक लोकप्रिय एवं गांवों में बड़ी संख्या में सुना जाने वाला कार्यक्रम है'

## जिले में युवा आपदा मित्र योजना के 07 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**उज्जैन।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा एनडीएमए एवं एसडीएमए के सहयोग से देश के विभिन्न राज्यों में आपदा मित्र योजना को संचालित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत मध्यप्रदेश के 11 जिलों को चिन्हित किया गया है। इस योजना के तहत 800 आपदा मित्रों को चिन्हित कर 07-07 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के माध्यम से 04 सत्रों में प्रशिक्षित किया जायेगा। जिले में युवा आपदा मित्र योजना के प्रथम चरण में लगभगत 170 आपदा मित्रों चिन्हित कर विभिन्न आपदाओं के बारे में व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।उज्जैन जिले में योजना के प्रथम सत्र की शुरूआत विगत 10 मार्च से हो चुकी है। गुरुवार को नगरनिगम सभापति श्रीमती कलावती यादव के मुख्यआतिथ्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि का स्वागत डिवीजनल कमाण्डेन्ट होमगार्ड संभाग श्री रोहिताश्व पाठक एवं डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड श्री संतोष कुमार जाट ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आपदा मित्रों द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में अपने अनुभव मुख्यअतिथि से साझा किये। नगरनिगम सभापति श्रीमती कलावती यादव ने आपदा मित्रों को संबोधित करते हुये कहा कि 'युवा आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात भी अपने कार्यों को जारी रखना है, और कहा कि आगामी सिंहस्थ-2028 और अधिक भव्य होना है। जिस प्रकार रामसेतु बनाते समय एक गिलहरी ने भी अपना अमूल्य योगदान दिया था वैसे ही सिंहस्थ में सेवा देने वाले इन आपदा मित्रों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी'।

### धीमे काम पर संभागायुक्त की नाराजगी, मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण; इंजीनियर-ठेकेदारों से कहा-कार्यशैली बदलें, नहीं तो होगी कार्रवाई, तीन प्रमुख मार्गों पर 57 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट की समीक्षा

### सड़क चौड़ीकरण में सुस्ती पर संभागायुक्त आशीष सिंह सख्त, दिए निर्देश

# काम की रफ्तार बढ़ाओ वरना कार्रवाई तय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों की गति और गुणवत्ता पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ नगर निगम अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों की मौजूदगी में शहर के प्रमुख मार्गों पर चल रहे चौड़ीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या धीमी गति स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने इंजीनियरों और संबंधित ठेकेदारों को अपनी कार्यशैली में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए और कहा कि यदि प्रगति में ढिलाई पाई गई तो संबंधित इंजीनियर और ठेकेदार दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान टैगोर चौराहे से दो तालाब तक चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस मार्ग पर लगभग



9.68 करोड़ रुपये की लागत से 18 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जहां वर्तमान में ड्रेनेज निर्माण का कार्य प्रचलित है।

इसके अतिरिक्त गेल इंडिया से केटीएम शोरूम होते हुए शांति नगर नीलगंगा चौराहा तक लगभग 2.76 किलोमीटर लंबे मार्ग पर करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से 18 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। वहीं मंछामन से हरी फाटक ब्रिज तक नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (ठउअढ) के तहत 7.5 करोड़ रुपये की लागत से मार्ग विकास कार्य प्रगति पर है।

### संभाग आयुक्त ने क्षेत्र के नागरिकों से भी संवाद किया

निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने क्षेत्र के नागरिकों से भी संवाद किया और उन्हें आश्वस्त किया कि निर्माण कार्यों के दौरान होने वाली असुविधाओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण का उद्देश्य आगामी सिंहस्थ को देखते हुए शहर में यातायात और आवागमन को सुगम बनाना है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में गति लाने के लिए आवश्यक संसाधन बढ़ाए जाएं, अतिरिक्त श्रमिक लगाए जाएं तथा जहां आवश्यक हो वहां रात्रिकालीन शिफ्ट में भी काम जारी रखा जाए। साथ ही निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने के निर्देश भी दिए गए।

**जाम से राहत की कोशिश..**

# व्यस्त मार्गों से हटाए अतिक्रमण

### रेलवे स्टेशन, देवासगेट बस स्टैंड सहित कई स्थानों से हाथ ठेले-गुमटियां हटाई, यातायात सुचारू रखने के लिए कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को निगम की अतिक्रमण रिमूवल गैंग ने शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाया।

अभियान के दौरान इंदिरा नगर 5 नंबर नाका, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, देवासगेट बस स्टेशन, मित्र नगर सी-21 मॉल के सामने तथा रानोजी की छतरी क्षेत्र में सड़क और फुटपाथ पर लगे हाथ ठेले, फल-फ्रूट के ठेले और अस्थायी गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार इन स्थानों पर अवैध अतिक्रमण के कारण आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी और यातायात प्रभावित हो रहा










था। कार्रवाई के दौरान टीम ने सड़क और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाकर मार्ग को खाली कराया, ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रह सके।

नगर निगम प्रशासन का कहना है कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह अभियान जारी रहेगा और सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## ड्यूटी से गायब 4 डॉक्टरों का कलेक्टर ने काटा वेतन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले के सबसे बड़े चरक अस्पताल में गुरुवार दोपहर अचानक कलेक्टर रोशन कुमार सिंह निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल में कई अनियमितताएं मिलने पर अधिकारियों और जिम्मेदारों को फटकार लगाई। वहीं ड्यूटी रजिस्टर में साइन नहीं करने पर चार डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। सुरक्षा में चूक मिलने पर सिक्योरिटी एजेंसी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

चरक अस्पताल भवन में अव्यवस्थाओं की लगातार शिकायतें मिलने पर कलेक्टर सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वे करीब एक घंटे तक अस्पताल में रहे। यहां उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर चेक किया, जिसमें ओपीडी, इमरजेंसी और वार्डों के डॉक्टरों के लिए अलग-अलग रजिस्टर होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि रोस्टर को सही कर ड्यूटी चार्ट को बेहतर बनाया जाए। रजिस्टर में साइन नहीं करने पर चार डॉक्टरों के एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही मरीजों को देखने के लिए टोकन सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए। ड्यूटी में लापरवाही पाए जाने पर सिक्योरिटी गार्ड की एजेंसी पर 50 हजार रुपए की पेनल्टी भी लगाई गई।कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि सुशासन के निर्देशों के तहत आज औचक निरीक्षण किया गया। अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई है। लिफ्ट का काम एक माह में पूरा हो जाएगा और दो नई लिफ्ट भी जल्द ही लगाई जाएंगी। टोकन सिस्टम लागू होने से गर्भवती महिलाओं और ऑर्थोपेडिक मरीजों को ज्यादा देर तक खड़ा नहीं रहना पड़ेगा। चार डॉक्टरों के समय पर ओपीडी में नहीं मिलने पर एक दिन का वेतन काटने और नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं।

# पाँचवी पीढी को गोद मे खिला रही जशोदाबाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मनुष्य जीवन में बुर्जगो का काफी महत्व होता है उनके स्नेह और मार्गदर्शन की अपेक्षा हर परिवार करता है लेकिन अधिकतर देखने में आता है कि तीसरी पीढी तक के स्नेह पश्चात बहुत विरले परिवार मे अगली पीढी को उनका दुलार मिलता है ग्राम हरसोदन निवासी जशोदा बाई पति स्व. अमरसिंह( बडा) जिनकी आधार कार्ड में दर्ज उम्र के मान से उनका जन्म 1917 दर्ज है। 109 वर्षीय जशोदाबाई पाँचवी पीढी के बच्चो को दुलार दे रही है। उनके छह पुत्र राम गोपाल, रामेश्वर, राधेश्याम (पूर्व सरपंच), लक्ष्मीनारायण, बद्रीलाल, सूरजसिंह का भरा-पूरा परिवार है।

इस बात का यहाँ उल्लेख करना आवश्यक है कि इस उम्र में भी वे अपने दैनिक कार्य वगैर किसी सहारे के कर लेती है।

## कलेक्टर ने सिंहस्थ निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत किए जा रहे आधारभूत संरचना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों को समयसीमा में गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सर्वप्रथम श्री सिद्धनाथ(सिद्धवट) से श्री अंगारेश्वर महादेव से भैरवगढ़ चौराहा तक लोक निर्माण विभाग सिंहस्थ अनुभाग द्वारा बनाए जा रहे मार्ग का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उक्त 5.7 किमी लंबाई का मार्ग 64.90 करोड की लागत से बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने मार्ग की सेंट्रल लाइन का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी ने जानकारी दी कि रिटेनिंग वॉल निर्माण और ड्रेनेज बनाने के लिए खुदाई का कार्य शुरू किया गया है। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने भैरवगढ़ सेतु निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति देखी।

# फव्वारा चौक क्षेत्र की दुकान से 1 क्विंटल से ज्यादा प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद

### नहीं थम रहा अवैध उपयोग, स्वास्थ्य विभाग ने दुकान से पकड़ी पॉलिथीन की बड़ी खेप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग और व्यापार को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। व्यापक जनजागरूकता और समझाइश के बावजूद कुछ व्यापारी नियमों की अनदेखी कर प्रतिबंधित पॉलिथीन का क्रय-विक्रय कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने फव्वारा चौक क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक दुकान से 1 क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की।

जानकारी के अनुसार फव्वारा चौक स्थित दुकान पर जांच के दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन पाई गई। टीम ने मौके पर ही पॉलिथीन को जब्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की। निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग और भंडारण पर न केवल



जब्ती बल्कि भारी जुमार्ने की कार्रवाई भी की जा रही है। यह कार्रवाई नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त संजेश गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षक अनिल घावरी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई। निगम प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करें ।

# चिंतामन गणेश मंदिर मे अव्यवस्था, भीड़ नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

(राहुल शुक्ल)

चैत्र मास के बुधवार को प्रसिद्ध चिंतामन मंदिर मे दर्शन का बहुत महत्व है। धार्मिक मान्यतानुसार चैत्र मास के बुधवार को भगवान गणेश की पूजन व दर्शन से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। इसी अभिलाषा से सैकडों श्रद्धालु चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचते हैं। बुधवार को श्रद्धालुओं की तादाद अधिक होने से यहां विशेष इंतजाम होना प्रासंगिक हैं किन्तु कल मंदिर मे लापरवाही व अनियमितता नजर आई। भीड अधिक होने पर भी न तो व्यवस्थित कतार लगवाने वाला कोई जिम्मेदार दिखाई दिया और न ही निर्गम द्वार पर तैनात पुलिसकर्मी निर्गम द्वार से प्रवेश रोक पा रहा था। मात्र कुछ पुलिस जवान व्यवस्थाओं को कायम रखने पर नाकाम साबित हो रहे थे।

### रसूखदार व पैसेवालों के लिए निर्गम द्वार से प्रवेश

मंदिर के प्रांगण मे जहां आम दर्शनार्थी देर तक लाइन मे लगकर दर्शन की बाट जोह रहे थे वहीं पैसेवाले व रसूखदार लोग निर्गम द्वार से बेरोकटोक सीधे मूर्ति के सामने पहुंच रहे थे। इस दौरान कुछ पंडित भी अपने यजमानो को वी आई पी बनाकर निर्गम द्वार से ले जाते नजर आए। इस दृश्य को देख श्रद्धालुओ की भावनाएं आहत हुई जो देर तक कतार मे लगे थे।







### लापरवाही बजा रही खतरे की घंटी

अनुशासन की कमी के चलते मंदिर के बाहर चार कतार श्रद्धालुओ ने स्वयं बना ली और मंदिर के संकरे मंडप मे ढेर सारे लोग एकसाथ एकत्र होते रहे। इसी दौरान धक्का मुक्की भी होती रही। ऐसे मे वृद्ध व महिलाओं को संतुलन बनाए रखने मे काफी दिक्कत होती रही। तापमान अधिक होने से संकरे मार्ग पर घुटन का खतरा भी बना रहा। देखने मे ये आता रहा है कि प्रशासन की नींद तब खुलती है जब कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती है। हादसे के बाद प्रशासन सतर्क होता है किन्तु समय रहते व्यवस्थाओ मे सुधार नहीं किया जाता। चिंतामन मंदिर शहर से दूर भी है ऐसे मे यदि भगदड मच जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

### संकरे स्थान पर घुटन

मंदिर के सभा मंडम मे एकसाथ कई श्रद्धालुओ के जमघट से कुछ लोगों को घुटन का अनुभव हुआ। सभा मंडप मे व्यवस्था बनाने के लिए कोई भी पुलिस कर्मी या स्वयंसेवी नजर नहीं आया। निर्गम द्वार पर जरूर एक जवान तैनात था जिसका रवैया लचर था।

### बेतरतीब वाहनो का जमावड़ा

मंदिर के बाहर भी वाहन बेतरतीब खडे थे जिससे मंदिर के प्रवेश द्वार तक पहुंचना ही एक बडी जंग जीतने जैसा था। मंदिर के बाहर यातायात अवरूद्ध होता रहा क्योंकि बाहर कोई ट्रेफिक पुलिस जवान नजर नहीं आ रहा अभी इतनी अव्यवस्था है तो आनेवाले सिंहस्थ महापर्व पर स्थिति कैसे नियंत्रित हो पाएगी ये एक यक्ष प्रश्न है।

### कागज पर समिति व व्यवस्थापक

चिंतामन मंदिर की व्यवस्था हेतु बकायदा एक समिति है जिसमे एक प्रशासनिक अधिकारी व सत्ता दल के मनोनीत सदस्य भी हैं किन्तु ये सिर्फ कागज तक ही सीमित है ,ठोस धरातल पर वही अव्यवस्था का आलम नजर आता है।

### सुधार किए जाएंगे

चिंतामन गणेश मंदिर मे चैत्र की जत्रा के चलते भीड बढ गई है। आप जानकारी दे रहे हैं शीघ्र ही व्यवस्था मे कसावट की जाएगी।

-अभिषेक शर्मा , प्रशासक
चिंतामन गणेश मंदिर ।

शहर में गैस सिलेंडर की जमाखोरी और घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग की शिकायतों पर

# उज्जैन में प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग का छापा, 35 सिलेंडर जब्त

## दो टीमों ने की कार्रवाई, प्रशासन हुआ सख्त, घरेलू सिलेंडर का उपयोग न करने की हिदायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायतों के बीच उज्जैन कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने शहर के कई रेस्टोरेंट और भोजनालयों पर गुरुवार को छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 35 से अधिक घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

पिछले दो दिनों से शहर में गैस सिलेंडर की जमाखोरी और घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद खाद्य आपूर्ति विभाग ने आठ अधिकारियों की दो टीमें बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी की।



पहली टीम में सहायक खाद्य नियंत्रक संतोष सिमोलिया, फूड इंस्पेक्टर अंकिता जोशी, नागेश दाहिमा और भूषण गुज्जर शामिल थे। टीम ने आरटीओ कार्यालय के पास रंगीला कैफे से एक घरेलू सिलेंडर, फ्रीगंज में रेलिस फ्रायड अंडे वाले से 9, महाकाल भोजनालय से 1, जैन कचोरी फ्रीगंज से 2, नवरतन फ्यूजन से 2, ऋषि नगर के एक रेस्टोरेंट से 1 और फ्रीगंज के फाफड़ा विक्रेता से 8 सिलेंडर जब्त किए।

दूसरी टीम में सहायक खाद्य नियंत्रक चंद्रशेखर बारोड़, फूड इंस्पेक्टर समद खान और रश्मि खामबेटे शामिल थे। इस टीम ने हरी फाटक क्षेत्र में स्थित अन्नपूर्णा श्याम पवित्र भोजनालय सहित अन्य प्रतिष्ठानों से कुल 7 सिलेंडर जब्त किए।

खाद्य विभाग की टीम ने संबंधित संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए समझाइश दी कि वे व्यावसायिक कार्यों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग न करें। इसके स्थान पर इलेक्ट्रिक इंडक्शन, पीएनजी या डीजल भट्टी का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

### पीएनजी या डीजल भट्टी का भी उपयोग कर सकते

दो दिन से शहर में गैस सलेंडर को लेकर जामखोरी की मिल रही शिकायतों को लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग के 8 अधिकारियों की टीम ने दो अलग अलग टीम बनाकर छापा मारकर कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसमें संतोष सिमोलिया एसटीटेंट फूड कंट्रोलर,अंकिता जोशी फूड इंस्पेक्टर,नागेश दाहिमा और भूषण गुज्जर की टीम ने आरटीओ कार्यालय के रंगीला कैफे से एक घरेलू टंकी,रेलिस फ्रायड अंडे वाले फ्रीगंज से 9,महाकाल भोजनालय से 1,जैन कचोरी फ्रीगंज से 2, नवरतन फ्यूजन से 2,ऋषि नगर रेस्टोरेंट से 1, फ्रीगंज में फाफड़े वाले से 8 सिलेंडर जब्त किये है। इसी तरह दूसरी टीम में शामिल चन्द्र शेखर बारोड़ एसिस्टेंट फूड कंट्रोलर, समद खान फूड इंस्पेकटर,रश्मि खामबेटे की टीम ने हरी फाटक क्षेत्र के रेस्टोरेंट अन्नपूर्णा श्याम पवित्र भोजनालय सहित एक अन्य से कुल 7 सिलेंडर जब्त किये है। टीम ने बताया कि सभी को हिदायत देकर समझाईश दी है कि घरेलु गैस सिलेंडर का उपयोग ना करे। वे इलेक्ट्रिक इंडेक्शन पीएनजी या डीजल भट्टी का भी उपयोग कर सकते है।



### ईरान अमेरिका युद्ध का असर

ईरान अमेरिका युद्ध से देश भर में गैस सिलेंडर को लेकर मचे हाहाकार के बीच उज्जैन में काला बाजारी पर लगाम लगाने के लिए उज्जैन कलेक्टर के आदेश पर खाद्य विभाग की टीम ने शहर के कई रेस्टोरेंट पर छापा मार कर 35 से अधिक गैस सिलेंडर जब्त किए।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर जिले के 74 हजार से अधिक किसान होंगे लाभान्वित

**इंदौर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का वितरण 13 मार्च शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जायेगा। सम्मान निधि योजना से इंदौर जिले के 680 ग्रामों के 74 हजार 140 हितग्राही किसान लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर इंदौर में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक-110 में होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत देशभर के किसानों को 22वीं किश्त का वर्चुअली कार्यक्रम के माध्यम से वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण असम के गुवाहाटी से होगा। इंदौर में कार्यक्रम का वेब कास्ट पर सजीव प्रसारण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के पात्र हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है।

### संकल्प से समाधान अभियान का इंदौर जिले में प्रभावी क्रियान्वयन

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान आगामी 31 मार्च तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों की 65 सेवाओं और 41 योजनाओं के तहत आवेदकों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में अब तक आयोजित शिविरों में एक लाख 32 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से एक लाख 29 हजार 313 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों की निराकरण की प्रक्रिया भी जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश सरकार सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में गत 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस से प्रारंभ यह अभियान ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर चार चरणों में संचालित होगा। अभियान की संपूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत चयनित योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायतों को प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

नलखेड़ा में सपत्नीक विशेष हवन अनुष्ठान कर मांगी सुख-समृद्धि

# यूपी के उपमुख्यमंत्री मौर्य ने किए बाबा के दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चैत्र कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि पर गुरुवार सुबह भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्त देर रात से ही कतार में लगकर अपने इष्ट देव बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। बाबा महाकाल भी भक्तों को दर्शन देने के लिए सुबह 4 बजे जागे। उनका भांग से अलौकिक श्रृंगार कर भस्म अर्पित की गई। भक्तों ने इन दिव्य दर्शनों का लाभ लिया, जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में चैत्र कृष्ण पक्ष की नवमी पर गुरुवार सुबह 4 बजे भस्म आरती संपन्न हुई। इस दौरान वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर मंदिर के पट खुलते ही पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी देव प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से किया गया।



पूजन के दौरान प्रथम घंटा बजाकर हरि-ओम का जल अर्पित किया गया। पुजारियों और पुरोहितों ने बाबा महाकाल का भव्य स्वरूप में श्रृंगार किया और कपूर आरती के बाद उन्हें नवीन मुकुट धारण कराया। इसके बाद महानिवार्णी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल के शिवलिंग पर भस्म अर्पित की गई और झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़े तथा शंखनाद के साथ भस्म आरती संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ माता बगलामुखी के दर्शन किए और विशेष हवन अनुष्ठान में भाग लिया।

### उपमुख्यमंत्री मौर्य हुए महाकाल की आरती में शामिल

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की आरती में दर्शन लाभ लिए। आपने पत्नी के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने के साथ ही नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल का ध्यान भी लगाया। महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़ीया ने बताया कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अपनी धर्मपत्नी के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने आए थे, जिन्होंने नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की आरती देखी। इस आरती के दौरान केशव प्रसाद मौर्य कभी तालियां बजाते तो कभी ध्यान लगाते हुए देखे गए। आपने आरती के बाद बाबा महाकाल का आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर ने केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत एवं सत्कार किया।

# इस बार गेहूं बेचने के लिए रिकॉर्ड 1.25 लाख पंजीयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सरकार को समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए उज्जैन जिले में इस बार रिकॉर्ड 1.25 लाख किसानों ने पंजीयन करवा लिया। किसानों के पंजीकृत 3 लाख हेक्टेयर रकबे के हिसाब से इस बार खरीदी का रिकॉर्ड भी संभवतः टूटेगा ही।

यह पहला मौका है जब समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों ने इतना उत्साह दिखाया है। इससे पहले पंजीयन का यह आंकड़ा 70 हजार से लेकर 97 हजार तक ही रहता आया है। पहले से 197 खरीदी केंद्र बनाने वाले अधिकारियों ने अब खरीदी संसाधन बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है, क्योंकि पिछले साल की तुलना 97 हजार पंजीकृत किसानों की तुलना इस साल 28 हजार किसान बढ़ गए हैं। जिन्होंने 3 लाख हेक्टेयर रकबा दर्ज करा दिया है। रकबे के हिसाब से खरीदी का आंकड़ा 80 से 90 लाख क्विंटल तक पहुंचने का अनुमान है। आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा ने बताया कि पंजीयन का आंकड़ा पिछले रिकॉर्ड के मुताबिक अब तक का सबसे ज्यादा है। केंद्र व भंडारण के इंतजाम बढ़ा रहे हैं। जिन किसानों ने 2025 में भावांतर योजना के लिए पंजीयन नहीं कराया उन्हें 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल नुकसान हुआ। उन्हें भावांतर की राशि नहीं मिली। इसलिए किसानों ने सरकार द्वारा फिक्स दाम 2625 रु. का लाभ पक्का करने पंजीयन करा लिया।

# शासकीय छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, इस वर्ष पूरी तरह होगी ऑनलाइन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका एवं बालक छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। श्री सिंह ने बताया कि ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण और प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए विकसित किया गया है।

# इंदौर नगर निगम की आर्थिक सेहत सुधारने की तैयारी

### जमीनों की ऑनलाइन बिक्री और पार्किंग कॉम्प्लेक्स होंगे ठेके पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आर्थिक संसाधनों को मजबूत करने के लिए नगर निगम अब अपनी संपत्तियों के मोनेटाइजेशन की तैयारी में जुट गया है। पहली बार निगम लगभग 65 हजार स्क्वेयर फीट जमीन की ऑनलाइन नीलामी करने जा रहा है। इस प्रक्रिया से निगम ने करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक की आय का लक्ष्य तय किया है।



बताया जा रहा है कि बिक्री के लिए प्रस्तावित जमीनें सिरपुर, खजराना, जूनी इंदौर और पिपलियाहाना क्षेत्रों में स्थित हैं। इन संपत्तियों की ऑनलाइन नीलामी का प्रस्ताव महापौर परिषद की आगामी बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। मंजूरी मिलते ही निगम इन जमीनों की ई-नीलामी की प्रक्रिया शुरू करेगा।

इसी बैठक में शहर के मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स को ठेके पर देने का प्रस्ताव भी रखा जा रहा है। फिलहाल तीन पार्किंग कॉम्प्लेक्स के टेंडर स्वीकृति के लिए पेश किए जाएंगे, जबकि शहर के अन्य करीब आधा दर्जन पार्किंग कॉम्प्लेक्स के लिए भी जल्द टेंडर जारी किए जाने की तैयारी है। इससे पहले भी निगम इन कॉम्प्लेक्स को निजी एजेंसियों को सौंपने की कोशिश कर चुका है, लेकिन उस समय प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी।

इसके साथ ही नगर निगम सार्वजनिक शौचालयों के उपयोग शुल्क में बढ़ोतरी करने पर भी विचार कर रहा है। इन शौचालयों के संचालन और रखरखाव के लिए भी निजी एजेंसियों को ठेका देने की योजना बनाई जा रही है, ताकि सुविधाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि संपत्तियों के मोनेटाइजेशन और सेवाओं के बेहतर प्रबंधन से निगम की आय में बढ़ोतरी होगी और शहर के विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे।

# गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण पर प्रशासन सख्त

## खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 66 सिलेंडर, बुलेट मोटर साइकिल व उपकरण जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, दुरुपयोग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध गैस गोदाम का भंडाफोड़ किया।



जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू के मार्गदर्शन में गठित दल द्वारा सुबह करीब 6 बजे से निरीक्षण एवं छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान न्यू लोहा मंडी क्षेत्र में हरिओम गुप्ता के अवैध गैस गोदाम पर छापा मारा गया। छापे में 24 व्यावसायिक गैस सिलेंडर और 42 घरेलू गैस सिलेंडर सहित कुल 66 सिलेंडर बरामद किए गए। इसके अलावा गैस रिफिलिंग में प्रयुक्त तीन इलेक्ट्रिक मोटर तथा दो तौल कांटे भी मौके से जब्त किए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि बड़े पैमाने पर गैस सिलेंडरों को लाने-ले जाने और रिफिलिंग के कार्य में बुलेट मोटरसाइकिल का उपयोग किया जा रहा था। टीम ने उक्त बुलेट गाड़ी को भी जब्त कर लिया। छापे के समय आरोपी मौके से फरार हो गया। दल द्वारा गोदाम में रखे समस्त सिलेंडर और उपकरण जब्त करते हुए अवैध भंडारण स्थल को सील कर दिया गया है।



### कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर

जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम में सहायक आपूर्ति अधिकारी कल्पना परामानिक (मोबाइल नम्बर 9399142251), कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सवेसिंह गामड़ (8120041922) सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर अंकित नागर (9200249020), रोहित बर्मन (8085799812), श्री महेश जगताप (6260271176) और अब्दुल समद (9926062731) को तैनात किया गया है। आम उपभोक्ता अपनी शिकायत या सुझाव कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 पर दर्ज करा सकते हैं या फिर कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 221 में कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर भी जानकारी दे सकते हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी और उनकी टीम प्राप्त शिकायतों को पंजी में दर्ज कर उनके त्वरित निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

### गैस सिलेंडरों से जुड़ी समस्या और शिकायतों का होगा समाधान

इंदौर जिले में एलपीजी सिलेंडरों की सुचारू उपलब्धता और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है। आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर से जुड़ी किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव के लिए कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकेंगे। कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार जिले में घरेलू सिलेंडरों की सहज उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 जारी किया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि इंदौर जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी से बचाने तथा घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

# निगम की जमीन मत बेंचों, सरकार से इंदौर का पैसा मांगो

### राज्य सरकार पर बाकी है निगम के 400 करोड रुपए - चौकसे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि इंदौर नगर निगम को अपनी जमीन बेचने की कोशिश नहीं करना चाहिए।

निगम को तो चाहिए कि वह राज्य सरकार से अपना बाकी पैसा मांगे। चौकसे ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में नगर निगम के द्वारा चार स्थानों की नगर निगम की जमीन को बेचने का फैसला लिया जा रहा है।

यह फैसला अत्यंत निराशाजनक है। हम शुरू से कह रहे हैं कि महापौर की नाकामी इंदौर नगर निगम और इंदौर शहर पर भारी पड़ रही है। इस समय इंदौर नगर निगम के राज्य सरकार पर 400 करोड रुपए से ज्यादा बाकी है। इसमें चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि के साथ ही प्रवेश कर के पैसे भी बाकी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव को चाहिए कि वह इंदौर नगर निगम की जमीन बेचने के बजाय प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास जाकर कहें की इंदौर को उसके अधिकार का पैसा दिया जाएं। चौकसे ने कहा कि यदि इंदौर को उसके अधिकार का पैसा मिल जाता है तो नगर निगम की स्थिति सुधर जाएगी। निगम को कोई जमीन बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि महापौर के नेतृत्व में इंदौर नगर निगम की हालत इतनी खराब हो गई है कि विकास कार्य के लिए जारी होने वाले टेंडर भी कोई ठेकेदार लेने को तैयार नहीं होते हैं। ठेकेदारों के द्वारा दो-तीन साल पहले जो काम किया गया उसका पैसा भी उनको अभी तक नहीं मिल पाया है। आने वाले समय में भी यह पैसा उन्हें कब मिलेगा यह कोई नहीं जानता है। ऐसा लगता है की महापौर भार्गव अपने कार्यकाल में निगम को पूरी तरह बर्बाद करके ही जाएंगे।

न्यूज-कॉलम



## हिन्दी शुद्धि समूह की वर्षगाँठ पर हुए विविध कार्यक्रम

**खंडवा।** भाषा शुद्धि हेतु प्रयासरत हिन्दी शुद्धि समूह ने दो वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया। समूह की संचालिका सरोज जैन द्वारा समूह की उपलब्धि एवं महिला दिवस की सार्थकता बताते हुए कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। रानी बोथरा व सोनल बोथरा द्वारा सुरीला तथा सोनाली मेहता व वैशाली मेहता द्वारा रंगीला स्वागत किया गया। सोहनी सुदीप और अंजलि बनवट ने होली गीत- गायन संपन्न करवाया। सीमा शाह व प्रियंका पंचोलिया द्वारा नारी की महानता विषय पर आधारित स्लोगन संग्रहित कर वाचन करवाया गया। सरोज जैन द्वारा विगत दो वर्षों में सीखे गए ज्ञान पर आधारित शुद्ध लेखन करवाया गया जिसमें नेहा चौरड़िया व अंजलि छाबड़ा सहयोगी रहीं। निर्मला बोथरा व सुनीता पाटनी ने इनरव्हील क्लब की चेयरमैन आरती छाबड़ा का स्वागत किया जिन्होंने शहर में हिन्दी शुद्धि हेतु गठित अनूठे समूह के कार्यों की सराहना करते हुए सरोज जैन को बधाई दी। इस अवसर पर नेत्रहीन बच्चों की परीक्षा में सहयोग के उद्देश्य से राइटर्स बैंक का गठन किया गया जिसकी संयोजक दर्शना जैन ने इसकी जानकारी दी। अदिति मेहता ,कीर्ति मेहता व प्रतिभा जैन ने हिन्दी आधारित गेम खिलवाये।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत छनेरा में शिविर संपन्न

**खण्डवा ।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर परिषद छनेरा में बुधवार को शिविर आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत गत माह वार्ड वार दल गठित कर घर-घर जाकर आवेदन लिए गए थे, जिसमें कुल 1313 आवेदन प्राप्त हुए थे । इनमें से 1294 आवेदन स्वीकृत किए गए व 19 नागरिकों के आवेदन अपात्रता के कारण अस्वीकृत किए गए । शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष श्री मुकेश वर्मा, क्लस्टर प्रभारी नायब तहसीलदार श्री सुरेश बामनिया, बीएमओ डॉ. आशीष मिश्रा, डॉ रविन्द्र जायसवाल, नगर परिषद से अरविंद गुप्ता, व अन्य अधिकारियों ने अपने अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी उपस्थित नागरिकों को दी और पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए ।

## संकल्प से समाधान अभियान 14 से 16 मार्च तक लगेंगे शिविर

**खण्डवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि इस अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में 12 मार्च को और पुनासा में 13 मार्च को शिविर आयोजित किए जाएंगे। खण्डवा नगर निगम क्षेत्र के अलग अलग वार्डों में 14 से 16 मार्च के बीच ये शिविर आयोजित होंगे।

## छात्रावासों में निवासरत किशोरियों को लगाए जाएंगे एचपीवी के टीके

**खण्डवा।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान इन दिनों जारी है। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को अपने निकटतम टीकाकरण केन्द्र पर ले जाकर एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 मार्च को अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास पुनासा, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास रोशनी, नेताजी सुभाषचंद बोस बालिका छात्रावास हरसूद में एचपीवी टीके लगाए जाएंगे। जबकि 13 मार्च को पुनासा ब्लॉक के अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास नवीन पुनासा, हरसूद विकासखण्ड के महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास एसटी और रमसा बालिका छात्रावास में, 14 मार्च को खण्डवा ब्लॉक के बोरगांवखुर्द कन्या छात्रावास में, 15 मार्च को बालिका छात्रावास मॉडल स्कूल हरसूद में एचपीवी के टीके लगाए जाएंगे।

## जिला चिकित्सालय में लगाए जा रहे हैं एच.पी.वी. टीके

**खण्डवा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में एच.पी.वी. अर्थात ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव के लिए टीके लगाए जा रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को यह टीके लगाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी पालकों से अपील की है कि अपनी बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय के ए ब्लॉक के प्रथम तल पर आकर टीका अवश्य लगवाएं। यह टीका भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे को 90 प्रतिशत तक कम कर देता है।

## मोतियाबिंद के 27 मरीजों को नि:शुल्क सर्जरी के लिए इंदौर भेजा

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि शिविर में 47 मरीजों की आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद सर्जरी के लिये चिन्हित 27 को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेज दिया गया है। इन मरीजों को वहां आने जाने, रहने-खाने व अन्य जरूरी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। डॉ. जुगतावत ने बताया कि जिला चिकित्सालय खण्डवा में मोतियाबिंद के मरीजों को प्रतिदिन लैंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है।

# पीएससी पर सभी डॉक्टर ड्यूटी पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, अनुपस्थित पर होगी सीधे निलंबन की कार्यवाही : कलेक्टर श्रीमती गर्ग

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर




कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएससी) पर ओपीडी में पदस्थ सीएचओ, मेडिकल ऑफिसर एवं डॉक्टर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बिना किसी लिखित सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सीधे निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएससी पर डॉक्टर नियमित रूप से बैठें, मरीजों की जांच कर उचित उपचार प्रदान करें तथा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अनुपस्थित की सूचना किसी भी माध्यम से प्राप्त होने पर होगी कार्यवाही। उन्होंने निर्देश दिए कि सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलने वाली ओपीडी व्यवस्था की लाइव मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

बैठक में एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है। आमजन किसी भी प्रकार की गलत एवं भ्रामक बातों पर ध्यान न दें। स्वास्थ्य विभाग इस संबंध में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाए। प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर टीकाकरण कार्य को गति दी जाए। जिला शिक्षा अधिकारी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित करें कि स्कूल इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें। 17 मार्च तक सभी स्कूलों में आठवी एवं नवी क्लास के बच्चों की पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग आयोजित की जाए। जिसमें एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में पेरेंट्स को जागरूक किया जाए। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करें और बच्चों के साथ टीकाकरण केंद्र आने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए जिला स्तरीय टीम भी गठित की जाए जो घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें।

कलेक्टर ने गर्भवती माताओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सेक्टर एवं गांव स्तर पर शिविर लगाकर एएनसी रजिस्ट्रेशन तथा गर्भवती माताओं की समग्र आईडी बनवाई जाए। जिन क्षेत्रों में एएनसी रजिस्ट्रेशन में गैप है उसे जल्द पूर्ण किया जाए। इसके लिए लाइन लिस्टिंग तैयार कर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्वास्थ्य केंद्रों में 4 एएनसी चेकअप की प्रगति 50 प्रतिशत से कम है वहां विशेष शिविर लगाए जाएं और शत-प्रतिशत चेकअप सुनिश्चित किए जाएं। मॉडरेट एनीमिया के मामलों में सीएचओ बेहतर कार्य करें तथा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) वाली महिलाओं को चिन्हित कर उनका समुचित उपचार किया जाए। एएनसी जांच में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर अथवा नर्स के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने गंभीर एनीमिया के मामलों में तत्काल उपचार योजना बनाकर बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए तथा सभी मामलों में निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने समग्र आईडी की ई-केवाईसी एवं डीबीटी संबंधित कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। एएनसी के लिए विशेष कैंप लगाकर सप्ताहभर अभियान चलाने तथा समग्र आईडी अपडेट करने के निर्देश दिए गए। बैठक में चिन्हांकन एवं डिलीवरी अपडेट की भी समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि सभी डिलीवरी प्रकरणों को तत्काल पोर्टल पर अपडेट किया जाए। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने के निर्देश दिए और कहा कि बच्चों को पूर्ण उपचार के पश्चात ही पोषण पुनर्वास केंद्र से छुट्टी दी जाए। बैठक में दस्तक अभियान एवं टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि एनसीडी कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाली सीएचओ को सम्मानित किया जाए। साथ ही आगामी बैठक में सर्वाइकल कैंसर की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की जाएगी। एंबुलेंस के खराब होने या बंद होने की स्थिति में दूसरी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराने पर पेनल्टी की कार्यवाही करें। एंबुलेंस के संबंध में जीपीएस डाटा भोपाल से मंगवाये। पीएम राहत योजना अंतर्गत जिन निजी अस्पतालों ने पंजीयन नहीं करवाया है, उन सभी अस्पताल को नोटिस जारी करें। ब्लॉक स्तर पर रोगी कल्याण समिति की बैठक लगातार आयोजित करवाए।

# भाजपा किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने देखी शतक फिल्म, राष्ट्रवादी नारों से गूंजा सिनेमा घर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद/बड़वाह




भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के नेतृत्व में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रारंभिक यात्रा और उसके राष्ट्र निर्माण में योगदान पर आधारित फिल्म शतक का सामूहिक रूप से अवलोकन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष बात यह रही कि ग्रामीण क्षेत्र और किसान परिवेश से जुड़े कार्यकर्ता भी भारी संख्या में पहुंचे और फिल्म के माध्यम से संघ के इतिहास, विचार और राष्ट्रसेवा की भावना को समझने का प्रयास किया। फिल्म के प्रदर्शन के दौरान सिनेमा घर राष्ट्रवादी नारों से गुंजायमान रहा और कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि समाज के हर वर्ग को इस सिनेमा को देखना चाहिए। विशेष रूप से युवाओं को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए ताकि वे राष्ट्रसेवा, संगठन और संस्कारों से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रेरणादायक फिल्मों से नई पीढ़ी को देश और समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।फिल्म के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रारंभिक यात्रा, समाज जीवन में उसकी भूमिका और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को दशार्या गया, जिससे उपस्थित कार्यकताओं को संगठन के मूल्यों और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा मिली।

मीडिया प्रभारी विशाल पाठक ने सभी कार्यकर्ता राष्ट्रवाद के भाव में डूबे नजर आए। कार्यकताओं ने संघ की प्रार्थना भी की। प्रार्थना के पश्चात पूरे सिनेमा घर में च्भारत माता की जयज्ज के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनोज लदवे, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल, प्रदेश मंत्री श्री सुमेर सिंह सोलंकी सहित किसान मोर्चा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन कार्यकताओं में राष्ट्रभक्ति, संगठन के प्रति समर्पण और समाजसेवा की भावना को और अधिक मजबूत करने का कार्य करते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जहां श्री मान न्यायाधीश योगेश चालीसा ने कहा कि आप सब सम्माननीय है आप से देश हे देश की उन्नति मे आपका महत्वपूर्ण योगदान है आपको प्रणाम हे श्री मान न्यायाधीश महोदय ने कानूनी जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं से संबंधित अनेक कानून हे जैसे घरेलू हिंसा से संबंधित दहेज प्रथा से संबंधित शोषण संबंधित कानून हे जैसे भरण पोषण के लिए 125 खाने खर्चे कानून है पति द्वारा दहेज मांगने पर दहेज प्रथा अधिनियम हे कार्यस्थल पर शोषण संबंधित कानून हे आपके कानूनी अधिकार हे जैसे समानता और भेदभाव से मुक्तिपैतृक संपत्ति में बराबर हक

घरेलू हिंसा से सुरक्षा कानून हे समानता शिक्षा और संपत्ति के मौलिक अधिकार प्राप्त हे तो आप सब कानून एवं अधिकारों के प्रति सजग रहे एवं दूसरों को भी प्रेरित करे हमारा टोल फ्री नंबर है 15100 इस पर निशुल्क कानूनी जानकारी ले सकते है आप सब शिविर में प्रभारी सीडीपीओ रेखा पटेल, प्रगति गंगराड़े सदस्य रविन्द्र अम्बिया, संतोष खन्ना मौजूद थे।

# मांगलियागांव रेलवे रोड ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा संरक्षा, सुरक्षा, यात्री सुविधा एवं अधोसंरचनात्मक विकास के क्षेत्र में निरंतर तीव्र गति से कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रतलाम मंडल के मांगलियागांव स्टेशन यार्ड के समीप समपार संख्या 45 के स्थान पर रोड ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

समपार संख्या 45 के स्थान पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण कार्य रतलाम मंडल की गतिशक्ति यूनिट द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत फाउंडेशन का कार्य पूर्व में प्रारंभ किया जा चुका है। इस रोड ओवरब्रिज के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों, कॉलोनियों तथा औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को दीर्घकालीन रूप से सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मौसम प्रतिकूल होने एवं स्थानीय यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए कुछ अवधि के लिए कार्य प्रभावित हुआ था। वर्तमान में मौसम की स्थिति अनुकूल होने के पश्चात निर्माण कार्य पुनः आरंभ कर दिया गया है तथा कार्य निर्धारित तकनीकी प्रक्रियाओं के अनुरूप प्रगति पर है। रोड ओवरब्रिज का डिजाइन स्वीकृत कर संबंधित एजेंसी को पूर्व में ही उपलब्ध करा दिया गया है तथा होली त्यौहार के उपरांत निर्माण कार्य को और अधिक तेजी से किया जा रहा है। निमार्णाधीन ब्रिज के सभी पाइल्स का चिपींग कार्य पूरा कर लिया गया है तथा ब्रिज निर्माण साइट पर 12 मार्च 2026 से स्टील कटिंग के साथ ही अन्य कार्य आरम्भ होगा।निर्माण कार्य के दौरान रेल प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक मानकों एवं सुरक्षा प्रावधानों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिए गतिशक्ति यूनिट, रतलाम मंडल द्वारा संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि कार्य को पुनर्निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जा सके।

# खंडवा अलीराजपुर नई रेल लाइन की मांग तेज, प्रधानमंत्री कार्यालय में दिया ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

निमाड़ और आदिवासी अंचल को रेल सुविधा से जोड़ने की मांग को लेकर ताप्तीझनर्मदा रेलवे लाइन समिति अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल एवं सुजान सिंह राठौड़ एवं समिति सदस्यों ने दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रेषित किया। समाजसेवी व समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि आलीराजपुर से खंडवा तक नई रेलवे लाइन को जल्द मंजूरी देने की मांग की है।

समिति अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड अध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा है कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार आवेदन और निवेदन किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि निमाड़ के वनवासी क्षेत्र के विकास के लिए यह रेलवे लाइन अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित अलीराजपुर खंडवा रेलवे लाइन से क्षेत्र के हजारों ग्रामीण और वनवासी परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और व्यापार, शिक्षा व रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। समाजसेवी व समिति सदस्य बताया कि खंडवा अलीराजपुर रेल लाइन के लिए

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिल रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, धार सांसद अनीता नागर सिंह चौहान, खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी और खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल इस रेलवे परियोजना के लिए प्रयासरत हैं। और लगातार रेल मंत्री एवं मंत्रालय के संपर्क में है

समिति पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया है कि आने वाले वर्षों में वनवासी क्षेत्र के लोग रेल सुविधा से जुड़ेंगे। इसलिए केंद्र सरकार से इस परियोजना को शीघ्र मंजूरी देकर कार्य प्रारंभ कराने की मांग की गई है। ज्ञापन पर समिति अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल, सदस्य जितेंद्र डुडवे और केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुजान सिंह राठौर के हस्ताक्षर हैं।

ताप्ती रेलवे लाइन को लेकर लंबे समय से चल रहे प्रयासों के बीच ताप्ती रेलवे लाइन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली पहुंचकर महत्वपूर्ण मुलाकातें कीं। समिति के अध्यक्ष सहित प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे परियोजना को गति देने के लिए केंद्र स्तर पर चर्चा की। समिति अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अलीराजपुर,खरगोन, खंडवा रेलवे लाइन के प्रस्तावित मार्ग का पैदल सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

# पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन का खंडवा जिले का दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) श्री अनुराग द्वारा खंडवा जिले के वार्षिक निरीक्षण हेतु दो दिवसीय दौरे पर आए हुए हैं। वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन दिनांक 11 मार्च को खंडवा जिले के पुलिस लाइन मे परेड, बलवा परेड, शासकीय वाहनों का निरीक्षण व पुलिस लाइन का निरीक्षण तथा पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात पुलिस कंट्रोल रूम मे राजपत्रित अधियाकरियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) पुलिस लाइन खंडवा पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारनेकर, प्रशिक्षु आईपीएस श्री अमित कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव कुमार बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल सिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (मूँदी) श्री मनोहर सिंह गवली, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (हरसूद) श्री लोकेन्द्र सिंह ठाकुर एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) अनिल कुमार राय सहित जिले के 120 अराजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। परेड कमांडर प्रभारी रक्षित निरीक्षक सूबेदार धरम सिंह जामोद एवं सहायक परेड कमांडर सूबेदार धर्मेन्द्र गौर रहे। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान अच्छे टर्न आउट वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरुष्कृत किया गया। परेड निरीक्षण के पश्चात बलवा परेड करवायी गई, पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बलवा परेड के प्रदर्शन की सराहना की गई तथा कानून व्यवस्था के समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओ के बारे मे सभी थाना प्रभारियों को समझाइस दी गई।

जिले के सभी शासकीय पुलिस वाहनों का निरीक्षण करते हुए वाहनों के सायरन, इंडिकेटर, बलवा सामग्री, टियर गैस, टूल किट, आदि को चेक किया गया एवं वज्र वाहन का अवलोकन किया गया7 जिसमे अच्छा प्रदर्शन करने वाले वाहन चालकों को पुरुष्कृत किया गया। वाहन शाखा प्रभारी सूबेदार ज्योति रघुवंशी को शासकीय वाहनों को समय पर सर्विसिंग एवं बेहतर रख रखाव हेतु निर्देश दिए गए।

रक्षित निरीक्षक कार्यालय मे पुलिस महानिरीक्षक को गार्ड कमांडर सूबेदार नितिन निंगवाल के द्वारा 1-2-8 बल के साथ सलामी दी गई, अच्छी कमांड एवं अच्छे टर्नआउट वाले कर्मचारियों को ईनाम दिया गया। इसके पश्चात पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के लगभग 200 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याये एवं सुझाव सुने गये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा जिला बल खंडवा के कार्यों का परिचय दिया गया एवं पूरे वर्ष मे हुई गतिविधियों का संक्षेप मे वर्णन किया गया। साथ ही खंडवा पुलिस की चुनौतियों एवं पुलिस बल की कमी के बारे मे बताया गया। पुलिस कर्मचारियों एवं परिजनों के वेलफेयर हेतु हेल्थ चेकअप कराया गया है। पुलिस महानिरीक्षक ने अपने सम्बोधन मे पुलिस अधीक्षक खंडवा के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि श्री मनोज कुमार राय एक अनुभवी अधिकारी हैं, हमे इस बात का गर्व करना चाहिए कि जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। अपने स्वास्थ का ध्यान रखें व फिजिकल एक्टिविटी अवश्य करें तथा हार्टफुलनेस के ध्यान कार्यक्रम को नियमित रूप से अनुसरण करे। इसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस वेलफेयर के तहत लगाये गये आरओ प्लांट का निरीक्षण किया गया। साथ ही वाहन शाखा, एसएएफ बेरिक, पुलिस आवासीय परिसर तथा पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल का निरीक्षण किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम मे राजपत्रित अधिकरियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक लेकर लंबित अपराधों के समय सीमा मे निराकरण एवं संपत्ति संबंधी अपराधों की पतासाजी के निर्देश दिये गये। राजपत्रित अधिकारियों को टास्क देकर अपराधो के निराकरण हेतु निर्देश दिए गये। सोशल मीडिया पर पोस्ट को वायरल करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही हेतु बताया गया। सायबर अपराध से बचने के लिए सावधानी आवश्यक है।

## न्यूज -कॉलम

### लोगों को धमकाने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार

**उज्जैन।** चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहे 2 बदमाशों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। दोनों से धारदार चाकू बरामद किये गये है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बुधवार रात खबर मिली थी कि शेखपुर कराडिया रोड और खेड़ा माधव फंटा पीरझलार रोड पर 2 बदमाश चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहे है। बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम भी दे सकते है। तत्काल 2 टीम बनाई गई और बदमाशों की धरपकड़ के लिये रवाना किया गया। मौके पर पहुंच पुलिस टीम ने घेराबंदी की और दोनों बदमाशों को हिरासत में लिया, जिनके पास से धारदार चाकू बरामद हो गये। थाने लाकर पूछताछ करने पर एक बदमाश का नाम समीर पिता सत्तार खां 24 साल निवासी शाहजीलालपुरा बड़नगर और दूसरे का सादिक पिता हकीमउद्दीन शेख 21 साल निवासी मिर्ची बाजार बड़नगर का होना बताया। दोनों के खिलाफ अवैध हथियार रखने की धारा 25 आर्म्स एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी ली गई। दोनों को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों बदमाशों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, आरक्षक महेश मोर्य, अजय चौहान, नारायण सरा, सैनिक भुपेन्द्र बैरागी, गोवर्धन डाबी का सहयोग रहा।

### शांति पैलेस चौराहा पर पलटा ई-रिक्शा, महिला घायल

**उज्जैन।** उन्हेल की यतिगली में रहने वाली लक्ष्मी पति अशोक पालीवाल रिश्तेदार श्रद्धा पिता मुकेश पालीवाल निवासी भैरचौक उन्हेल हाल मुकाम निजातपुरा के साथ परिचित से मिलने ई-रिक्शा में सवार होकर इंदौररोड गये थे। इस दौरान शांति पैलेस चौराहा पर चालक की लापरवाही से रिक्शा पलटी खा गया। जिसमें लक्ष्मी पालीवाल 45 साल घायल हो गई। घटनाक्रम के बाद चालक भाग निकला। घायल लक्ष्मी को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया। वही मामले की जानकारी मिलने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस ने श्रद्धा पालीवाल की शिकायत पर रिक्शा क्रमांक एमपी 13 झेड वी 2613 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया।

### नौकरानी से मंगलसूत्र के बाद अंगूठी भी हुई बरामद

**उज्जैन।** शासकीय अस्पताल की फार्मासिस्ट स्वाति मिश्रा का ने 10 मार्च को नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील को शिकायत दर्ज कराई की 15 फरवरी को उसने अपना 15 ग्राम वजनी मंगलसूत्र ड्रेसिंग रूम की दराज में रखा था। जो गायब हो गया है। इससे पहले दिसंबर में उनके घर से सोने की अंगूठी भी गायब हुई थी। मंगलसूत्र और अंगूठी चोरी में दिसंबर माह से उनके यहां झाडू-पोछे का काम कर रही वर्षा पांडे पर शंका है। थाना प्रभारी ने मामले में मौखिक शिकायत पर वर्षा पति स्व. ब्रजेश पांडे निवासी महालक्ष्मीनगर नागझिरी को तलब किया और सख्ती से पूछताछ की। वर्षा ने मंगलसूत्र चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बुधवार को 3.50 लाख का मंगलसूत्र बरामद करने के बाद मामला दर्ज कर आरोपिया को न्यायालय में पेश कर 1 दिन की रिमांड पर लिया। इस दौरान उससे 50 हजार कीमत की अंगूठी भी बरामद कर ली गई। गुरूवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जमानत पर रिहा किया गया है।

### पुराने विवाद में मैकेनिक पर चाकू से किया हमला

**उज्जैन।** नलियाबाखल में रहने वाला अयान पिता अब्दुल अनीस मैकेनिक है। बुधवार रात घर के समीप मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। उसी दौरान अरकान और उसके साथियों ने पुराने विवाद में रोक कर चाकू से हमला कर दिया। अयान घायल हो गया, हमला करने वाले जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल को परिजनों ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में महाकाल थान पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर हमला करने वालों की तलाश शुरू की है। घायल ने बताया कि पूर्व में घूरकर देखने की बात पर अरकान से विवाद हुआ था।

### इंदौर-नागदा पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों की मारपीट

**उज्जैन।** इंदौर-नागदा पैसेंजर ट्रेन में गुरूवार को यात्रियों के बीच मारपीट हो गई। लेकिन मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा, जिसके चलते विवाद की वजह सामने नहीं आ पाई। बताया जा रहा है कि इंदौर से नागदा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन के उज्जैन आने से पहले कुछ यात्रियों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बड़ गई कि यात्रियों के बीच थप्पड-मुक्के और लात घूंसे चलने लगे। यात्रियों के बीच विवाद होता देख महिला यात्री दहशत में आ गई।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 260-8 | 134-8 |
| मेन बाजार | 458-7 | 469-9 |
| कल्याण नाइट | 357-5 | 679-2 |
| मिलन डे | 388-9 | 338-4 |
| मिलन नाइट | 100-1 | 268-6 |
| मधुर डे | 129-2 | 159-5 |
| मधुर नाइट | 568-9 | 145-0 |
| शुभांक | 1 6 | 0 |

एक तरफा प्यार में युवक की अजीबो-गरीब हरकत...

# महिला के चुरा लेता था घर के बाहर सूखते अंडर गारमेंट्स

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



फायनेंस कंपनी में काम करने वाले युवक की अजीबो-गरीब हरकत सामने आई है। वह पडोस में रहने वाली महिला के एकतरफा प्यार में उसके घर के बाहर सूखते अंडर गारमेंट्स चुराकर ले जाता था। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से गुरूवार को युवक को पकडा गया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के घर के बाहर सूखते कपडे कुछ दिनों से चोरी हो रहे थे। अज्ञात बदमाश सिर्फ अंडर गारमेंट्स ही चुरा रहा था। महिला के परिवार ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो क्षेत्र में रहने वाले युवक की अजीब हरकत सामने आई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर युवक की तलाश शुरू की। इस बीच गुरूवार दोबारा युवक अपनी हरकत को अंजाम देने पहुंचा। उसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया। युवक अंकित पिता योगेंद्र मालवीय 25 साल होना सामने आया। वह बजाज फायनेंस कंपनी में काम करता है। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई को न्यायालय में पेश किया गया।

#### युवक की हो चुकी है सगाई

युवक के हिरासत में आने पर प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उसकी सगाई हो चुकी है, लेकिन वह क्षेत्र में रहने वाली महिला से एकतरफा प्यार करता है। उसने महिला के नाम का टैटू भी छाती पर बना रखा है। जबकि महिला को युवक की हरकतों की जानकारी नहीं है। युवक की हरकतों से उसके परिवार को भी शर्मिंदा होना पड गया।

#### जेब में रख भाग निकलता था

बताया जा रहा है कि युवक ऐसे समय आता था, जब क्षेत्र की गली में आवाजाही कम होती थी। वह पहले नजर रखा था और फिर सूखते कपडों के बीच से अंडर गारमेंट्स उतारकर अपनी जेब में रख भाग निकलता था। वह पूर्व में 2 से 3 बार इसी तरह की हरकत कर चुका था। पुलिस की हिरासत में आने पर वह अपना मुंह छुपाता रहा।

## महामंडलेश्वर के खिलाफ साजिश रचने वाले की तलाश दबिश

### बनारस की महिला से दर्ज कराना चाहते थे शोषण का झूठा केस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर पर शोषण का झूठा केस दर्ज कराने की साजिश रचने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने साजिशकर्ता की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है। पुलिस इंदौर तक पहुंची लेकिन वह फरार होना सामने आये।

महाकाल थाना पुलिस को 8 मार्च को बनारस की रहने वाली महिला ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि मंदाकिनीपुरी और घनश्याम पटेल द्वारा उसे जान से मारने की धमकी देकर चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद के खिलाफ झूठा शोषण का प्रकरण दर्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होने पहले 50 हजार का का लालच भी दिया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मंदाकिनीपुरी और घनश्याम पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 49, 61 (2), 232 (1), 351 (3), 296 (बी), 3 (5) में प्रकरण दर्ज किया था। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि दोनों आरोपितों की तलाश की जा रही है। मंदाकिनीपुरी के गढ़कालिका स्थित आश्रम पर दबिश दी गई, वहीं घनश्याम पटेल की तलाश में एक टीम इंदौर भेजी गई, लेकिन दोनों फरार होना सामने आये। दोनों के हिरासत में आने पर मामले से जुड अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते है।

#### न्यायालय ने निरस्त की अग्रिम जमानत

बनारस की महिला द्वारा प्रकरण दर्ज कराये जाने के बाद बुधवार को आरोपी बनाये गये घनश्याम पटेल ने सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। इस दौरान महामंडलेश्वर की ओर से एडवोकेट वीरेन्द्र शर्मा द्वारा पैरवी की गई, उन्होने न्यायालय के सामने तर्क रखा कि संत समाज की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के उद्देश्य से आरोपी ने कृत्य किया है। आरोपी के विभिन्न अपराधिक रिकार्ड भी है। इसलिये जमानत नहीं दी जाये। एडवोकेट के तर्को से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपित की अग्रिम जमानत निरस्त कर दी।

#### 2 साल पहले गिरफ्त में आई थी मंदाकिनी

महामंडलेश्वर के खिलाफ साजिश रचने में शामिल मंदाकिनीपुरी खुद को सन्यासी बताकर साधु संतों से कुछ सालों पहले संपर्क किया था। वर्ष 2016 में मंदाकिनीपुरी उर्फ ममता जोशी को निरंजनी अखाडे में पटाभिषेक कर महामंडलेश्वर बना दिया था। लेकिन उसके बाद मंदाकिनी ने कई संतों को महामंडलेश्वर बनाने के नाम पर ठगी कर ली थी। उसके खिलाफ महाकाल और चिमनगंज थाने में प्रकरण दर्ज किये गये थे। 2 साल पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया था। जिसके बाद उसे महामंडलेश्वर पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार जीवन चौधरी एवं जितेन्द्र चौधरी पुत्रगण कैलाश चौधरी दोनों निवासी ग्राम नानाखेडी तहसील व जिला उज्जैन द्वारा दी गई जानकारी एवं निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि सर्वे नंबर 331 रकबा 2.90 हे. सर्वे नंबर 68/1/2 रकबा 0.50 हे. सर्वे नंबर 278/370/1 रकबा 0.05 हे. सर्वे नंबर 340/1 रकबा 1.00 हे. सर्वे नंबर 342 रकबा 0.29 हे. सर्वे नंबर 66 रकबा 0.63 हे. स्थित ग्राम नानाखेडी तहसील व जिला उज्जैन एवं एक मकान जो कि उक्त भूमि में 5 बीस्वा भूमि पर बना हुआ है के संबंध में कैलाश चौधरी पिता स्व. रामसिंह चौधरी, मंगल चौधरी कथित पुत्र कैलाश चौधरी दोनों निवासी ग्राम नानाखेडी तहसील व जिला उज्जैन एवं निर्मला चौधरी पति मुकेश कथित पुत्री कैलाश चौधरी के विरूद्ध घोषणात्मक सहायता, बंटवारा, कब्जा दिलाये जाने एवं स्थाई निषेधाज्ञा का वाद प्रस्तुत किया है, जो माननीय ग्यारहवें सिविल जज कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 394/2025 आरसीएसए पर दर्ज होकर विचाराधीन है और उसमें उक्त कैलाश आदि ने अपनी उपस्थिति दे दी है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली है कि उक्त प्रकरण में अस्थाई निषेधाज्ञा का आवेदन निरस्त होने को आधार बनाकर उक्त कैलाश आदि उक्त भूमि एवं मकान को विक्रय करने के प्रयास में है, जबकि उक्त भूमि एवं मकान पर वाद विचाराधीन है। ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक उक्त भूमि एवं मकान को न तो क्रय करे और नाही रहन आदि रखे। यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक द्वारा उक्त भूमि को क्रय किया जाता है अथवा रहन आदि रखा जाता है तो ऐसा संव्यवहार शून्य एवं प्रभावहीन होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और ऐसे संव्यवहार के लिये मेरे पक्षकार संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करेंगे, जिसके होने वाले समस्त हर्जे, खर्चे एवं परिणमों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा। सूचित हो। इति। दिनांक: 12/3/2026

**अमित कुमार व्यास एडव्होकेट**
**12. ब्राहम्णगली, बहादुरगंज, उज्जैन**
**मो. 6269211110**

**जाहिर - सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकारगण क्रमांक 01- गंगाराम पिता रतन जी, जाति बाछडा, निवासी ग्राम चाक्या तहसील माकडौन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार कं.01 की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 520/1/1 रकबा 0.15 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम चाक्या, पक्षकारगण क्रमांक 02- अम्बाराम पिता दर्याव जी, जाति बाछडा, निवासी ग्राम चाक्या तहसील माकडौन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार क्रं.02 की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 520/2 रकबा 0.31 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम चाक्या एवं पक्षकार्गण क्रमांक 03- सिद्धीबाई बेवा बालु, रामेश्वर, आनंदीलाल, रामप्रसाद, अशोक, ओमप्रकाश, सियाराम, मगनबाई पिता बालू, जाति बलाई, निवासी पंवासा उज्जैन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार क्र. 03 की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं 1/3 हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 518/2 रकबा 2.4800 हैक्टर भूमि में से रकबा 0.8266 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम चाक्या, समस्त पक्षकारगण क्रं. 01,02,03 की उपरोक्त वर्णित समस्त भूमि ग्राम चाक्या तहसील माकडौन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर, उपरोक्त भूमिं को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिट्ठी / अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि-धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन क्रेतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकारगणों द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा .. संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिंनाक-12-03-2026

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता-दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड,**
**तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घट्टिया**
**मो. 94240-14405, 9826716661**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार मोहनलाल पिता धूलजी निवासी 79, हक्कानीपुरा उज्जैन द्वारा दी गई जानकारी एवं निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 202/1/2 रकबा 1.307 हेक्टर, सर्वे नंबर 539/1/2 रकबा 1.045 हेक्टर स्थिति ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन पटवारी हल्का नंबर 41 रही है। जिसपर वर्तमान समय में मेरे पक्षकार एवं उनके पुत्र खेती कर रहे है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली थी कि जीवनसिंह राजपूत पिता श्री हेमराजसिंह निवासी ग्राम पोलायखुर्द, वार्ड नं. 11, बोरसली जिला शाजापुर ने उक्त भूमि के संबंध में एक अनुबंध पत्र असत्य तौर पर तैयार कर लिया था, जिसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा आपत्ति करने पर उक्त जीवनसिंह के द्वारा अपनी गलती स्वीकार दिनांक 4/12/2025 को अनुबंध निरस्ती लेख मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया। वर्तमान में उक्त भूमि की कीमत अधिक बढ चुकी है, इस कारण कतिपय लोग उक्त भूमि के लेने के संबंध में जीवनसिंह पर जोर दे रहे है, किन्तु जीवनसिंह ने उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया है, क्योंकि उक्त भूमि के स्वामी एवं आधिपत्यधारी मेरे पक्षकार है। इस कारण कोई भी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था उक्त भूमि को न तो क्रय करे और ना ही रहन आदि रखे। यदि किसी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था द्वारा उक्त भूमि को क्रय आदि किया जाता है अथवा रहन आदि रखा जाता है तो ऐसा संव्यवहार शून्य एवं प्रभावहीन होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और ऐसे संव्यवहार के लिये मेरे पक्षकार संबंधित के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वैधानिक कार्यवाही करेंगे, जिसके होने वाले समस्त हर्जे, खर्चे एवं परिणामों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा। सूचित हो। दिनांक: 01/3/2026

**अमित कुमार व्यास एडव्होकेट**
**12. ब्राहम्णगली, बहादुरग्रज, उज्जैन मो. 6269211110**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार फिरोज उद्दीन पिता लियाकत उद्दीन जाति मुसलमान, निवासी जगदीश गली बड़नगर तहसील बड़नगर जिला उज्जैन कृषक ग्राम बंग्रेड, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन की अनुबंधीत भूमि सर्वे क्रमांक 120/2/1 रकबा 1.60 हेक्टेयर व 120/1/1 रकबा 0.21 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 1.810 हेक्टेयर भूमि जो ग्राम बंग्रेड, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है जिसकी चतु:सीमा इस प्रकार है पूर्व दिशा में सर्वे कमांक 118 की भूमि, पश्चिम दिशा में सचिन यादव का ढाबा उत्तर दिशा में डामर रोड़, दक्षिण दिशा में कच्चा आम रास्ता स्थित है उक्त भूमि के विक्रेता नरबे सिंह पटेल पिता कल्याणसिंह पटेल, निवासी ग्राम पिपलीया दिग्ठान जिला धार द्वारा दिनांक 20/01/2026 को मेरे पक्षकार फिरोज उद्दीन पिता लियाकत उदद्दीन को दिनांक 20/01/2026 को मूल भूमि स्वामी द्वारा भूमि प्रदान की गई है व सोदा कर एक सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार फिरोज उद्दीन के पक्ष मे सम्पादित की गई है और उक्त वर्णित भूमि पेटे बयाना राशि भी प्राप्त कर ली है, इसलिये उन्हें कहीं और भूमि विक्रय करने के वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है, उक्त सौदा चिट्ठी उल्लेखित शर्तो का पालन विक्रेता/बेचवाल द्वारा मेरे पक्षकार के हित में नहीं किया जा रहा है तथा रजिस्ट्री करने मे टालमटोल की जा रही है इस कारण मेरे पक्षकार सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने जा रहे है तथा दीवानी / फौजदारी सक्षम कार्यवाही करने जा रहे है अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से जानकारी दी जा रही है कि उपरोक्त वर्णित विवादित/भार ग्रस्त भूमि को किसी भी व्यक्ति, बैंक, प्राईवेट संस्था, द्वारा क्रय नही किया जावे तथा उपरोक्त वर्णित भूमि की रजिस्ट्री का निष्पादन नहीं करावे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा आपके विरूद्ध दिवानी एंव फौजदारी कार्यवाही की जावेगी। उक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई व्यक्ती , संस्था भी किसी प्रकार का क्रय विक्रय समव्यवहार नहीं करे अन्यथा समस्त जवाबदारी उसी की होगी तथा और कार्यवाही में लगने वाला समस्त खर्च भी उसी से वसूल किया जावेगा। सूचित हो। दिनांक- 09/03/2026

**माधुरी सोनी एड्व्होकेट**
**कार्यालय - रवि सोनी का ऑफीस, टी-13 नागेश्वरधाम**
**कॉलोनी बड़नगर, जिला उज्जैन मो. 8871335849,7898524515**

## गश खाकर गिरा निगमकर्मी, महापौर ने पहुंचाया अस्पताल

**उज्जैन।** नगर निगम कर्मी गुरूवार शाम ड्युटी खत्म होने पर घर लौट रहा था। तभी अचानक निगम गेट पर गश खाकर गिर पड़ा। महापौर ने देखा तो तत्काल निगमकर्मी और उठाया और अपनी गाड़ी से अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां सामने आया कि दिल का दौरा पड़ा है।

हामूखेडी में रहने वाले गंगाराम नगर निगम जन्म-मृत्यु पंजीयन शाखा में पदस्थ है। शाम 6 बजे निगम कार्यालय बंद होने पर वह घर जाने के लिये निकला था। तभी अचानक गेट पर गश खाकर गिर पडा। महापौर मुकेश टटवाल भी नगर निगम से निकल रहे थे। उन्होने कर्मचारी को देखा तो तत्काल पहुंचे। निगमकर्मी गंगाराम बेहोश हो चुका था। महापौर ने तत्काल अपनी गाडी में अन्य कर्मचारियों की मदद से डाला और सीधे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर अजय निगम ने चेकअप किया तो दिल का दौरा पडना सामने आया। निगमकर्मी को इंजेक्शन का डोज दिया गया और ईसीजी किया। कुछ देर में गंगाराम को होश आ गया, लेकिन उसकी हालत ठीक नहीं होने पर आईसीयू में भर्ती किया गया। इस दौरान निगम जलकर समिति अध्यक्ष प्रकाश शर्मा और अन्य कर्मचारी भी अस्पताल पहुंच गये थे। गंगाराम के परिजनों को सूचना दी गई, परिजनों के आने पर महापौर ने हरसंभव उपचार का आश्वासन परिवार को दिया। डॉ. निगम ने बताया कि अगर गंगाराम को अस्पताल लाने में देरी हो जाती तो उसकी जान भी जा सकती थी।

## इंदौर-नागदा पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों की मारपीट

**उज्जैन।** इंदौर-नागदा पैसेंजर ट्रेन में गुरूवार को यात्रियों के बीच मारपीट हो गई। लेकिन मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा, जिसके चलते विवाद की वजह सामने नहीं आ पाई।

बताया जा रहा है कि इंदौर से नागदा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन के उज्जैन आने से पहले कुछ यात्रियों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी ब? गई कि यात्रियों के बीच थप्पड-मुक्के और लात घूंसे चलने लगे। यात्रियों के बीच विवाद होता देख महिला यात्री दहशत में आ गई। इस दौरान कुछ यात्रियों ने विवाद करने वालों को रोकने का प्रयास कर बीच-बचाव किया।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि ट्रेन में हुए विवाद का मामला थाने तक नहीं पहुंचा। संभवत- विवाद करने वालों में आपसी राजीनामा होने पर शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। विवाद किस वजह से हुआ यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है।

## एसपी ने किया घट्टिया थाना भवन का निरीक्षण



**उज्जैन।** थानों की कार्यशैली और गतिविधियों का औचक निरीक्षण करने वाले एसपी प्रदीप शर्मा गुरूवार को घट्टिया थाना भवन पहुंचे। इस दौरान उन्होने कानून व्यवस्था संबंधी दिशा निर्देश दिये। शहर के साथ ग्रामीण थानों का औचक निरीक्षण करने वाले एसपी शर्मा शाम को घट्टिया थाने पहुंचे। कप्तान का देख स्टॉफ अलर्ट हो गया। एसपी ने थाना भवन का निरीक्षण करते हुए अभिलेख, मालखाना देखा। सीसीटीएनएस कक्ष में पहुंच कार्यशैली देखी। उन्होने अपराधों के संबंध में थाना प्रभारी करण खोलाव से जानकारी ली और लंबित अपराधों का निराकरण शीघ्र करने के निर्देश देते हुए आमजन से संवेदनशील व्यवहार रखने की बात कहीं। एसपी ने थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था संबंधी विशेष दिशा निर्देश भी जारी किये।

### जनसांख्यिकीय लाभांश को विकास में बदलने के लिए संरचनात्मक सुधार जरूरी-प्रो. सामरा'

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र अध्ययनशाला और भारतीय आर्थिक परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को भारत में वैश्वीकरण एवं उदारीकरण का प्रभाव विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने की। संगोष्ठी के पहले दिन देशभर से आए प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और शिक्षाविदों ने 1991 के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलावों, एलपीजी मॉडल के फायदों और इससे उपजी चुनौतियों पर गहन मंथन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के प्रो. एस. एस. सामरा ने अपने बीज वक्तव्य में वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यूरोप और अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि आर्थिक विकास एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है। वैश्वीकरण ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को एक-दूसरे से गहराई से जोड दिया है। भारत के पास जनांककीय लाभांश की एक बड़ी ताकत है, जिसे सही नीतियों और संरचनात्मक सुधारों के जरिए विकास के बडे अवसर में बदला जा सकता है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की पैतृक कृषि भूमि सर्वे क्र. 261 रकबा 0.06 सर्वे क्र. 262 रकबा 0.73 सर्वे क्र. 276/2 रकबा 0.11हे. कुल कीता 3 कुल रकबा 0.90 हे. स्थित ग्राम बनड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में होकर पैतृक कृषि भूमि रही तथा वर्ष 2014-15 की खतौनी में अपीलार्थी की माता जमीला बी विधवा शफीमोहम्मद के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी। उक्त कृषि भूमि को अवैध एवं फर्जी रूप से गोपाल सिंह पिता लाल सिंह 2. शंभुसिंह पिता भुवान सिंह निवासीगण/कृषक - ग्राम बनड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के द्वारा अपने नाम से नामांतरण करवा लिया है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) घट्टिया जिला उज्जैन के समक्ष एक अपील नामांतरण निरस्त कराये जाने के संबंध में प्रस्तुत की है उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का विक्रय, दानपत्र, हिबा, अंतरण, अनुबंध पत्र आदि बिना मेरे पक्षकार की सहमति के नही किया जावे। सूचित हो। इति दिनांक 12.03.2026

**मुनिराज शर्मा एडवोकेट**
**पता-18 गंगाघाट, उज्जैन ( म.प्र. )**
**मोबा. नं. 9302493103, 9827223625**

# सही नीयत अच्छे फल



एक व्यापारी बहुत कर्ज में था और साहूकार बड़ा खतरनाक आदमी था। एक सुबह साहूकार व्यापारी के पास आया। सर्दियों की सुबह थी। व्यापारी अपने छोटे से बगीचे में धूप में बैठा हुआ था। जहां वह बैठा था, वहां बाग में काले-सफेद पत्थर करीने से लगे हुए थे। उसकी सुंदर युवा बेटी भी उसके साथ बैठी हुई थी। साहूकार तो उसे धमकी देने आया था कि यदि उसने समय-सीमा के भीतर धन नहीं चुकाया, तो उसे 20 साल के लिए जेल में डाल दिया जाएगा, लेकिन वह उसकी सुंदर बेटी को देखकर मुग्ध हो गया।

उसने प्रस्ताव रखा, ह्यमैं जानता हूं कि तुम अपना कर्ज नहीं चुका सकते और मैं यह भी जानता हूं कि कानूनी तौर पर तुम्हें कम से कम बीस साल के लिए जेल में डाला जा सकता है। तुम अभी सत्तर साल के करीब हो। जेल में ही तुम्हारा जीवन बीत जाएगा। मैं दयालु हूं, मैंने हमेशा ही तुम पर दया दिखाई है। मैं तुम्हें एक अवसर दूंगा। मैं बाग से दो पत्थर लूंगा- एक सफेद और एक काला। उनको अपने झोले में डालूंगा और फिर तुम्हारी बेटी को झोले में से एक पत्थर निकालना होगा। अगर वह सफेद पत्थर निकालती है, तो तुम कर्ज से मुक्त हो जाओगे और तुम्हारी बेटी को भी कुछ नहीं होगा। अगर वह काला पत्थर निकालती है, तो तुम कर्ज से मुक्त हो जाओगे, लेकिन तुम्हें अपनी बेटी का विवाह मुझसे करना होगा।

बहुत झिझकते हुए पिता और बेटी मान गए, क्योंकि और कोई चारा ही न था। साहूकार ने दो पत्थर लिए। जब वह दो पत्थर ले रहा था, तब बूढ़ा व्यापारी नहीं देख पाया, क्योंकि उसकी आंखों में आंसू भरे हुए थे, लेकिन लड़की की तेज आंखों ने देख लिया कि साहूकार ने दो काले ही पत्थर उठाए हैं। अब ऐसी स्थिति में सामान्य तर्क विफल हो जाता है। क्या किया जाए? झोले में दोनों काले पत्थर हैं। सामान्य तर्क कहता है कि साहूकार का भांडा फोड़ दिया जाए, लेकिन तब वह नाराज हो जाता और बदला लेते हुए व्यापारी को तुरंत जेल में डाल देता। उसे नाराज करना ठीक नहीं था। फिर क्या किया जाए? क्योंकि निकलना तो काला पत्थर ही है। लड़की ने भांडा नहीं फोड़ा, न ही उसने कोई बहस की कि उसने दोनों काले पत्थर झोले में क्यों डाले? उसने झोले से एक पत्थर निकाला और कंपकंपाते हाथों से उसे जमीन पर गिरा दिया- वह बाकी पत्थरों में मिल गया। वहां कई पत्थर थे। उसे खोज पाना असंभव था। वह जोर-जोर से क्षमा मांगने लगी। उसने एक समाधान सुझाया कि झोले में जो पत्थर बचा है, हम वह देख लेते हैं। यदि वह काला है, तो जो मैंने निकाला, वह सफेद रहा होगा। यदि वह सफेद है, तो दूसरा काला रहा होगा। साहूकार कुछ भी न कर पाया। वह विफल हो गया। गलत नीयत से अच्छे फल नहीं मिलते।

सम्पादकीय

## समन्वय का समय

संसद में जरूरत के हिसाब से बहस जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी है आम सहमति बनाते हुए चलने की कोशिश। विपक्ष की शिकायत के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर जो चर्चा हुई, उस पर तमाम राजनीतिक दलों को ईमानदारी से विचार करना चाहिए। बेशक, संख्या बल सरकार के पास है, पर यह उम्मीद की जाती है कि विपक्ष को शिकायत का मौका कम से कम दिया जाएगा। भारत में विपक्ष को सदन में अपनी बात रखने का अवसर और समय देने का समृद्ध इतिहास रहा है। इस मामले में भारतीय संसद को दुनिया में आदर्श माना जाता है। जिन लोगों को भारतीय लोकतंत्र से बहुत शिकायत है, उन्हें अगल-बगल के देशों में झांककर देखना चाहिए कि वहां के प्रमुख विपक्षी नेता आज किस हाल में हैं? आश्चर्य नहीं, हमारी संसद की कार्यवाही देखने के लिए दुनिया भर से नेता और जन-प्रतिनिधि आते हैं और यहां से सीखकर जाते हैं। कोई संदेह नहीं, सत्ता पक्ष पर विपक्ष का दबाव जरूरी है, इससे शासन-प्रशासन के निर्णयों में संतुलन बना रहता है और सुधार के रास्ते भी खुलते हैं। सत्ता पक्ष के लिए यह गौर करने की बात है- विपक्ष को ऐसा क्यों लग रहा है कि उसकी बातों को सुना नहीं जा रहा है? क्या भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में विपक्षी नेताओं को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है?

विपक्ष का आरोप बहुत स्पष्ट है और उसके प्रमुख नेता विदेश में भी अपनी बात कह चुके हैं कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है। इसका जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन पर आरोप जड़ा कि सदन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव लाकर इंडिया ब्लॉक ने भारतीय लोकतंत्र की नींव को पाताल में पहुंचा दिया है। विपक्ष को घेरते हुए उन्होंने यह भी बताया है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की उपस्थिति कितनी रही है। यहां आंकड़ों को देखना बहुत जरूरी है। अगस्त 2023 में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुई बहस को देखें, तो भाजपा को 6 घंटे, 41 मिनट का समय मिला था और बाकी विपक्षी व अन्य दलों को 4 घंटे, 25 मिनट का समय दिया गया। दरअसल, सांसदों की संख्या के हिसाब से ही दलों और उनके नेताओं को बोलने का समय मिलता है। किसको कितना समय मिलेगा, इसका संसदीय गणित तय है और इस गणित से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। हां, राजनीति में आरोप से बचने की कोशिश होती है, तो कई बार गैर-जरूरी आरोप भी लगाए जाते हैं।

### वैश्विक युद्ध की लपटें और भारत की थाली तक पहुंचता असर

# दूर का युद्ध, पास का असर: तेल संकट और भारत की चिंता

तेल के वैश्विक बाजार में आई उथल-पुथल ने भारत के शहरी जीवन और अर्थव्यवस्था के सामने नया संकट खड़ा कर दिया है। जब कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार पहुँचीं, तो इसका असर केवल आर्थिक आँकड़ों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सीधे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में दिखने लगा। बेंगलुरु जैसे बड़े महानगर में हजारों रेस्तरां द्वारा 10 मार्च से शहरव्यापी बंद की चेतावनी इस संकट की गंभीरता को उजागर करती है। होटल उद्योग का कहना है कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित हो गई है और यदि यह स्थिति जल्दी नहीं सुधरी तो शहर की खाद्य सेवाओं की निरंतरता पर गंभीर असर पड़ सकता है। यह केवल व्यापारिक समस्या नहीं, बल्कि लाखों लोगों की दैनिक भोजन व्यवस्था और हजारों कर्मचारियों के रोजगार से जुड़ा प्रश्न बन चुका है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

युद्ध की आग में झुलसता मध्य पूर्व इस संकट की वास्तविक पृष्ठभूमि है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को अस्थिर कर बाजार में घबराहट फैला दी है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार संघर्ष बढ़ने के बाद ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत अचानक उछलकर 119.50 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई और 9 मार्च 2026 को लगभग 105 से 107 डॉलर प्रति बैरल के बीच स्थिर हुई। यह उछाल सामान्य बाजार उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति पर मंडराते गंभीर खतरे का संकेत है। युद्ध के शुरूआती दिनों में ही तेल की कीमतों में लगभग 35 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज हुई, जिसने ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों की चिंता और बढ़ा दी है।

दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्गों में से एक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज इस संकट का केंद्र बन गया है। वैश्विक तेल व्यापार का लगभग पाँचवाँ हिस्सा और एलएनजी की बड़ी मात्रा इसी संकीर्ण जलमार्ग से गुजरती है। युद्ध और बढ़ते सुरक्षा जोखिमों के कारण यहां से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही अनिश्चित हो गई है, जिससे आपूर्ति बाधित होने की आशंका बढ़ी है। कई शिपिंग कंपनियों ने अतिरिक्त सुरक्षा कारणों से सेवाएँ सीमित कर दी हैं और बीमा प्रीमियम भी तेजी से बढ़ गए हैं। परिणामस्वरूप तेल परिवहन की लागत बढ़ी और वैश्विक बाजार में कीमतें और ऊपर चली गईं। यही वजह है कि ऊर्जा बाजार में अस्थिरता लगातार बनी हुई है।

भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। देश अपनी कुल तेल जरूरतों का लगभग 85 से 90 प्रतिशत आयात करता है और इसका बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आता है। ऐसे में इस क्षेत्र में युद्ध या आपूर्ति संकट का सीधा असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ता है। तेल की कीमतें बढ़ने का अर्थ है कि आयात बिल के लिए अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ेगी। इससे चालू खाता घाटा बढ़ने और रुपये की विनिमय दर पर दबाव पड़ने की आशंका रहती है। यही कारण है कि वैश्विक ऊर्जा संकट को भारत के आर्थिक नीति-निमार्ता हमेशा अत्यंत गंभीरता से देखते हैं। बेंगलुरु में उभरा रेस्तरां संकट इसी व्यापक समस्या का स्थानीय उदाहरण है। शहर के होटल और रेस्तरां संचालकों का कहना है कि कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने से उनके लिए नियमित रूप से भोजन तैयार करना कठिन हो गया है। यदि गैस आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई तो हजारों भोजनालयों पर संकट गहरा सकता है। आईटी उद्योग के कारण शहर में बड़ी संख्या में छात्र, पेशेवर और कामकाजी लोग रेस्तरां व फूड आउटलेट्स पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में इन सेवाओं में व्यवधान केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शहर की सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को भी प्रभावित करेगा। इसी कारण होटल उद्योग संगठनों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

तेल की कीमतों में वृद्धि का प्रभाव केवल गैस आपूर्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह पूरे आर्थिक ढांचे को प्रभावित करता है। कच्चा तेल महंगा होते ही परिवहन लागत बढ़ती है और इसका असर लगभग हर वस्तु की कीमत पर पड़ता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि तेल की कीमत में हर 10 डॉलर की वृद्धि से भारत में महंगाई दर लगभग 0.2 से 0.25 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसका अर्थ है कि खाद्य पदार्थों से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक सब कुछ महंगा हो सकता है। यदि कीमतें लंबे समय तक 100 डॉलर से ऊपर बनी रहीं, तो यह महंगाई के नए दौर की शुरूआत कर सकती हैं, जिसका सबसे अधिक असर मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ेगा।

आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार ऊर्जा कीमतों में तेज उछाल भारत की आर्थिक वृद्धि को भी प्रभावित कर सकता है। यदि तेल लंबे समय तक महंगा बना रहता है तो देश की जीडीपी वृद्धि दर में लगभग 0.15 से 0.4 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है। इसके साथ ही शेयर बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है, रुपया कमजोर पड़ सकता है और सरकारी वित्तीय संतुलन पर भी दबाव बढ़ सकता है। सरकार यदि करों में कटौती या सब्सिडी के जरिए राहत देने की कोशिश करती है तो राजकोषीय घाटा बढ़ने की आशंका भी रहती है। इसलिए यह संकट आर्थिक नीति के लिए एक जटिल चुनौती बन गया है, जिसमें संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है।

बेंगलुरु में संभावित रेस्तरां बंद देश के लिए एक चेतावनी संकेत भी है। यदि ऊर्जा आपूर्ति में बाधा बनी रहती है तो यही स्थिति अन्य महानगरों में भी उभर सकती है। होटल और फूड सर्विस उद्योग भारत में लाखों लोगों को रोजगार देता है और शहरी जीवन का अहम हिस्सा है। इसलिए उद्योग संगठनों ने सुझाव दिया है कि सरकार को पाइपलाइन गैस की उपलब्धता बढ़ाने, वैकल्पिक ईंधन को प्रोत्साहन देने और आपातकालीन ऊर्जा भंडार का उपयोग करने जैसे कदम उठाने चाहिए। साथ ही ऊर्जा आयात के स्त्रोतों को विविध बनाने की रणनीति भी जरूरी है, ताकि किसी एक क्षेत्र में संकट आने पर देश की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित न हो। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में किसी एक क्षेत्र का संकट सीमाओं में नहीं रुकता, बल्कि दूर-दराज देशों के दैनिक जीवन तक असर डालता है। मध्य पूर्व में बढ़ता संघर्ष हजारों किलोमीटर दूर भारत के शहरों में रेस्तरां सेवाओं को प्रभावित कर सकता है और आम लोगों की थाली तक असर पहुँचा सकता है।

## विकास का खूँटा और बँधी हुई जनता

गाँव की उस ऊसर जमीन पर, जहाँ दूब भी उगने से पहले पटवारी से एनओसी माँगती है, वहाँ आज 'विकास' का तंबू गड़ा था। लाउडस्पीकर अपनी फटी आवाज में वह राग अलाप रहा था, जिसे सुनकर मोहल्ले के कुत्ते भी दार्शनिक हो गए थे। सामने बैठी जनता का हाल यह था कि वे धूप में ऐसे तप रहे थे जैसे तवे पर चढ़ी हुई रोटियाँ, जिन्हें पलटने वाला कोई नहीं था। मंच पर सफेदपोश नेताओं की ऐसी कतार थी, मानो किसी ने सफेद बगुलों को जबरदस्ती कुर्ता-पजामा पहनाकर कुर्सी पर चिपका दिया हो। बीच में बैठे मुख्य अतिथि महोदय के चेहरे पर वैसी ही गंभीर निष्ठुरता थी, जैसी किसी पुरानी फाइल पर जमी धूल में होती है। वे मुस्कुराते तो ऐसा लगता मानो उनके गालों की मांसपेशियां किसी सरकारी बजट की तरह खींचतान कर रही हों। बगल में बैठा चमचा बार-बार उनके कान में कुछ फुसफुसाता और अतिथि महोदय ऐसे सिर हिलाते जैसे किसी खराब पंखे का रेगुलेटर झटके ले रहा हो।

मंच संचालन करने वाला व्यक्ति कविता का वह प्रेमी था, जिसने तुकबंदी के चक्कर में सरस्वती की हत्या को ही अपना धर्म मान लिया था। उसने 'भाइयों और बहनों' का संबोधन कुछ इस अंदाज में किया जैसे वह किसी को गाली दे रहा हो। उसने मंच से घोषणा की कि आज इस गाँव में 'स्मार्ट पंचायत' का उद्घाटन होगा, जहाँ गोबर भी अब वाई-फाई की गति से उठाया जाएगा। जनता ने इस पर वैसी ही तालियाँ बजाईं जैसी किसी अनचाही शादी में बाराती बजाते हैं। पास ही खड़ा एक बूढ़ा अपनी लाठी पर ठुड्डी टिकाए यह सोच रहा था कि जिस गाँव में बिजली सिर्फ 'भविष्यवाणी' की तरह कभी-कभार आती है, वहाँ वाई-फाई का क्या होगा? पर सरकारी फाइल में गाँव अब डिजिटल हो चुका था, और फाइल ही वह परम सत्य है जिसे ब्रह्मा भी नहीं काट सकते। तभी विकास की वह देवी मंच पर अवतरित हुई, जिसे शहर में 'एनजीओ' और गाँव में 'मुफ्त की आफत' कहा जाता था। उन्होंने माइक सँभाला और शुद्ध अंग्रेजी मिश्रित हिंदी में भाषण देना शुरू किया। उन्होंने कहा कि हमें 'सस्टेनेबल' होना चाहिए, जबकि सामने बैठा किसान यह समझ रहा था कि शायद मैडम किसी नई किस्म की खाद का नाम ले रही हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13 मार्च 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:43 सूर्यास्त 18:31
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - दसमी दिन पूर्ण उपरांत दसमी
नक्षत्र - पूवार्षाढा 27:03 उपरांत उत्तराषाढा
योग - व्यतिपात 10:31 उपरांत वरियान
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा ।
मुस्लिम मास - रमजान मास 23 तारिख

**मेष-** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**वृषभ-** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी।

**मिथुन-** धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। सफलता मिलेगी।

**कर्क-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं।

**सिंह-** बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या-** नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**वृश्चिक-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**धनु-** नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मकर-** आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ-** कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन-** थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## सायरन, सनसनी और समाचार का बदलता स्वरूप : जब खबर से अधिक शोर दिखाई देने लगे

समाचार का मूल उद्देश्य समाज को सही और संतुलित जानकारी देना होता है। लेकिन समय के साथ समाचार माध्यमों की प्रस्तुति में भी परिवर्तन आया है। आज टेलीविजन समाचार चैनलों में सूचना के साथ-साथ दृश्य प्रभाव, ध्वनि और नाटकीयता का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। यही प्रवृत्ति धीरे-धीरे उस शैली को जन्म देती है जिसे सामान्य भाषा में सायरन वाली पत्रकारिता कहा जाने लगा है। इसमें समाचार के साथ चेतावनी सायरन, चमकदार दृश्य विन्यास, तीखी बहसें और उत्तेजक प्रस्तुति प्रमुख रूप से दिखाई देती हैं। परिणाम यह होता है कि कई बार समाचार की वास्तविकता से अधिक उसका दृश्य प्रभाव दर्शकों के मन में स्थान बना लेता है। हाल के समय में पश्चिम एशिया में इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की खबरों के दौरान इस शैली को लेकर भारत में भी व्यापक चर्चा शुरू हुई। यह प्रश्न उठने लगा कि क्या युद्ध जैसी गंभीर घटनाओं की प्रस्तुति में अत्यधिक नाटकीयता उचित है।



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

समाचार माध्यम केवल सूचना का स्त्रोत नहीं होते, वे समाज के मनोविज्ञान को भी प्रभावित करते हैं। जिस प्रकार से कोई घटना प्रस्तुत की जाती है, उसी के अनुसार दर्शक उसे समझते और महसूस करते हैं।

यदि किसी खबर को बार-बार चेतावनी ध्वनियों, तीव्र दृश्य प्रभावों और उत्तेजक शब्दों के साथ प्रस्तुत किया जाए तो वह दर्शकों में तत्काल प्रतिक्रिया उत्पन्न करती है। इससे समाचार की गंभीरता तो दिखाई देती है, पर कई बार यह अनावश्यक भय या तनाव का कारण भी बन सकती है। युद्ध और अंतरराष्ट्रीय संकट जैसे विषय स्वभाव से ही संवेदनशील होते हैं। इसलिए कई देशों में युद्ध रिपोर्टिंग के लिए संतुलित भाषा और संयमित प्रस्तुति को पत्रकारिता का आवश्यक मानक माना जाता है।

समाचार चैनलों के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती दर्शकों का ध्यान बनाए रखना है। चौबीसों घंटे चलने वाले समाचार चैनल, डिजिटल माध्यमों की प्रतिस्पर्धा और लगातार बदलते दर्शक व्यवहार ने प्रस्तुति को अधिक तीव्र और आकर्षक बना दिया है।

यही कारण है कि कई बार समाचार की प्रस्तुति में नाटकीयता बढ़ जाती है। बहसें तीखी हो जाती हैं, आवाजें ऊँची हो जाती हैं और हर घटना को अत्यंत महत्वपूर्ण रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाता है। मीडिया विशेषज्ञों का मानना है कि दर्शक-रेटिंग की इस प्रतिस्पर्धा ने समाचार और प्रदर्शन के बीच की दूरी को कुछ हद तक कम कर दिया है। पत्रकारिता का सबसे बड़ा दायित्व यही है कि वह सूचना और सनसनी के बीच की रेखा को पहचान सके। जब युद्ध जैसी घटनाओं को अत्यधिक उत्तेजक ढंग से प्रस्तुत किया जाता है तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि समाचार की प्रस्तुति कहाँ तक उचित है और कहाँ से वह प्रदर्शन में बदलने लगती है।

इसी पृष्ठभूमि में भारत में भी इस विषय पर चर्चा तेज हुई और ₹सूचना और प्रसारण मंत्रालय₹ द्वारा दर्शक-मापन संस्था ₹ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल इंडिया₹ को निर्देश देकर समाचार चैनलों की दर्शक-रेटिंग के प्रकाशन पर चार सप्ताह के लिए रोक लगाने का निर्णय लिया गया। कई विशेषज्ञ इसे मीडिया जगत के लिए एक संकेत के रूप में देख रहे हैं कि समाचार प्रस्तुति में संतुलन और जिम्मेदारी पर पुनर्विचार आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में समाचार माध्यमों को चौथा स्तंभ माना जाता है। उनकी शक्ति केवल सूचना देने में नहीं, बल्कि समाज को संतुलित दृष्टि प्रदान करने में भी निहित होती है । आज तकनीक, प्रतिस्पर्धा और तीव्र गति ने पत्रकारिता के स्वरूप को बदल दिया है।

# इम्युनिटी के साथ स्किन की चमक भी बढ़ाता है नींबू पानी

गर्मी के मौसम में तो नींबू खाने के साथ-साथ नींबू पानी पीने से भी बहुत फायदा मिलता है। इससे प्यास तो बुझ ही जाती है, साथ-साथ यह ताजगी भी बनाएं रखता है। वैसे तो नींबू पानी का सेवन दिन में 2 बार जरूर करना चाहिए, लेकिन अगर रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करेंगे तो इससे बहुत सारे फायदे मिल सकते हैं। आपसे अगर कोई सवाल करे कि दिन की सबसे हेल्दी शुरूआत क्या होगी? तो शायद आप कहेंगे योगासन या फिर मॉर्निंग वॉक, जो पूरी तरह सही है लेकिन योगा और मॉर्निंग वॉक के बाद अगर आपको दिन की शुरूआत हेल्दी डाइट से करनी हो, तो गर्म पानी में नींबू पानी सबसे हेल्दी ऑप्शन है। इससे न सिर्फ आप ऊजार्वान बने रहते हैं बल्कि इससे आपका वजन भी कंट्रोल रहता है। आइए, जानते हैं खाली पेट गर्म पानी में नींबू डालकर पीने के फायदे-

### पाचन में मददगार

हम जो खाना खाते हैं, वो फूड पाइप के जरिए पास होता है। जब हम अच्छी नींद लेकर उठते हैं तो कई अवशेष फूड पाइप में फंसे रह जाते हैं और गर्म नींबू पानी पीने से ये अवशेष बाहर निकल जाते हैं।



### इम्युनिटी बढ़ाता है

नींबू में मौजूद विटामिन सी और पोटेशियम इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करता है। खाली पेट नींबू पानी लेने पर पोषक तत्वों का अवशोषण और भी बेहतर ढंग से हो पाता है। इस तरह से शरीर पूरे दिन पौष्टिक तत्वों का अच्छी तरह से अवशोषण कर उनका पूरा फायदा उठा पाता है।

### वजन घटाने में असरदार

वजन घटाने की बात आती है तो गर्म नींबू पानी का नाम सबसे पहले लिया जाता है। गर्म नींबू पानी मेटाबॉलिज्म भी बढ़ाता है और फैट बर्न होता है जिससे वजन नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जबकि सुबह उठकर चाय या कॉफी पीने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा तो बढ़ती है ही, साथ ही शुगर लेवल पर भी असर पड़ता है।

### ग्लोइंग स्किन के लिए

नींबू में मौजूद विटामिन सी कोलेजन फॉर्मेशन के लिए आवश्यक है। इससे आपकी स्किन हेल्दी होती है। स्किन केयर में हाइड्रेशन भी बहुत अहम है। सुबह गर्म नींबू पानी पीने से जहरीले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और स्किन में निखार आता है।

### मुंह की बदबू को दूर करने में

नींबू एक नेचुरल माउथ फ्रेशनर है। रोज सुबह नींबू पानी पीने से मुंह की दुर्गंध धीरे-धीरे दूर हो जाती है।

### कब्ज की समस्या को दूर करने में सहायक

गर्म पानी के साथ नींबू की कुछ बूंदें पेट के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकती हैं। अगर आपको पेट से जुड़ी ऐसी कोई भी समस्या है तो नींबू पानी पीना आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

धर्म-आस्था

# क्रोध का आना.....एक स्वाभाविक प्रक्रिया है


क्रोध मानव भावनाओं में सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। जब हमें लगता है कि हमारे साथ अन्याय हुआ है, हमारी सीमाओं का उल्लंघन हुआ है, या हमारी अपेक्षाएँ पूरी नहीं हुईं, तो भीतर एक तीव्र प्रतिक्रिया उत्पन्न होती है जिसे हम क्रोध कहते हैं। अक्सर लोग क्रोध को नकारात्मक भावना मानते हैं, लेकिन मनोविज्ञान के अनुसार क्रोध स्वयं में गलत नहीं है; वह एक संकेत है कि हमारे भीतर कुछ महत्वपूर्ण प्रभावित हुआ है।



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

वैज्ञानिक दृष्टि से क्रोध भी मस्तिष्क की सुरक्षा प्रणाली से जुड़ा है। जब हमें खतरा या अन्याय महसूस होता है, तो मस्तिष्क का एक हिस्सा जिसे अमिग्डाला कहा जाता है तुरंत सक्रिय हो जाता है। यह शरीर को लड़ो या बचो की अवस्था में ले जाता है। हृदय गति बढ़ती है, रक्तचाप बढ़ता है, और शरीर में ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है ताकि व्यक्ति प्रतिक्रिया दे सके।

लेकिन आधुनिक जीवन में अधिकांश खतरे शारीरिक नहीं होते; वे मनोवैज्ञानिक होते हैं। आलोचना, अपमान, अस्वीकार या अपेक्षाओं का टूटना भी उसी तरह की प्रतिक्रिया उत्पन्न कर सकता है। इस स्थिति में क्रोध केवल बाहरी घटना का परिणाम नहीं होता, बल्कि हमारी व्याख्या और पिछले अनुभवों से भी प्रभावित होता है।



मनोविज्ञान यह भी बताता है कि क्रोध अक्सर किसी दूसरी गहरी भावना को छिपाता है। कई बार क्रोध के पीछे चोट, भय, असुरक्षा या अपमान की भावना छिपी होती है। क्रोध उस दर्द को ढकने वाला कवच बन सकता है। इसलिए यदि हम केवल क्रोध को देखते हैं, तो हम उसके पीछे छिपी वास्तविक भावना को समझ नहीं पाते।

क्रोध का एक और स्त्रोत है नियंत्रण की इच्छा। जब परिस्थितियाँ हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं या कोई व्यक्ति हमारे विचारों के अनुसार व्यवहार नहीं करता, तो मन प्रतिक्रिया कर सकता है। अपेक्षाएँ जितनी कठोर होती हैं, क्रोध की संभावना उतनी अधिक होती है।

आध्यात्मिक दृष्टि से क्रोध को मन की अशांत अवस्था माना गया है। कई परंपराएँ इसे उस क्षण के रूप में देखती हैं जब व्यक्ति अपनी सजगता खो देता है और प्रतिक्रिया में बह जाता है। लेकिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण यह भी कहता है कि यदि व्यक्ति क्रोध को जागरूकता के साथ देख सके, तो वह स्वयं को बेहतर समझ सकता है।

क्रोध को दबाना भी स्वस्थ समाधान नहीं है। दबाया हुआ क्रोध भीतर तनाव, कड़वाहट या उदासी में बदल सकता है। इसके विपरीत, क्रोध को समझना और उसे संतुलित तरीके से व्यक्त करना अधिक स्वस्थ मार्ग है।

क्रोध को केवल नकारात्मक भावना मानना अधूरा दृष्टिकोण है। क्रोध हमें यह संकेत देता है कि हमारी सीमाएँ, अपेक्षाएँ या भावनाएँ प्रभावित हुई हैं। जब हम इसे समझते हैं, तो यह विनाशकारी ऊर्जा के बजाय आत्म-समझ का माध्यम बन सकता है।

विज्ञान हमें बताता है कि क्रोध मस्तिष्क की जैविक प्रतिक्रिया है। आध्यात्मिक दृष्टि हमें सिखाती है कि हम उस प्रतिक्रिया के साक्षी भी बन सकते हैं। जब जागरूकता जुड़ती है, तो क्रोध धीरे-धीरे समझ और संतुलन में बदल सकता है।

आपको सबसे अधिक किस स्थिति में गुस्सा आता है जब कोई आपकी बात नहीं मानता, जब आपको अनदेखा किया जाता है, या जब आपको गलत समझा जाता है?

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1831-2729 चना काबली- 4000-4801, चना बड़ा- 2401-5411, रायड़ा- 5445, बलटा- 3601, सोयाबीन- 2027-5851, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,67,300, रवा- 1,67,200 चांदी- टंच- 2,76,500 पाट- 2,76,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

# कलेक्टर प्रीति यादव ने पीएम श्री स्कूल व आंगनवाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने बुधवार को पीएम श्री शासकीय स्कूल पालखेड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में संचालित मॉडर्न आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, साइंस लैब, ब्यूटी एंड वेलनेस लैब तथा ग्रीन गार्डन सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



कलेक्टर ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध डिजिटल संसाधनों की जानकारी लेते हुए इनके प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा करते हुए अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए विद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पालखेड़ी एवं बड़गोन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकताओं से प्राप्त की तथा कुपोषित बच्चों की संख्या और उनके उपचार व पोषण सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध एलईडी टीवी को बच्चों के शैक्षणिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के लिए नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाओं एवं टीकाकरण की स्थिति की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद किया तथा उनसे कविताएं भी सुनीं और उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान बी.एस. सोलंकी, राजीव गुप्ता, संजय सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के.एस. मालवीय एवं सरपंच गोवर्धन सिंह चैहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया।



## पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंज में हुआ महासंघ का होली मिलन समारोह

**बीनागंज।** पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंज के गतिविधि कक्ष में मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ तहसील चांचौड़ा का होली मिलन समारोह महासंघ के जिला अध्यक्ष रविप्रकाश व्यास की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ भारतमाता पूजन के साथ हुआ। महासंघ की चाचौड़ा इकाई के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। उक्त समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने की। संचालन पेंशनर महासंघ के जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल धाकड़ ने किया। इस अवसर पर महासंघ के मधुसूदन गढ़ तहसील अध्यक्ष राममूर्ति सेन, चाचौड़ा तहसील अध्यक्ष गोकुल प्रसाद बढ़ाई, कृष्ण गोपाल पालीवाल, मंटीलाल मीना, सुदर्शन शर्मा, ओमप्रकाश भार्गव, मदनमोहन पालीवाल, जगदीश टेलर, सत्यनारायण नामदेव, जयप्रकाश शर्मा, अभिषेक मीना, स्पोर्ट टीचर वंदना व्यास आदि विशेष रूप से मौजूद थे। इस मौके पर उपस्थित सदस्यों द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। महासंघ के चाचौड़ा अध्यक्ष गोकुल प्रसाद बढ़ाई ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नपाध्यक्ष ने की शीतला अष्टमी पर शहर की खुशहाली व समृद्धी की कामना



**गुना।** नगर की प्रथम नागरिक, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने शीतला अष्टमी पर प्रातः 5 बजे शीतला माता मंदिर पर आम महिलाओं की तरह लाइन में लगकर बासौड़ा की पूजन अर्चना की और शहर की खुशहाली व समृद्धी की कामना की। उन्होंने लाइन में लगकर सभी महिलाओं को अनुशासन में रहकर पूजा अर्चना करने का संदेश दिया।

## महिदपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पटाखे फोड़ने वाली बुलेट के साइलेंसर उतरवाए

महिदपुर। शहर की शांति भंग करने वाले और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ महिदपुर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिदपुर पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें नियमों के विरुद्ध मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वालों पर कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के कड़े दिशा-निदेशों के बाद महिदपुर पुलिस सक्रिय हो गई है। इसी के तहत बीती रात शहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दो ऐसी बुलेट मोटरसाइकिलों को रोका जिनमें नियमों के विरुद्ध मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए गए थे, जो ह्यपटाखेह्न जैसी तेज आवाज कर राहगीरों को परेशान कर रहे थे। पुलिस ने इन दोनों वाहनों के चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। साथ ही मौके पर मैकेनिक को बुलवाकर शोर मचाने वाले साइलेंसर उतरवाकर जब्त कर लिए गए। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और अनावश्यक ध्वनि प्रदूषण न फैलाने की समझाइश भी दी। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि शहर में शांति और यातायात व्यवस्था बनी रहे।

### बिजली मेंटेनेंस से देवास में पानी सप्लाई प्रभावित

## वार्डों में सप्लाई का शेड्यूल बदला, राजाराम नगर उत्तम नगर, सनसिटी में 2 दिन बाद आएगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में 11 मार्च को बिजली लाइन के मेंटेनेंस कार्य के कारण शहर की पानी सप्लाई प्रभावित हो गई। क्षिप्रा प्लांट और अलीपुर क्षेत्र में बिजली बंद रहने से कई जल टंकियां समय पर नहीं भर सकीं। इसके कारण कई वार्डों में तय दिन पर पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। नगर निगम के जलप्रदाय विभाग ने अब नया पानी वितरण शेड्यूल जारी किया है।



नगर निगम के अनुसार राजाराम नगर टंकी क्षेत्र से वार्ड 12 (राजाराम नगर, सीताराम नगर), वार्ड 13 (मेंढकी गांव) और वार्ड 14 (बिराखेड़ी गांव) में आज पानी की सप्लाई की जाएगी। इसी तरह बजरंग नगर टंकी क्षेत्र से वार्ड 21 (जय बजरंग नगर), वार्ड 24 (मिश्रीलाल, करोली नगर) और वार्ड 25 (कुबेर नगर) में भी आज पानी मिलेगा।

इसके अलावा वार्ड 5 (महाकाल कॉलोनी), वार्ड 6 (शालीमार, प्रताप नगर), वार्ड 9 (गंगा निकेतन) और वार्ड 13 (गीताश्री, मीनाश्री, राजीव गांधी नगर) में भी आज पानी वितरित किया जाएगा।

रानीबाग टंकी क्षेत्र के वार्ड 9 (निमाड़ नगर, शिव-शक्ति नगर, अल्कापुरी राम मंदिर क्षेत्र), वार्ड 8 (त्रिलोक नगर), वार्ड 10 (विजय नगर) और वार्ड 11 (मुखर्जी नगर, गौरव नगर) में पहले 12 मार्च को पानी दिया जाना था, लेकिन अब यहां 13 मार्च को सप्लाई की जाएगी।

उत्तम नगर टंकी क्षेत्र के वार्ड 7 (अन्नपूर्णा नगर) और वार्ड 6 (नसीराबाद गांव) में भी 13 मार्च को पानी मिलेगा। इसी क्षेत्र के वार्ड 6 (अर्जुन नगर) और वार्ड 7 (एकता नगर, उत्तम नगर, विनायक नगर, राजाबाग कॉलोनी) में भी 12 मार्च की जगह 13 मार्च को पानी की सप्लाई की जाएगी।

इसके अलावा सनसिटी पार्ट-2 टंकी क्षेत्र के वार्ड 18 (पटेल नगर, मोची मोहल्ला, बावड़िया, गांधी चौक), वार्ड 19 (कार्तिक नगर, अक्षत नगर) और वार्ड 44 (चूना खदान) में भी अब 13 मार्च को पानी दिया जाएगा। आनंद ऋषि टंकी क्षेत्र के वार्ड 22 (गायत्री विहार, प्रेम नगर, राधा नगर, सम्यक विहार) में भी 13 मार्च को पानी की सप्लाई होगी।

## क्रोध पर चिंतन करना आवश्यक- पूज्य श्री जिनेंद्र मुनि जी म.सा.

**महिदपुर।** धर्मदास गणनायक, आगम विशारद संत शिरोमणि पूज्य श्री जिनेंद्र मुनि जी म.सा. ने स्थानीय श्री शांतिनाथ आराधना भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को क्रोध के उद्गम पर चिंतन करना चाहिए। क्रोध से जीवन के गुण नष्ट हो जाते हैं, इसलिए सबसे पहले हमें क्रोध को पहचानना और उस पर नियंत्रण करना सीखना चाहिए। उन्होंने आगम ग्रंथों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनमें अनेक ऐसी शिक्षाएं दी गई हैं, जो आत्मा के उद्धार का मार्ग दिखाती हैं और व्यक्ति को सद्गुणों की ओर अग्रसर करती हैं। ठाणंग सूत्र के चौथे अध्ययन को समझाते हुए उन्होंने बताया कि आत्मा स्वभाव से सद्गुणी है, किंतु कर्मों के उदय से जीव दुगुर्णी बन जाता है। जब मनुष्य दुगुणों का त्याग करता है तो आत्मा पुनः सद्गुणों की ओर बढ़ने लगती है। पूज्य मुनि श्री ने कहा कि सद्गुणों को बढ़ाने से वे बढ़ते हैं और उन्हें त्यागने से घट जाते हैं। क्रोध जितना कम होगा, जीवन में उतनी ही शांति और सुख का अनुभव होगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर उठने वाले क्रोध के कारणों पर विचार करना चाहिए। धर्मसभा से पूर्व पूज्य गुरुदेव श्री श्रेयांश मुनि जी म.सा. ने साधु जीवन की गोचरी चर्या में सुपात्र दान के महत्व को विस्तार से समझाया। धर्मसभा का संचालन करते हुए विमल बुरड़ ने बताया कि जिनशासन गौरव पूज्य आचार्य श्री उमेश मुनि जी म.सा. का पुण्य स्मरण दिवस 15 मार्च, रविवार एकादशी को मनाया जाएगा। इस अवसर को पावन बनाने के लिए श्रावक-श्राविकाओं से पांच सामायिक एवं उपवास व्रत रखने का आग्रह किया गया है। पांच सामायिक एक साथ रखने वाले आराधकों का स्थानकवासी श्रीसंघ तथा उपवास व्रत रखने वालों का स्थानकवासी नवयुवक मंडल द्वारा बहुमान किया जाएगा।

## 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत, पेनल्टी में मिलेगी छूट

**महिदपुर।** शासन के निदेर्शानुसार 14 मार्च 2026 को स्थानीय न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए नगरपालिका द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और बकायादारों को सूचना पत्र जारी किए जा रहे हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव एवं राजस्व प्रभारी राकेश कैथवास ने बताया कि नगरपालिका टीम द्वारा विभिन्न कर प्रकरणों में 1285 बकायादारों को बकाया राशि जमा कराने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।

## सीएसआर निधि से जिला अस्पताल को मिली दो नई डायलिसिस मशीनें

### डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़कर हुई आठ

**राजगढ़-ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के किडनी रोग से पीड़ित मरीजों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई। जिला चिकित्सालय राजगढ़ को दो नई डायलिसिस मशीनों की सौगात मिली है। सांसद के प्रयासों से सीएसआर निधि के माध्यम से प्राप्त इन मशीनों के स्थापित होने के बाद अब जिला अस्पताल में डायलिसिस मशीनों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है। इससे किडनी संबंधी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को समय पर उपचार की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। जिला अस्पताल में पहले से छह डायलिसिस मशीनों के माध्यम से मरीजों का उपचार किया जा रहा था। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने के कारण कई बार लोगों को डायलिसिस के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। कई मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता था, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ता था। अब दो नई मशीनों के शुरू होने से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी और अधिक संख्या में मरीजों का उपचार संभव हो सकेगा। डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ने से अस्पताल के डायलिसिस यूनिट की क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### पार्षद प्रतिनिधि ने गंदे पानी की प्रदर्शनी लगाई

## वार्ड में 20 दिन से आ रहा दूषित पानी, निगम के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन



**देवास।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 22 में दूषित पानी की समस्या को लेकर बुधवार दोपहर पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा ने अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने वार्ड के अलग-अलग घरों से गंदे पानी के नमूने एकत्र कर उनकी प्रदर्शनी लगाई और नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। पार्षद प्रतिनिधि वर्मा ने बताया कि वार्ड में पिछले लगभग 20 दिनों से नलों में सीवेज मिला हुआ गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। इस दूषित जल वितरण के कारण आनंद ऋषि नगर और एलआईजी कॉलोनी सहित पूरे वार्ड के निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और जलजनित बीमारियों (स्वास्थ्य समस्याओं) का खतरा भी बढ़ गया है। वर्मा का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की शिकायत कई बार नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने और जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए ही वार्डवासियों के घरों से पानी के नमूने लेकर यह सार्वजनिक प्रदर्शनी लगाई गई है।

## अधिकृत यात्रा पर कार्यक्रम आज

**तराना।** डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम जे एफ लायन प्रवीण वरिष्ठ अपनी अधिकृत यात्रा पर तराना आर रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम शुक्रवार को शाम 7.30 बजे नाचन बोर स्थित काजी गार्डन पर किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष द्वारकाधीश पलोड ने दी।

### अजाक्स संघ ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर का नवीन स्टेचू स्थापित करने की प्रशासन से की मांग

## राष्ट्रीय बौद्ध महासभा ने सावित्रीबाई फुले को भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित करने सहित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

राष्ट्रीय बौद्ध महासभा और अजाक्स संघ द्वारा मंगलवार जिला प्रशासन को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंप गए। जिसमें राष्ट्रीय बौद्ध महासभा ने राष्ट्रपति के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर मां सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने की मांग की है। वहीं मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ ने भी अम्बेडकर मांगलिक भवन को तोड़कर पुनः नवीन निर्माण कराए जाने और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का नवीन स्टेचू स्थापित करने की मांग जिला प्रशासन से की है।




महासभा द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख है कि राष्ट्रीय बौद्ध महासभा एक पंजीकृत मानवतावादी विचारधारा पर आधारित राष्ट्रीय संगठन है। महासभा की सार्वजनिक हित में पांच महत्वपूर्ण माँगे हैं। जिनमें महाबोधि महाविहार का प्रबंध पूर्णतः वौद्धों को सौंपा जाए। तथागत गौतम बुद्ध की ज्ञानस्थली विश्व के बौद्धों की आस्था का केंद्र, विश्व धरोहर सूची में सम्मिलित महाबोधि महाविहार का भारत के अन्य धार्मिक स्थलों के प्रबंधन की तरह संविधान लागू होने के पूर्व का असंवैधानिक बीटी एक्ट 1949 रद्द कर प्रबंधन पूर्णतः बौद्धों को सौंपा जाए। इस हेतु पूर्व में किये गए आंदोलनों के अतिरिक्त विभित्र बौद्ध एवं अम्बेडकरवादी संगठनों के द्वारा 12 फरवरी 2025 से निरंतर महाबोधि महाविहार मुक्ति आन्दोलन संचालित है, लेकिन 1949 (बीटी एक्ट) समाप्त कर प्रबंधन पूर्णत बौद्धों को नहीं सौंपा गया है। राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा पूर्व में भी इसके लिए सम्पूर्ण देश से 10 मार्च 2025 एवं 21 जुलाई 2025 को ज्ञापन पत्र सौंपे गए है। इसी प्रकार अम्बेडकर मांगलिक भवन को 1990 में निर्माण किया गया था। भवन सादा दीवालों से बिना छत के निर्माण किया गया जो वर्तमान में छत की सीमेंट की चद्दरें टूटकर गिर गई हैं। बिल्डिंग की दीवारें भी जीर्ण शीर्ण हो गयी हैं। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम होते रहे हैं। इस स्थिति में वहां कभी भी असामयिक बडी दुर्घटना घटित हो सकती है।

## उर्स मेले की तैयारियों के लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**ब्यावरा-राजगढ़** । कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उर्स मेले की तैयारियों का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने मेले में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मेले के प्रवेश और निकास द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। मेले में लगाए जाने वाले विभिन्न स्टॉलों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए, जिससे भीड़भाड़ की स्थिति न बने। साथ ही झूलों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि झूलों का संचालन पूरी तरह सुरक्षित तरीके से किया जाए और नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।


### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण द्वारा मोहम्मद शाकीर पिता दिन मोहम्मद निवासी 11 रामप्रसाद भार्गव मार्ग, जामा मस्जिद उज्जैन के आधिपत्य का भवन म्यु, क्रमांक 19. बजरंग नगर कॉलोनी उज्जैन में स्थित है, जिसे मोहम्मद शाकीर ने श्रीमती सायरा बी पति मोहम्मद साबिर निवासी बजरंग नगर कॉलोनी उज्जैन से अनुबंध पत्र दिनांक 10-07-2019 के माध्यम से क्रय अनुबंधि किया था जिसकी लंबाई 15.24 मीटर या 50 फीट, व चौड़ाई 4.57 मीटर या 15 फीट होकर कुल क्षेत्रफल 69.64 वर्गमीटर है जो दो मंजिला गार्डर फर्सी का पक्का निर्मित है भवन में नल बिजली चालु हालत में लगे है जिसके पूर्व में मुरली मनोहर, पश्चिम में भागवन्तीबाई, उत्तर में-रास्ता व दक्षिण में गली मिली है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि अदाकर दी है तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भवन के विक्रय पत्र का संपादन करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा, सूचित हो । 12 इति दिनांकः-2-03-2026 उज्जैन

**अचिंतदास कुशवाह (एडवोकेट)**
**एवं नोटरी बसंल टायपिंग सर्विस**
**कंठाल चौराहा उज्जैन म.प्र. मो. 98273-79240**
**कार्यालयीन समय- सुबह 9-30 से 11-00 बजे तक**
**सांय 7-30 बजे से रात्रि 9-30 बजे तक**



### दैनिक अवन्तिका

अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777



### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि पूर्व में पासपोर्ट क्रमांक J 0811621 में मेरा नाम आरिफ मोहम्मद खान (ARIF MOHAMMED KHAN) था- जो अब परिवर्तित होकर आरिफ मोहम्मद खान (ARIF MOHAMMAD KHAN) हो गया है। अतः अब भविष्य में मुझे मेरे इससे नए नाम से जाना-पहचाना जाए।

**आरिफ मोहम्मद खा - ARIF MOHAMMAD KHAN S/o**
**अब्दुल कादर खत 116 वार्ड नं. 03 सुसनेर हवेली मोहल्ला सुसनेर**
**जिला आगर मालवा - मध्यप्रदेश 465447**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमती पुष्पाबाई पति श्री दुर्गाशंकर, निवासी-ग्राम बिछडोद खालसा, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-288/1/3 (S) रकबा 0.20 हेक्टर एवं 288/3 (S) रकबा 0.56 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.7600 हेक्टर ग्राम बिछडोद इस्तमुरार, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से पूर्व में कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। मेरे पक्षकार द्वारा सौदा उपरांत भूमि स्वामी से विक्रय पत्र पंजीयन हेतु कई बार संपर्क किया किन्तु भूमि स्वामी द्वारा टाल-टूल, आना-कानी की जा रही है और अब तो संपर्क भी नही कर रहे है। मेरे पक्षकार को विश्वसनीय सुत्रो से ज्ञात हुआ है कि भूमि स्वामी उक्त कृषि भूमि को लालचवश अन्य व्यक्ति को विक्रय करने के प्रयास में है। इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त कृषि भूमि को क्रय करने का प्रयास न करे, अन्यथा ऐसा किया गया सौदा मेरे पक्षकार के साथ पूर्व में किये गये सौदे के समक्ष गलत व शून्य होगा, जिसका एकमेव दायित्व संबंधीत स्वय का रहेगा क्योकि भूमि स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार के साथ किया गया सौदा वर्तमान प्रभावशील है। सूचित हो। इति दिनांक-12.03.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**



In The Court Of III Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक)**

(MIC SUC/0000008/2026)

**चेतना चौहान उर्फ चव्हाण------- आवेदक**

**Vs**

**एच डी एफ सी लाईफ सर उठा कर जियो**
**द्वारा मुख्य प्रबंधक---- अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 16/04/2026**

**प्रेषिती**
**(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण**
**(2) आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चेतना चौहान उर्फ चव्हाण पति श्री आशीष कंडेकर, आयु-41 वर्ष, धंधा-गृहकार्य, जाति-मराठा, निवासी-18 सतीगेट गली नं 1 मुसद्धीपुरा उज्जैन एवं 65 कृष्णविहर कालोनी इंदौर रोड नानाखेडा उज्जैन की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम के अधीन पेश किया है कि आवेदिका मृतक श्रीमती संध्या चव्हाण पत्नी यादवराव चव्हाण निवासी 18 मुसद्धीपुरा सतीगेट गली नं.1 उज्जैन जो कि शासकीय विभाग में टीचर थी आवेदिका उनकी एक मात्र पुत्री एवं उत्तराधिकारी होकर एक मात्र वारिस है। श्रीमती संध्या चव्हाण द्वारा एक पालिसी क्रं.02000970 दिनांक 28/10/2010 को होल लाईफ मनीबेक आईएनजी लाइफ हेड ऑफिस बेंगलोर जिसकी ब्रांच स्थानीय फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारा के समीप उज्जैन से प्राप्त की थी जिसकी परिपक्वता तिथि दिनांक 28/10/2044 है, बाद में उक्त कम्पनी पॉलिसी के दौरान अन्य कम्पनियों में मर्ज होकर अंतिम बार अनावेदक क्र. 1 एचडीएफसी लाईफ सर उठाकर जियो द्वारा मुख्य प्रबंधक महाकाल वाणिज्य केन्द्र नानाखेडा उज्जैन में मर्ज होकर समस्त जिम्मेदारी उक्त कम्पनी की है। मृतक श्रीमती संध्या का स्वर्गवास दिनांक 12/10/2025 हो जाने से उक्त पॉलिसी पेटे जमा राशि जिसका एक पत्र आवेदिका को उक्त कम्पनी ने दिया है उस अनुसार 374039.73 पैसे एवं बोनस 102333.82 पैसे कुल योग 566373.55 पैसे का दिया है उक्त राशि आवेदिका प्राप्त करने की अधिकारी है तथा परिपक्वता दिनांक 28/10/44 तक ब्याज एवं लाभांश प्राप्त करने की भी अधिकारी है। आवेदिका पता ने मृतक श्रीमती संध्या चव्हाण पत्नी यादवराव चव्हाण निवासी 18 मुसद्धीपुरा सतीगेट गली नं.1 उज्जैन की उपरोक्त कम्पनी में उक्त राशि रुपये 566373.55 पैसे राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 अप्रैल 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 अप्रैल 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज तारीख 02 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा)**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## न्यूज कॉलम

### हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान की शिकायत

**मुंबई।** क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने यह शिकायत की है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में जश्न के दौरान पंड्या पर तिरंगे का सम्मान न करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान पर जश्न मनाते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़कर मैदान पर नाचते और दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि जश्न के दौरान पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे दिखे। उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा था। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है। वकील वाजिद खान ने कहा कि द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टु नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 के अनुसार तिरंगे की गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है। उनका आरोप है कि जश्न के दौरान हार्दिक पंड्या इस बात का ध्यान नहीं रख पाए, जिसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान माना जा सकता है। इस मामले में उन्होंने इसी कानून की धारा 2 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। यह कानून राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत तिरंगे को जमीन पर गिरने देना, उसे अनुचित तरीके से पहनना या किसी भी तरह उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना दंडनीय माना जाता है। खान ने बताया कि उन्होंने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी है। शुरूआत में पुलिस ने कहा कि घटना अहमदाबाद में हुई है, इसलिए मामला वहीं दर्ज होना चाहिए। हालांकि, खान ने तर्क दिया कि तिरंगा पूरे देश का राष्ट्रीय प्रतीक है, इसलिए इसकी शिकायत कहीं भी दर्ज कराई जा सकती है।

### जबलपुर से सप्लाई की गई शराब ट्रक सहित 203 पेटियां जब्त



**जबलपुर।** एमपी के जबलपुर स्थित वेयर हाउस से ट्रकों में अवैध रूप से शराब भरकर दूसरे जिलों को भेजी जा रही है। ऐसा खुलासा गोटेगांव में हुआ है। पुलिस ने ट्रक समेत शराब की 203 पेटी जब्त की है। पुलिस ने ट्रक चालक मोनू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रथम दृष्टया पुलिस का कहना है कि जबलपुर मार्ग पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। गोटेगांव में मुखबिर की सूचना मिलने पर पुलिस ने बेरीकेटिंग करके संदिग्ध ट्रक को रोका था। ट्रक की जांचण करने के दौरान उसमें शराब की पेटियां भरी हुई मिली। ट्रक चालक से इस शराब के दस्तावेज मांगे तो उसके पास कोई भी कागजात नहीं थे। लिहाजा पुलिस ने शराब अपने कब्जे में ली। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जांच शुरु कर दी गई है। जबलपुर के वेयर हाउस से शराब संबंधी जानकारी जुटाई जा रही है।

### फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21 प्रतिशत हुई, खाने-पीने की चीजें महंगी होने का असर

**नई दिल्ली।** फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% पहुंच गई है। इससे पहले जनवरी में यह 2.74% थी। आज 12 मार्च को ये आंकड़े जारी किए गए हैं। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह जंग लंबी चली तो कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और फल-सब्जी समेत हर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह खाने-पीने की चीजों के दामों का बढ़ना है। फूड इन्फ्लेशन फरवरी में बढ़कर 3.47% पर पहुंच गया। जनवरी में यह आंकड़ा केवल 2.13% था। ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहरों में महंगाई थोड़ी कम रही। ग्रामीण महंगाई जनवरी के 2.73% से बढ़कर 3.37% हो गई, जबकि शहरी महंगाई 2.75% से बढ़कर 3.02% रही। यह महंगाई के नए फॉमूर्ले (2024 बेस ईयर) के तहत जारी दूसरा आंकड़ा है। सरकार ने महंगाई नापने के बास्केट में भी बदलाव किया है। खाने-पीने की चीजों का वजन 45.9% से घटाकर 36.75% कर दिया गया है, जबकि हाउसिंग और बिजली-गैस का वजन बढ़ा दिया गया है। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए औसत महंगाई दर 2.1% रहने का अनुमान लगाया है। हालांकि, अप्रैल-जून की तिमाही में यह बढ़कर 4% और अगली तिमाही में 4.2% तक जा सकती है। फिलहाल महंगाई आरबीआई के तय लक्ष्य (4%) के भीतर ही है, जिससे बाजार को उम्मीद है कि नीतिगत दरों में तुरंत कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

### कलेक्टर प्रीति यादव ने पीएम श्री स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण



**आगर मालवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने बुधवार को पीएम श्री शासकीय स्कूल पालखेड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में संचालित मॉडर्न आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, साइंस लैब, ब्यूटी एंड वेलनेस लैब तथा ग्रीन गार्डन सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध डिजिटल संसाधनों की जानकारी लेते हुए इनके प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा करते हुए अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए विद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पालखेड़ी एवं बड़गोन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से प्राप्त की तथा कुपोषित बच्चों की संख्या और उनके उपचार व पोषण सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध एलईडी टीवी को बच्चों के शैक्षणिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के लिए नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाओं एवं टीकाकरण की स्थिति की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद किया तथा उनसे कविताएं भी सुनीं और उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान बी.एस. सोलंकी, राजीव गुप्ता, संजय सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के.एस. मालवीय एवं सरपंच गोवर्धन सिंह चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया।

# भोपाल में इल्लीगल गैंग के 6 गुर्गे गिरफ्तार

## सरगना को पुलिस ने शादी के मंडप से उठाया था, पुजारी का अपहरण कर 50 हजार वसूले थे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल



भोपाल की कोहेफिजा पुलिस ने इल्लीगल गैंग के सरगना आकाश उर्फ भूरा हड्डी और उसके पांच गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया है। भूरा को पुलिस ने शादी के मंडप से बुधवार को गिरफ्तार किया था। सभी ने एक पुजारी का अपहरण किया था और उससे 50 हजार रुपए की वसूली की थी। आरोपियों ने पूछताछ में अहम खुलासे किए हैं। आकाश ने पुलिस को बताया कि शादी के लिए पैसों की जरूरत थी। साथी आकाश उपाध्याय ने पुजारी को किडनैप कर वसूली का आईडिया दिया था।

वह पुलिस तक न पहुंचे इसके लिए रेप केस में फंसाने और लड़की को पुजारी तक पहुंचाने की पूरी प्लानिंग आकाश उपाध्याय ने की थी। पुजारी को बंधक तौफीक उर्फ शूटर के ईदगाह हिल्स मल्टी स्थित फ्लैट में रखा था। वसूली गई रकम का कुछ हिस्सा शादी हल्दी के दिन खर्च कर दिया था। वहीं पुलिस को आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक और फोन की जब्ती की जाना है। लिहाजा आरोपियों को तीन दिन की रिमांड पर लिया गया है। डीसीपी मयूर खंडेलवाल ने बताया कि 26 वर्षी पुजारी संजीव नगर में रहता है। वहीं पुजारी और उसकी दोस्ती आकाश भूरा गिरोह के आकाश उपाध्याय से थी। आकाश उपाध्याय ने 10 मार्च 2025 को पुजारी को जैन नगर स्थित अपने कमरे पर बुलाया और कहा कि परिचित युवती को लालघाटी से पिक कर यहां तक ले आ। फरियादी उसके बताए अनुसार युवती को कमरे तक लाया। चंद मिनट में आकाश यहां से चला गया। इसी बीच आकाश हड्डी साथियों के साथ रूम पर आ गया। आते ही उन्होंने मारना और पीटना शुरू किया और आरोप लगाया कि युवती से रेप की कोशिश कर रहा था।

### फ्लैट में बंधक बनाकर पीटा था

आरोपियों ने पुजारी को पीटते हुए कहा कि बचना है तो आठ लाख रुपए दे दो। इसके बाद आरोपी जबरन बाइक पर बैठाकर पुजारी को ले गए। मल्टी बाजपेयी नगर में तौफीक के फ्लैट में बंधक बनाकर पीटा और उनके भाई से कॉल कर भाई को बचाने के एवज में 50 हजार रुपए की ऑन लाइन वसूली की और साढ़े सात लाख रुपए और पांच किश्तों में देने की बात कही। बात नहीं मानने पर लड़की को थाने भेजकर रेप केस दर्ज कराने की धमकी दी। पचास हजार रुपए वसूलने के बाद आरोपियों ने फरियादी को छोड़ दिया, 11 मार्च को पीड़ित ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज करा दी।

## दो दिवसीय कृषि मेले का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में जिले में दो दिवसीय कृषि मेले का शुभारंभ गुरूवार को परेड़ ग्राउण्ड पर किया गया। मेले का उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खेती की लागत कम करना और किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत किसानों को नई तकनीकों, योजनाओं और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि मेले जैसे आयोजनों से किसानों को नई जानकारी और उन्नत तकनीकों को समझने का अवसर मिलता है। आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों, वैज्ञानिक पद्धतियों और नवाचारों को अपनाकर किसान अपनी फसल का उत्पादन बढ़ा सकते हैं और कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर कलेक्टर ने सुनी कहानियां

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

जिला कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने बुधवार को आजीविका मिशन से जुड़ी समूह महिलाओं के बीच पहुंचकर उनके आत्मनिर्भर बनने की प्रेरक कहानियों को सुना। खास बात यह रही कि महिलाओं से संवाद के दौरान कलेक्टर स्वयं जमीन पर बैठ गईं और उनके लखपति बनने की दास्तां बड़े ध्यान से सुनी। कलेक्टर यादव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी ने आगर विकासखंड के ग्राम पालखेड़ी एवं तानोडिया का भ्रमण कर स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों का जायजा लिया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत बीएस सोलंकी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव गुप्ता, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन संजय सक्सेना, जिला प्रबंधक मुकेश पवार, आजीविका मिशन के ब्लॉक सदस्य यशवंत मेवाड़ा, रिजवान खान, भरत शोभाकर सहित अन्य अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अमला उपस्थित रहा।

कलेक्टर यादव ने अपने भ्रमण की शुरूआत ग्राम पालखेड़ी से की। यहां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित पशु आहार निर्माण इकाई का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण प्रक्रिया को देखा तथा उत्पाद की गुणवत्ता और पैकेजिंग के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। महिलाओं ने बताया कि बैंक ऋण के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर वे आत्मनिर्भर बन रही हैं और कई महिलाएं लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर लोक अधिकार केंद्र संचालित करने वाली महिलाओं ने भी अपने कार्यों की जानकारी कलेक्टर को दी। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम तनोडिया का भ्रमण किया, जहां महिलाओं द्वारा निर्मित वॉशिंग उत्पाद, अगरबत्ती, घी, साड़ी सहित अन्य उत्पादों का निरीक्षण किया। महिलाओं से संवाद के लिए कलेक्टर जमीन पर बैठकर उनसे चर्चा करती नजर आईं। महिलाओं ने बताया कि वॉशिंग उत्पादों के अलावा समूहों द्वारा दाल निर्माण, चूड़ी निर्माण सहित कई गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

## दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान एवं प्रमाण पत्र के लिए विशेष शिविरों की शुरूआत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा



कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, द्वारा दिव्यांग बच्चों (0 से 18 वर्ष) की शीघ्र पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के उद्देश्य से विशेष शिविरों की श्रृंखला प्रारंभ की गई। इसी क्रम में प्रथम शिविर का आयोजन नवीन जिला चिकित्सालय परिसर में किया गया।

शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर सिविल सर्जन डॉ. कुरील, जिला मेडिकल बोर्ड सदस्य डॉ. आर.एन. मालवीय, डॉ. शशांक सक्सेना, डॉ. सागरिया, डॉ. परमार, डॉ. राहुल गौड़ तथा सामाजिक न्याय विभाग शाखा प्रभारी निलेश झासिया द्वारा किया गया। शिविर के दौरान डीडीआरसी के प्रशासनिक अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा 16 दिव्यांग बच्चों का पंजीयन किया गया तथा मेडिकल बोर्ड द्वारा उनका परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों का पुष्पहार से स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा अन्य बच्चों एवं अभिभावकों को भी शिविर का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शाखा प्रभारी सामाजिक न्याय विभाग निलेश झांसिया ने बताया कि विभाग द्वारा पूर्व में क्लस्टरवार शिविर आयोजित कर दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन किया गया था। माननीय उच्च न्यायालय की जेजेसी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर के निर्देशानुसार पुनः संशोधित शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रथम शिविर आयोजित किया गया, जबकि द्वितीय शिविर 13 मार्च 2026 को जनपद पंचायत बड़ौद में जिला मेडिकल बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

**आगर मालवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वर्ष-2026 की प्रथम लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च, शनिवार को किया जाएगा। नेशनल अदालत जिला न्यायालय आगर-मालवा एवं तहसील न्यायालय सुसनेर और नलखेड़ा में आयोजित होगी।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या:** SnT_RTM_26_01_SIGNAL, **दिनांक:** 10.03.2026. **कार्य का नाम:** नीमच स्टेशन: नीमच - बड़ी सादरी नई लाइन परियोजना की कनेक्टिविटी के लिए आंतरिक कार्य करना से संबंधित सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु 1,55,47,815.44. **बयाना राशि:** रु 2,27,700/-. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 06.04.2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 06.04.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा सिर्फ ऑनलाइन E-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है। DE/6/1/505

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व सबंधित को सूचित किया जाता है. कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी शकरलाल पिता गौरीलाल जी, निवासी 85, गोंदा की चौकी, सती मार्ग, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु, कमाक 10 स्थित मोहल्ला खेतवाडी, बुधवारिया हाट, उज्जैन में है। उक्त भवन के भूखंड का कुल क्षेत्रफल 1520-00 वर्गफीट लगभग है तथा भवन म्यु. कमांक 9/3 स्थित सती मार्ग, गली नंबर 03, मोहल्ला खेतवाडी, उज्जैन में है। उक्त भवन के भूखंड का कुल क्षेत्रफल 12.73 वर्गमीटर अर्थात 137-00 वर्गफीट है तथा भवनस्वामीनी श्रीमति दीपेश शर्मा पति सत्यनारायण जी शर्मा, निवासी 28, शिवालय, हरिफाटक रिंग रोड, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु. कमांक 10/2 स्थित सती मार्ग, गली नंबर 03. मोहल्ला खेतवाडी, उज्जैन में है। उक्त भवन के भूखंड का कुल क्षेत्रफल 29.31 वर्गमीटर अर्थात 315-00 वर्गफीट है। इस प्रकार संपूर्ण भवन का कुल क्षेत्रफल 1657-00 वर्गफीट लगभग है। उक्त भवन दो मंजिला गार्डर फर्शी का निर्मित है. को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित अनुबंध पत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हित्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमागण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पजीयन करवा लवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक- 12-03-2026

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर सीएफ-8, भरतपुरी शाविंग, काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 99254 66157**

## कलेक्टर ने वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की बैठक ली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

ऑयल कंपनियों के निदेर्शानुसार वर्तमान में कमर्शियल एलपीजी (बल्क एवं पैक्ड) की सप्लाई नहीं किए जाने की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने गत दिवस जिले के बड़े वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की बैठक ली गई। बैठक में होटल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को उपलब्ध एलपीजी स्टॉक का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही उनकी ईंधन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वैकल्पिक ईंधन आपूर्ति एवं अन्य उपलब्ध स्रोतों का उपयोग करने हेतु कहा गया बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी मनोहरलाल मालवीय एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी.एस. जामोद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एडीएम ने बैठक लेकर दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में 13 मार्च को जिले में प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा गुरूवार को अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभागवार दायित्वों की विस्तृत समीक्षा की गई। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने कहा कि मंच व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात सहित सभी व्यवस्थाएं बेहतर एवं सुव्यवस्थित रहें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रहलादसिंह पिता रामनिवासजी राजपुत निवासी ग्राम मकड़ावन तहसील बडनगर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 307 रकबा 5.25 में से 2.30 हे. जो ग्राम मकड़ावन तहसील बड़नगर मे स्थित है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि क्रय करने का सोदा भूमि स्वामी प्रहलादसिंह पिता रामनिवासजी राजपुत निवासी ग्राम-मकड़ावन तहसील बडनगर के माध्यम से तय कर बयाना राशि भुगतान कर दी है तथा शिघ्र ही भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित एवं पंजीकृत होना है ।

अतः यदि उक्त भूमि में किसी व्यक्ति संस्था निजी ऋणदाता का कोई हित, स्वत्व, अनुबंध, मुखत्यारनामा, रहननामा आदि हो या उक्त संपती के संबध मे कोई न्यायीक या पारिवारीक विवाद हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस मे मय प्रमाण मेरे कार्यालय मे आकर सम्पर्क करे अन्यथा मेरे पक्षकार अनुबंधीत भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित करा लेगे जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ती स्वीकार नही होगी ।

दिनांक-12-03-2026

**कमलसिंह पडिहार अभिभाषक**
**न्यायालय परिसर बड़नगर जिला, उज्जैन**
**मो. 9406660991**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामि शिखरचन्द खाबिया पिता श्री झमकलाल जी खाबिया, श्रीमती नीना पति शिखरचन्द खाबिया, अक्षत पिता शिखरचन्द खाबिया समस्तगण जाति- जैन, निवासीगण महात्मा गांधी चौक बडनगर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे कमांक 435/3 रकबा 0.300 हे0 में से 0.150 हे0 सर्वे कमांक 435/2 रकबा 0.440 हे० में से रकबा 0.250 हे0 स्थित ग्राम कजलाना तहसील, बडनगर की भूमि को कय करने का सौदा तय कर लिया गया है, तथा शीघ्र ही मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित विक्रयशुदा भूमि के विकय मूल्य की शेष राशि अदा कर उपरोक्त वर्णित भूमि का पंजीकृत विकय पत्र अपने पक्ष में संपादित करा लिया जावेगा। यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय या निजी संस्थान का उक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई ऋण बकाया हो या उक्त भूमि के विक्रय के संबंध में अन्य कोई आपत्ति हो अथवा किसी भी न्यायालय में कोई वाद विचाराधिन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेज के मेरे कार्यालय पर आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद गुजरे मियाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित विक्रयशुदा भूमि का विकय पत्र असल भूमि स्वामी से अपने पक्ष में संपादित करा लिया जावेगा जिसके बाद प्रस्तुत कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के स्वत्वो व हितो पर प्रभावी / बंधनकारक नही होगी। सूचित हो।

दिनांक- 12/03/2026

**सचिन पण्ड्या एडवोकेट**
**कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827515711**

### In The Court Of III Civil Judge Class-1, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MjC SUC/0000010/2026)**
**किरण पाठक.......................... आवेदक**
**विरुद्ध**
**प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ोदा...................अनावेदक**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक :- 25/03/2026**

प्रेषिती
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) जाम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्र.1 किरण पाठक पति स्व. मनोज पाठक, आयु-58 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, क्र.2 स्वप्नदीप पिता स्व. मनोज पाठक, आयु 28 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, क्र.3 जिज्ञ-ासा पाठक पिता स्व. मनोज पाठक, आयु-32 वर्ष, निवासीगण- 2/12 पाठक हाउस खेडापति हनुमान मंदिर के सामने ग्राम नवाखेडा पोस्ट नवाखेडा तहसील व जिला उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदिका के पति तथा आवेदकगण क्रं.2 व 3 के पिता श्री मनोज पाठक का स्वर्गवास दिनांक 14/12/2024 हो चुका है। आवेदिका के ससुर तथा शेष आवेदकगण क्र.2 व 3 के दादा श्री राधेश्याम का स्वर्गवास पूर्व में हो चुका है। स्व. राधेश्याम के सगे भाई श्री गोपाल पाठक थे तथा उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पलता पाठक स्व. मनोज की काकी थी। श्रीमती पुष्पलता का स्वर्गवास दिनांक 03/12/2024 को हो चुका है तथा गोपाल पाठक का स्वर्गवास पूर्व में हो चुका है। स्व. श्रीमती पुष्पलता पाठक एवं गोपाल पाठक की कोई संतान नहीं थी। श्रीमती पुष्पलता पाठक ने अपने जीवनकाल में इंदौर में निवास किया, म प्र प क्षे विद्युत वितरण कंपनी में सेवारत रही एवं सेवानिवृत्ती के पश्चात भी इंदौर में ही निवासरत रहीं है एवं सेवा में रहने तथा में निवास करने के दौरान श्रीमती पुष्पलता का अनावेदक क्र.1 प्रबंधक, बैंक ऑफ बडौदा, शाखा गुमास्ता नगर सेक्टर ए सुदामा नगर इंदौर मप्र में एक खाता क्रमांक-35480100008702 होकर उक्त खाते में श्रीमती पुष्पलता पाठक द्वारा अपने भतीजे मनोज पाठक को नॉमिनी नियुक्त किया गया था। आवेदिका के पति तथा आवेदकगण क्र.1 व 2 के पिता स्व. मनोज पाठक का स्वर्गवास उक्त दिनांक को हो जाने के कारण स्व. मनोज के वैध वारिसान में आवेदिका क्र. 1 उनकी पत्नी होने के नाते तथा आवेदकगण क्र.2 व 3 उनके पुत्र-पुत्री होने के नाते वैध वारिसान है इसके अलावा स्व. मनोज के अन्य कोई वैध वारिसान नहीं है। आवेदकगण पता ने मृतक श्रीमती पुष्पलता पाठक श्री गोपाल पाठक, निवासी- इंदौर म प्र की अनावेदक के 1 के उक्त खाता क्रमांक में जमा राशि एवं एफ डी आर की राशि सपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 मार्च 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 मार्च 2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 06 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

कृपया ध्यान देंः

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायाधीश**
**सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड उज्जैन मप्र**

न्यूज कॉलम



## राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए मन्दसौर की बेटियों का चयन

**मन्दसौर** जिले के खेल जगत के लिए गौरव का क्षण है कि स्थानीय खिलाड़ी रंजना कैथवास और खुशी ग्वाला का चयन राष्ट्रीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। कोच अभिषेक सेठिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 26वीं यूथ राष्ट्रीय बालक-बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 20 मार्च 2026 तक भुवनेश्वर, ओडिशा में होगा। इस मुख्य प्रतियोगिता में शामिल होने से पूर्व दोनों खिलाड़ी 5 मार्च से 12 मार्च तक भोपाल में आयोजित होने वाले प्री-नेशनल कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। रंजना और खुशी इस प्रतिष्ठित आयोजन में मध्य प्रदेश की यूथ बालिका टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर मन्दसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कियावत, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, सचिव त्रिभुवन कवीश्वर सहित खेल विभाग के अधिकारियों और विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के खेल प्रशिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मन्दसौर में 25 दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन



**मंदसौर।** भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योगपीठ के निदेर्शानुसार मन्दसौर नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के समापन पर आयोजित परीक्षा में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य योग शिक्षक महेश कुमावत ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को अष्टांग योग, जल नेति, षट्कर्म, और विभिन्न रोगों के उपचार हेतु विशिष्ट योगासनों का अभ्यास कराया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा, आहार विज्ञान और दिनचर्या जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण से कई प्रतिभागियों को मोटापा, जोड़ों के दर्द और तनाव जैसी समस्याओं में राहत मिली है। चयनित प्रतियोगियों को आगामी प्रशिक्षण हेतु स्वामी रामदेव के सानिध्य में हरिद्वार भेजा जाएगा। शिविर के सफल संचालन में स्थानीय योग शिक्षकों और चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु बालिकाओं में एचपीवी टीकाकरण का उत्साह



**मन्दसौर।** जिले में बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से 14-15 वर्ष की बालिकाएं उत्साहपूर्वक वैक्सीन लगवा रही हैं। इस अभियान को मजबूती देने के लिए जिले की महिला चिकित्सकों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई है। स्त्री रोग विशेषज्ञों ने स्वयं और अपने परिजनों का टीकाकरण करवाकर समाज के सामने एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम कर देती है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति में न आएं और अपनी बेटियों को समय पर यह सुरक्षा कवच प्रदान करें ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके।

## पोरवाल सोशल ग्रुप की नई कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**मंदसौर।** दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप के आगामी सत्र 2026-2027 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। सीए मयंक जैन की अध्यक्षता में आयोजित इस चुनाव प्रक्रिया के बाद रितेश भगत को आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष और शुभम पोरवाल को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्था के मार्गदर्शन के लिए सुधीर गुप्ता को संरक्षक, अशोक उकावत को मार्गदर्शक और प्रमोद जैन को संयोजक मनोनीत किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर संजय जैन, सहसचिव अंकुश जैन, कोषाध्यक्ष पियूष जैन और प्रवक्ता के रूप में विकास कोठरी को शामिल किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज सेवा के कार्यों को गति देने और संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ अपना कार्यभार ग्रहण किया है। वर्तमान टीम ने नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



### वेस्टर्न रेल्वे मजदूर संघ का महिला सम्मेलन शक्ति पर्व सम्पन्न ’

# समाज में सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर महिला का अधिकार- डॉ. शर्मा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की महिला समिति द्वारा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में रेलवे कॉलोनी स्थित सांस्कृतिक सभागृह में ळ -20 विश्वकप विजेता महिला क्रिकेट टीम को समर्पित महिला शक्ति पर्व का आयोजन दिनांक 11 मार्च बुधवार को किया गया जिसकी मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना शर्मा उपाध्याय,अध्यक्ष परे महिला कल्याण समिति रतलाम, विशेष अतिथि महामंत्री आर जी काबर, अध्यक्ष हिरेन मेहता, राजकोट मंडल मंत्री सचिव अवनि ओझा , जोनल जे सी बैंक डायरेक्टर रश्मि चौधरी , मजदूर संघ के मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी थे ।

अतिथियों का स्वागत महिला संयोजक संध्या यादव, अध्यक्ष रंजीता वैष्णव, महिला सचिव उषा खिंची,युवा महिला अध्यक्ष श्रेया चोऋषि ने किया । डॉ. अर्चना शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में अग्रणी हैं उन्हें अपनी काबिलियत एवं मेहनत से हर कार्य क्षेत्र में सफल है एवं समाज में सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलना हर महिला का अधिकार है।



जोनल जेसी बैंक डायरेक्टर रश्मि चौधरी ने संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण की बात कही आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वह जीवन में अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम को आर जी काबर, अवनी ओझा, अभिलाष नागर, संध्या यादव उषा खींची ने भी संबोधित किया। पूर्वा कोठारी एवं पूर्व कोठारी ने महिला शक्ति पर स्वरचित कविता पाठ किया ।

मंडल प्रवक्ता गौरव दुबे ने बताया कि अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली रेल कर्मचारी महिलाओं लीना नागदे, ममता वर्मा, कोमल जोशी, उदय कुंवर,दीपमाला पंवार, मोना मीणा, सपना कुलकर्णी मीणा बोरासी, हेमा महावर, राजकुमारी का सम्मान किया गया साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा टी ट्वेंटी विश्वकप जीतने पर यह कार्यक्रम उन्हीं को समर्पित करते हुए विभिन्न खेल आयोजित किए गए ’ सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आई लगभग 300 महिला रेल कर्मचारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रेया चौऋषिया ने किया एवं आभार रंजीता वैष्णव ने व्यक्त किया ।

# महिला दिवस पर रतलाम पुलिस ने किया महिला सम्मान समारोह का आयोजन

**समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान, महिला सुरक्षा व अधिकारों पर किया गया**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रतलाम पुलिस द्वारा समाज में उत्कृष्ट सेवाभावी कार्य करने वाली तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं के सम्मान में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय भोपाल से विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) के निर्देशन में आयोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य उन महिलाओं का उत्साहवर्धन करना था, जिन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों की रोकथाम और महिला संबंधी अपराधों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने में उल्लेखनीय कार्य किया है।

पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में महिला थाना रतलाम में आयोजित समारोह में समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का आयोजन महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती रेखा चौधरी एवं थाना स्टाफ द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसी क्रम में थाना कालूखेड़ा में भी थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह चौहान एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं को पुष्पहार, शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई।




कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को महिला सुरक्षा, महिला अपराधों की रोकथाम, साइबर अपराधों से बचाव तथा उनके कानूनी अधिकारों के संबंध में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार के अपराध या उत्पीडन की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें।

रतलाम पुलिस द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देते हुए समाज में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।




## बिबडोद सेवा मंडल का नवीन गठन

**रतलाम।** अति प्राचीन मंदिर बिबडोद तीर्थ से जुड़ा बिबडोद सेवा मंडल का नवीन गठन चैत्र वदी अष्टमी 11 मार्च 2026 को लक्कड़पीठा स्थित एक प्रतिष्ठान में किया गया।

सर्वसम्मति से सरंक्षक के रूप में महेंद्र चोरडीया, शांतिलाल मालक, विजय वोरा, विमल गुगलिया, श्रीपाल मांडोत को मनोयन किया गया। साथ ही अशोक भाणावत को बिबडोद सेवा मंडल का संयोजक मनोनीत किया। सेवा मंडल में अध्यक्ष आतिश कुमार बोकाडिया, सचिव मनीष तलेरा, सहसचिव संजय लसोड़, कोषाध्यक्ष नरेंद्र भाणावत, उपाध्यक्ष राजेश रांका, राजेश पोरवाल (काकड़ीवाला), निलेश छाजेड़, साथ ही मीडिया प्रभारी भावेश डोसी का भी मनोनयन किया गया। बिबडोद सेवा मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण कई वर्षों से बिबडोद तीर्थ की सेवा कार्यक्रमों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा रतलाम नगर में भी जैन श्री संधो के साथ सेवा कार्यों में जुड़े रहता है। सेवा मंडल मनोनयन के अवसर पर कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। शांतिलाल बाबैल, राजेश पोखरना, अखिलेश चोपड़ा, राजेश सुराना, मुकेश तातेंड, कमलेश बम अभय सिसोदिया, संजय कटारिया आदि कार्यकारिणी का मनोयन हुआ।

## ड्रग्स की तस्करी करते हुए एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रतलाम।** शहर के दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ड्रग्स (एमडी) की तस्करी का मामला सामने आया है। तस्करी करते हुए एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपी से 11 ग्राम एमडी जिसकी कीमत 1 लाख 10 रुपए को भी जप्त किया। दीनदयाल नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव के अनुसार बुधवार शाम को मुखबिर सूचना मिली थी कि बिबड़ौद रोड स्थित स्वर्ण सागर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सुचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी हुमायूं पिता शहाबुद्दीन छिपा 63 वर्षीय निवासी राम रहीम नगर को गिरफ्तार किया। आरोपी हुमायु की तलाशी लेने पर उसके पास से 11 ग्राम एमडी जिसकी कीमत 1 लाख 10 हजार रुपए जप्त की।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभी तक डी.आर. के आदेश नहीं किए!

**पेंशनर्स, फैमिली पेंशनर्स में पुन: असंतोष व्याप्त**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

मुख्यमंत्री द्वारा होली पर्व पर प्रदेश के कर्मचारियों के साथ पेंशनर्स को भी 3 प्रतिशत महंगाई राहत कुल 58 प्रतिशत डी.आर. स्वीकृति की घोषणा की थी परंतु आज दिन तक स्वीकृति आदेश नहीं हुए। इससे प्रदेश पेंशनरों में चिंता एवं असंतोष उपज रहा है। वैसे भी 3 प्रतिशत डी.आर. जुलाई 25 से नहीं देते हुए जनवरी 26 से देने की घोषणा की इससे साढ़े चार लाख पेंशनर्स उपेक्षित हुए है। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांताध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा ने मासिक बैठक में कहा कि शासन लगातार पेंशनरों के प्रति पेंशनर्स विरोधी नीति आजमा रही है। जो असहनीय है।

पेंशनर्स बैठक में सचिव एम.एल. नगावत, प्रचार प्रसार सचिव दुर्गेश सुरोलिया, संगठन सचिव रणजीतसिंह राठौर, उपाध्यक्ष हरिश बिंदल, जयवंत गुप्ते, महिला सचिव आशा श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि अब हमें आगामी भोपाल में पुख्ता आंदोलन की तैयारी करना चाहिए। इस बाबत प्रांतीय संघर्ष समिति का गठन किया जाएं। संगठन को दृढ़ता एवं विस्तारित सदस्यता वृद्धि हेतु विभागीय प्रोग्रेसिव पेंशनर्स समिति संयोजक सर्व सम्मति से मनोनित किये गए। एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव म.प्र. शासन द्वारा 1-10-21 से 1-1-2025 तक का 63 माह का महंगाई राहत एरियर पेंशनरों को मिलना था वह नहीं दिया गया इस हेतु संगठन द्वारा पेंशनरों के हक के लिए उच्च न्यायालय इंदौर में याचिका लगाने का सर्व सम्मत निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नवीन पेंशनर सदस्य सत्यनारायण काबरा, गोपालदास बैरागी, जयप्रकाश शर्मा द्वारा संगठन की सदस्यता ग्रहण करने पर पुष्पमाला से स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आभार कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार बेनावत ने किया।

# मंडी में टोकन वाले लहसुन के वाहनों को प्रवेश नहीं दिए जाने से भड़के किसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

लहसुन की एशिया की मानी हुई कृषिउपज मंडी में अव्यवस्थाओ के चलते आये दिन कभी किसानों से दुर्व्यवहार, कभी व्यापारी तो कभी हम्मालो के विवाद से मंडी में अवरोध पैदा होते है और स्थानीय किसान के साथ दूर दराज से लहसुन बेचने आये किसान बेवजह परेशान होते रहते है।बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि 12-45 बजे उस समय किसान आक्रोशित होगये जब मंडी प्रांगण में जगह होने के बावजूद लहसुन से भरे वाहनों को मंडी में प्रवेश से रोका गया जबकि मंडी द्वारा वाहनों के प्रवेश को लेकर किसानों को विधिवत टोकन जारी किए गए थे।आक्रोशित किसानों ने रात को ही कांग्रेसनेता मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा को कृषिउपज मंडी बुलवाया किसानों ने बताया की जितने टोकन जारी किए गए थे उतने वाहनों को मंडी में प्रवेश नही दिया जारहा है हम 4,5 दिन से परेशान होरहे है टोकन के बाद में भी अंदर नही लिया गया।कांग्रेसनेता अनिल शर्मा ने गेट पर तैनात मंडी कर्मचारियों से वाहनों को अंदर प्रवेश पर चर्चा की इस बीच काफी गहमा गहमी भी हुई शर्मा ने अधिकारियों को सारी स्थिति से अवगत करवाया की मंडी प्रांगण में काफी जगह होने के बावजूद टोकन वाले वाहनों को प्रवेश से रोका जारहा है इन्हें तत्काल प्रवेश दिया जाय,इस पर से लहसुन वाहनों को मंडी में प्रवेश दिया गया।शर्मा ने कहा कि लहसुन की बम्पर आवक के चलते किसी भी एक जिम्मेदार अधिकारी की ड्यूटी रात्रि में भी लगाई जाए जिससे गेट पर तैनात कर्मचारी मनमानी नही कर सके और विवाद नही हो।



**लापरवाही से मनासा मार्ग पर लगता है जाम**

मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि मंडी प्रशासन की लापरवाही से मनासा मार्ग पर लहसुन से भरे वाहन सड़क की दोनों ओर अव्यवस्थित खड़े रहते है जिससे हमेशा जाम लगता है और वाहन चालक बेवजह परेशान होते रहते है।कई बार जाम में एम्बुलेंस भी फस जाती है,मंडी प्रशासन को लहसुन के वाहनों को कृषि उपज मंडी के पीछे काफी जगह है वहा खड़े करवाना चाहिए।शर्मा ने किसानों की समस्याओं से जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर,मल्हारगढ़ क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसोदिया को भी अवगत करवाया है।

## दूरदर्शन के राष्ट्रीय मंच पर गूंजी मन्दसौर के कलाकार की स्वर लहरियां

**मंदसौर।** जिले के दलोदा सगरा निवासी प्रख्यात कलाकार चंदन आर्टिस्ट वैष्णव ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से कला जगत में जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में डीडी मध्य प्रदेश पर आयोजित एक विशेष लाइव कार्यक्रम में चंदन वैष्णव ने अपनी मखमली आवाज में भावपूर्ण गजल प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन के साथ-साथ उन्होंने अपने सैक्सोफोन वादन से फिल्मी गीतों की ऐसी सुरीली तानें बिखेरीं कि प्रदेशभर के श्रोता उनकी कला के कायल हो गए। उल्लेखनीय है कि चंदन एक कुशल तबला वादक भी हैं और हाल ही में उन्होंने उज्जैन के 'विक्रम महोत्सव' में अपने गुरु डॉ. परमानंद के साथ संगत कर विशेषज्ञों की प्रशंसा बटोरी थी। एक छोटे से गांव से निकलकर राष्ट्रीय स्तर के मंच तक पहुंचने की उनकी इस सफलता पर समूचे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और संगीत प्रेमियों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है।



**रेलवे खेल मैदान पर जे.जे. माहूरकर स्मृति**

## अंतर विभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता, लेखा विभाग की जीत



**रतलाम।** रेलवे खेल मैदान पर आयोजित स्वर्गीय जे.जे. माहूरकर स्मृति अंतर विभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को चार मुकाबले खेले गए। एक रोमांचक मैच में लेखा विभाग ने कंट्रोल विभाग को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। लेखा विभाग और कंट्रोल विभाग के बीच खेले गए मुकाबले में लेखा विभाग के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। लेखा विभाग के गौरव दुबे ने चौके-छक्कों की बरसात करते हुए 38 रन बनाए, वहीं यशवंत कैथवास ने 40 रनों की बेहतरीन पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए यशवंत कैथवास को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक नूपुर चौधरी ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया। इस अवसर पर वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के मंडल मंत्री अभिलाष नागर, मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी, ऑल इंडिया रेलवे अकाउंट्स स्टाफ एसोसिएशन के कम्युनिकेशन सेक्रेटरी प्रकाश व्यास, प्रतियोगिता संयोजक नरेंद्र सिंह सोलंकी, भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप बरोठिया सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गुलाब चक्कर 11 दिवसीय योग शिविर का शंखनाद

**रतलाम।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार युवा भारत रतलाम, अनुनाद सांस्कृतिक सेवा एवं जनकल्याण समिति के अजीत जैन, योगगुरु विशाल कुमार वर्मा के प्रयासों से हर जन सर्व धर्म सदभाव लिए योग से निरोग महायज्ञ प्रकृति योग संगीत त्रिवेणी संगम स्वास्थ्य से समृद्धि जीवदया ही परमार्थ सेवा संकल्प लिए 11 दिवसीय निःशुल्क इंटिग्रेटेड योग ध्यान शिविर 12 मार्च से 22 मार्च 2026 तक प्रातः 06 से 08 बजें तक हृदय केन्द्र गुलाब चक्कर पर दीप प्रज्वलन कर योग का शंखनाद किया गया।

In The Court Of IX Civil Judge Class II, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**सुश्री ज्योति फुसकेले**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000418/2025)
**श्रीमती मानकुंवर------- वादी**
**Vs**
**श्रीमती नागीबाई.... प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 23/03/2026**

**प्रेषिती**
(1) उमाबाई पति छोगालाल पिता स्व कस्तुरचंद पाटीदार पता- ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र
(2) दीपमाला पिता स्व श्री कांतिलाल पाटीदार पता-ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र
(3) बापू बाबु पिता अमृतलाल पता-ग्राम पाटन तह आलोट जिला रतलाम
(4) प्रेम पिता स्य श्री कस्तुरचंद पता- ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र
(5) रमेश पिता स्व. श्री कस्तुरचंद पता- ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र
(6) श्रीमती सपना पत्ति स्व. श्री कांतिलाल पता-ग्राम लदुना तह सीतामउ जिला मंदसौर मप्र

यह कि प्रार्थीगण क्रं. 1 श्रीमती मानकुंवर पति श्री रतनलाल, आयु-80 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, क्रं.2 रतनलाल पिता श्री नारायण, आयु-83 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, निवासी-ग्राम ताजपुर तहसील व जिला उज्जैन म प्र ने आपके विरूद्ध एक वाद वास्ते स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु ग्राम ताजपुर तहसील व जिला उज्जैन म प्र में एक कृषि खाता सर्वे क्रमांक 837 रकबा 1.93 हेक्टेयर, बंदोबस्त पूर्व सर्वे क्रं. 643 के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 11 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सुश्री ज्योति फुसकेले)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश,**
**कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।




## पार्टी के एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुई ग्राम पंचायत की सरपंच पाटीदार

**महिदपुर रोड।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत इंदौर में एक दिवसीय विषय वक्ता प्रशिक्षण सह कार्यशाला में महिदपुर रोड ग्राम पंचायत की सरपंच ऋतु पाटीदार जिला मंत्री भाजपा पदाधिकारी के रूप में शामिल हुई। सरपंच पाटीदार ने बताया कार्यशाला में इस दौरान राष्ट्रीय शासन संगठन महामंत्री शिव प्रकाश मुख्यमंत्री मोहन यादव, संगठन महामंत्री अजय जायसवाल प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष हेमंत अग्रवाल गुजरात भाजपा प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री रत्नाकर गुजरात के वरिष्ठ भाजपा नेता केसी पटेल का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ।

### भागवत कथा का आयोजन

## माता पिता की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं- पंडित शर्मा



**जगोटी।** जप, तप, दान, धर्म से बढ़कर हैं माता पिता की सेवा, हमारे धार्मिक व पौराणिक ग्रंथों में कहा है कि माता पिता की सेवा करके हम सभी तीर्थों पर किए गए दान धर्म से ज्यादा प्रतिफल ईश्वर प्रदान करता है। हमारे बुजुर्गों के प्रति हमारा आचरण व व्यवहार हमारी संतान देखती है और वह उसी के अनुरूप हमें लौटाती भी है। उक्त उद्गार श्री चारभुजा नाथ मंदिर के पंडित बनवारी लाल शर्मा ने सोलंकिया पाथी जगोटी में आयोजित भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए। आपने कहा कि भागवत कथा का श्रवण व मनन न सिर्फ हमें अपितु हमारे पूर्वजों को भी मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करता है। बुधवार को आरती का लाभ यजमान शेर सिंह सोलंकी, ठा भगवान सिंह, नारायण सिंह सोलंकी, अजयपाल सिंह व अक्षत बना ने लिया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शिव-पार्वती मंदिर में भागवत कथा का शुभारंभ



**ब्यावरा।** ब्यावरा शहर में पुलिस थाने के पीछे स्थित शिव-पार्वती मंदिर में बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पीपल चौराहा, मैन मार्केट, सुभाष चौक और चिंता हरण हनुमान मंदिर होते हुए पुलिस थाना परिसर स्थित शिव-पार्वती मंदिर पहुंची। यहां विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथावाचक भगवताचार्य पंडित प्रीतम शरण शर्मा द्वारा किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य सभी प्रकार के पापों से मुक्त होकर ईश्वर की प्राप्ति करता है। उन्होंने कहा कि भागवत एक ऐसा पवित्र ग्रंथ है, जिसे सुनने मात्र से ही प्राणी मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। पंडित शर्मा ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि केवल कथा सुनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि भागवत में बताए गए आदर्शों और वचनों का पालन करते हुए जीवन को धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलाना चाहिए, तभी इस लोक और परलोक दोनों में जीवन सफल हो सकता है। कलश यात्रा के दौरान शहर के कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और समाजजन उपस्थित रहे। यह भागवत कथा 17 मार्च तक चलेगी, जिसका समापन महाप्रसादी के साथ किया जाएगा। प्रतिदिन कथा में विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का संदेश दिया जाएगा।

## राज्यमंत्री ने काचरिया पुरोहित में किया 16 लाख से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन



**सारंगपुर।** सारंगपुर जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत कांकरिया के अंतर्गत लगने वाले ग्राम काचरिया पुरोहित को भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गौतम टेटवाल रहे। कार्यक्रम के दौरान लगभग 16 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच सतीश बैस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सडक का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात ग्रामवासियों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी तथा ग्राम के विकास को नई गति मिलेगी। इस मौके प राज्यमंत्री ने कहा कि हमारा सतत प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो और आमजन का जीवन अधिक सुगम बन सके। कार्यक्रम में संबल कार्ड और प्रधानमंत्री आवास के प्रमाण पत्र से ग्राम जन को सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, सरपंच सतीश बैस, मण्डल अध्यक्ष शेखर शर्मा, जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार, पड़ाना सरपंच गोकुल दुगारिया, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में आभार सरपंच सतीश बैस ने माना।

# चालक से साइड मांगने की बात को लेकर विवाद में लोहे की रॉड से की हत्या

### पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर



राजगढ़ जिले में हत्या जैसे गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा। उक्त अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खिलचीपुर धर्मवीर सिंह नागर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खिलचीपुर निरीक्षक उमाशंकर मुकाती के नेतृत्व में पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई की।

फरियादी कुलदीप पिता मनोहर राजपूत निवासी देवपुर, चाचौड़ा जिला गुना अपने परिचित भगवान सिंह पिता मांगीलाल राजपूत 60 वर्ष निवासी सिरोजी, खुजनेर के साथ जा रहा था। रास्ते में भोजपुर नाका खिलचीपुर पर साइड मांगने की बात को लेकर एक पिकअप वाहन चालक से विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपी ने लोहे की रॉड से भगवान सिंह के सिर पर प्रहार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। घटना के समय फरियादी आरोपी को पहचानता नहीं था, परंतु विवाद के दौरान आरोपी द्वारा कहा गया कि मेरा नाम कैलाश तंवर निवासी राजपुरा है जो करना है कर लेना। इसके बाद आरोपी मौके से पिकअप वाहन लेकर फरार हो गया। घायल को परिजन उपचार हेतु बिना झालावाड़ ले गए, जहां से बाद में रात लगभग 9:00 बजे सिविल अस्पताल खिलचीपुर लाया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त रिपोर्ट पर थाना खिलचीपुर में अपराध क्रमांक 82/2026 धारा 103, 296(बी) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का अवलोकन किया, जिससे घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन की पहचान की गई। साथ ही मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी संसाधनों को सक्रिय किया गया। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आरोपी कैलाश पिता हजारीलाल तंवर निवासी राजपुरा खिलचीपुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

## एक माह से तहसीलदार का पद खाली, नायब तहसीलदार के भरोसे चल रहा कार्यालय

### कई राजस्व कार्य प्रभावित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झारड़ा




तहसील कार्यालय में पिछले लगभग एक माह से तहसीलदार का पद खाली होने के कारण कई प्रशासनिक और राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पूर्व तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा के स्थानांतरण के बाद से अब तक नए तहसीलदार की पदस्थापना नहीं हो सकी है। वर्तमान में कार्यालय का कार्य केवल नायब तहसीलदार के भरोसे संचालित हो रहा है, जिससे कई महत्वपूर्ण मामलों के निराकरण में देरी हो रही है।

तहसील कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान अपने विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं, लेकिन तहसीलदार के अभाव में कई प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं। तहसीलदार स्तर के मामलों में अंतिम आदेश आवश्यक होने के कारण लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### राजस्व कार्य हो रहे प्रभावित

तहसीलदार के अभाव में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व न्यायालय के प्रकरणों की सुनवाई, भूमि बंधक (गिरवी) से जुड़े मामलों की अनुमति, केवाईसी सत्यापन, अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई सहित कई राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इन मामलों में अंतिम आदेश तहसीलदार स्तर से जारी होते हैं, जिससे कई फाइलें लंबित पड़ी हुई हैं।

क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि जल्द से जल्द नए तहसीलदार की पदस्थापना की जाए, या फिर व्यवस्था के रूप में नायब तहसीलदार को ही तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार दिया जाए, ताकि लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण हो सके और आमजन को राहत मिल सके।

**जिम्मेदार ने कहा**

नायब तहसीलदार शौकत अली ने बताया कि वर्तमान में तहसील के सभी कार्यों को देखने का प्रयास किया जा रहा है और कोशिश है कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। हालांकि तहसीलदार स्तर के आदेश नहीं होने के कारण कुछ तकनीकी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से फार्मर आईडी सक्रिय नहीं हो पा रही है, जिसके चलते भूमि बंधक सहित कुछ अन्य राजस्व कार्य फिलहाल नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ कार्यों में प्रशासनिक स्तर पर दिक्कतें आ रही हैं।

### गैस महंगी होने का असर

## 5 वाली कट चाय 7 रुपये की हुई

**सारंगपुर।** सारंगपुर में गैस सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि का सीधा असर अब आम लोगों की जेब पर दिखने लगा है। शहर की गुमठियों और छोटी दुकानों पर मिलने वाली 5 रुपए की कट चाय अब 7 रुपए की हो गई है। वहीं, गैस की कालाबाजारी रोकने और आपूर्ति सामान्य रखने के लिए प्रशासन ने एलपीजी वितरण के नियमों में भी कई अहम बदलाव किए हैं। शहर के छोटे दुकानदारों और गुमठी संचालकों का कहना है कि गैस सिलेंडर की बढती कीमतों के कारण लागत बढ गई है, जिस वजह से उन्हें चाय के दाम बढाने पडे हैं। अब ग्राहकों को एक कट चाय के लिए 2 रुपए अतिरिक्त चुकाने पड रहे हैं। आपूर्ति विभाग की माने तो घरेलू गैस की नियमित और समान आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऑयल कंपनियों ने नए नियम लागू किए हैं। अब पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही अगली रिफिल बुकिंग स्वीकार की जाएगी। इस कदम का मुख्य उद्देश्य गैस की कालाबाजारी और अफरातफरी को रोकना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी के आयात में रुकावट आई है। तेल विपणन कंपनियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन प्राथमिक तौर पर केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए ही किया जाए।

## कृषि विभाग द्वारा पुलिस और हार्वेस्टर संचालकों के साथ बैठक आयोजित

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को कृषि विभाग ने पुलिस अधिकारियों और हार्वेस्टर संचालकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में नरवाई प्रबंधन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपुत ने थाना सारंगपुर में बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को नरवाई न जलाने के प्रति जागरूक करना और हार्वेस्टर मशीनों में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य करना था।

## सर्वर समस्या से गैस बुकिंग अटकी, उपभोक्ता परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर




नगर में इन दिनों घरेलू गैस की ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर ओवरलोड होने की समस्या के कारण गैस बुकिंग प्रक्रिया प्रभावित हो गई है, जिससे उपभोक्ता बार-बार प्रयास करने के बावजूद सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहे हैं। बुकिंग नहीं होने की वजह से कई उपभोक्ता गैस एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई दिनों से ऑनलाइन बुकिंग की कोशिश की जा रही है, लेकिन हर बार सर्वर व्यस्त या तकनीकी समस्या बताकर बुकिंग नहीं हो पा रही है। इससे आम परिवारों की रसोई व्यवस्था भी प्रभावित होने लगी है और उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इधर अभिषेक इंडियन गैस एजेंसी जीरापुर के संचालक घनश्याम भिलाला का कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं। समस्या केवल ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम में सर्वर ओवरलोड होने की वजह से आ रही है। जैसे ही तकनीकी समस्या दूर होगी, बुकिंग और डिलीवरी की प्रक्रिया सामान्य हो जाएगी। फिलहाल उपभोक्ताओं को सबसे बड़ी परेशानी यही है कि बुकिंग नहीं हो पाने के कारण उन्हें बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं ने संबंधित कंपनी और प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वर की समस्या दूर कर बुकिंग व्यवस्था को सुचारू किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और गैस वितरण सामान्य रूप से हो सके।

### स्वतंत्रता पार्क योग भवन में 25 दिवसीय

## सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण एवं इंटीग्रेटेड योग चिकित्सा ध्यान शिविर संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



पीजी कॉलेज गुना के सामने स्वतंत्रता पार्क (योग की तपोभूमि) के पीछे बने योग भवन में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशन में 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण एवं इंटीग्रेटेड योग चिकित्सा ध्यान शिविर जो विगत 15 फरवरी रविवार से प्रारंभ हुआ था जो 11 मार्च को विधिवत संपन्न हो गया।

इस संबंध में पतंजलि योग समिति एवं पतंजलि सोशल मीडिया के जिला प्रभारी व योगाचार्य नरोत्तम यादव ने बताया कि उक्त सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में 37 नवीन सहयोग शिक्षकों ने पंजीकरण कराया था। तत्पश्चात सभी ने प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 8 तक स्वतंत्रता पार्क (योग की तपोभूमि) के पीछे बने योग भवन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी प्रकार सायं कालीन ऑनलाइन प्रशिक्षण सायं 7 बजे से 8 तक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रातः काल के प्रशिक्षण में ऑफलाइन योगिक क्रियाएं, आसन, प्राणायाम, बंध, मुद्राएं सूक्ष्म व्यायाम तथा सायं कल के प्रशिक्षण में ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें योग के बारे में अलग-अलग विषयों पर उनके नोट्स तैयार करवाए गए। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशन में पतंजलि के राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र सिंह रघुवंशी, संरक्षक हरि सिंह यादव, पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी डॉक्टर एम.के विश्वास, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बाबूलाल यादव पतंजलि भारत स्वाभिमान के सह जिला प्रभारी राजेश श्रीवास्तव, पतंजलि के मीडिया व सोशल मीडिया जिला प्रभारी योगाचार्य नरोत्तम यादव के मार्गदर्शन में उक्त प्रशिक्षण विधिवत संचालित हुआ तथा आज विधिवत्त संपन्न हुआ। प्रतिदिन सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण डा.एम.के. विश्वास, राजेश श्रीवास्तव एवं कृष्ण योगेंद्र सिंह रघुवंशी, निहारिका रघुवंशी, द्वारा सभी योग शिक्षकों को निरंतर 25 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया और प्रशिक्षण में सभी सहयोग शिक्षकों ने पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशन में योग की विभिन्न विधाओं जैसे कठिन व सरल आसान, रोगानुसार आसान, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, योगिंग जॉगिंग, शारीरिक क्रियाएं, पंचकर्म, षठकर्म, एक्यूप्रेशर, जलनेति, सूत्रनेति, अष्टांग योग, आयुर्वेद, योग के मूल सिद्धांत, सूर्य नमस्कार, शरीर रचना (एनाटॉमी) एवं क्रिया विज्ञान, दैनिक दिनचर्या, संगठन सूत्र, वेद, उपनिषद, गीता दर्शन, योग दर्शन, हठयोग, ध्यान, मुद्रा, बंध, पंच प्राण, पंच उपप्राण, पंचकोश, अष्ट चक्र, आहार चिकित्सा, योग चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा, जैविक खेती, जैसे विषयों पर विस्तार से 25 दिवस तक प्रशिक्षण प्राप्त किया गया उक्त प्रशिक्षण डॉक्टर एमके विश्वास, राजेश श्रीवास्तव, कृष्ण योगेंद्र रघुवंशी द्वारा दिया गया। बीच-बीच में सभी सहयोग शिक्षकों को पतंजलि के संरक्षक हरि सिंह यादव, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया। परीक्षा एवं प्रमाण पत्रों का वितरण सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर संपन्न होने के एक दिवस पूर्व सभी सहयोग शिक्षकों की ऑफलाइन परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें सफल होने वाले सहयोग शिक्षकों को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्राप्त होते ही सहयोग शिक्षक प्रमाण पत्र वितरण किए जाएंगे।



## फूल माली समाज भेरू दरवाजा पंचायत की अहम बैठक

### नवनियुक्त माली समाज अध्यक्ष का किया स्वागत

**सारंगपुर।** फूल माली समाज भेरू दरवाजा पंचायत की एक बैठक श्री राम मंदिर परिसर में रखी गई, जिसमें आगामी राम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर अहम प्रस्ताव सर्व सहमति से पास किए गए, जिसमे समय के पूर्व रामनवमी उत्सव मनाने के लिए निर्धारित बराड़ की राशि अष्टमी तक जमा करना अनिवार्य है, समाज के आयोजन मे शामिल होना जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक मे वरिष्ठ समाज सेवी हीरालाल पुष्पद, दुलीचंद पुष्पद, भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, सचिव सुरेश पुष्पद, संतोष टेलर, खैमराज पुष्पद पान, संजू मेडिकल, राजेश पुष्पद, रामबाबू पुष्पद, श्याम पुष्पद सहित बड़ी सख्या मे युवा उपस्थिति थे। बैठक के दौरान नवनियुक्त फूल माली समाज अध्यक्ष संतोष पुष्पद का सभी समाज जनो ने पुष्पमाला एवं साफा बांधकर स्वागत किया। स्वागत के दौरान माली समाज जिला अध्यक्ष श्री पुष्पद में बताया कि में हर समय समाज की सेवा में तत्पर्य रहूंगा। किसी को भी आवश्यकता होने पर उसकी तन मन धन से मदद करूंगा।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, पुलिस ने पीएम कराकर दर्ज किया मर्ग

**खाचरौद।** खाचरोद थाना क्षेत्र के गांव भुवासां की एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसे सोमवार को जनसेवा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। मंगलवार को उसकी मौत होने पर पुलिस ने पीएम कराया। साथ ही विसरा भी जब्त किया है। मामला खाचरौद थाने का होने से बिरलाग्राम पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम किया है। केस डायरी को खाचरौद थाने भेजा जाएगा। थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार ने बताया कि गांव भुवासा निवासी सपना पति सुनील को जनसेवा में परिजनों ने भर्ती कराया था। महिला सोमवार को बयान देने की स्थिति में नहीं थी। मंगलवार को उसकी मौत हो गई। जिस पर पीएम कराकर शव परिजनों के हवाले किया है। पाटीदार के मुताबिक मामला संदिग्ध होने से विसरा भी जब्त किया है। मर्ग डायरी को खाचरौद थाने भेजा जाएगा, ताकि वहां मामले की जांच हो सके।

## सात दिवसीय होली महोत्सव के सफल आयोजन पर समिति ने जताया आभार

**सारंगपुर।** नगर में होली एवं रंगपंचमी पर्व के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय रंगारंग महोत्सव के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के बाद हिन्दू उत्सव समिति ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला ने कहा कि समिति द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय उत्सव में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे सप्ताह शहर में हर्षोल्लास व उत्सव का वातावरण बना रहा। डॉ. भल्ला ने कहा कि कार्यक्रमों के सफल संचालन में मंत्री गौतम टेटवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल तथा प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने विशेष रूप से एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद्र सिंह, थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा, नगर पालिका परिषद सीएमओ दीपक रानवे एवं पुलिस प्रशासन तथा राजस्व प्रशासन, नपा प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

## अंबिकापुरी कॉलोनी महिला मंडल द्वारा मनाया गया फाग उत्सव



**सारंगपुर।** अंबिकापुरी कॉलोनी महिला मंडल द्वारा होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में फाग उत्सव बडे ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात महिलाओं ने श्रीकृष्ण के भजनों पर नृत्य करते हुए फाग उत्सव का आनंद लिया। छोटी-छोटी बालिकाओं ने राधा कृष्ण का रूप धारण नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। वहीं सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और फाग गीतों पर झूमते हुए वातावरण को भक्तिमय और रंगीन बनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने मिलकर पारंपरिक तरीके से फाग उत्सव मनाया। महिला मंडल की सदस्य वैजयंती चौरसिया ने बताया कि इस तरह के आयोजन से आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है। अंत में सभी ने फरियाली खिचडी प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया। इस आयोजन में सुरभि चौहान, हेमा श्रीवास्तव, संजना चौहान, कृष्णा राठौर, शिखा जैन, माया चौहान, ममता शर्मा, हिरामनी पाटीदार, उषा पांडे, सुनीता चौरसिया के साथ बडी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## मुस्लिम समाज के रमजान माह में एतिकाफ एकांतवास शुरू

**महिदपुर रोड।** माहे रमजान का तीसरा और आखिरी अशरा मंगलवार से शुरू हो गया यह 21 वें रोजे से 30 वें रोजे तक चलेगा और मजहबी मान्यता में इसे जहन्नुम से निजात का अशरा कहा जाता है अशरे की शुरूआत के साथ नगर की दोनों मस्जिदों में एतिकाफ (एकांतवास) का सिलसिला शुरू हो गया एतिकाफ में रोजेदार मस्जिद में रहकर नमाज कुरान की तिलावत और दुआ में समय बिताते हैं तथा दुनियावी कामों से दूरी रखते हैं इस दौरान समाज की अनेक महिलाएं भी घरों में एतिकाफ करेंगी दोनों मस्जिदों के इमामों के अनुसार एतिकाफ का उद्देश्य पूरी तरह इबादत में लगे रहना होता है। रमजान के अंतिम दिनों में शबे ए कद्र की रात भी आती है जिसे हजार माह की इबादत से बेहतर माना जाता है।



रश्मिका मंदाना ने इन्फ्लुएंसर्स को चेतावनी दी है कि वह उनके खिलाफ झूठी अफवाह फैलाने वाली बातचीत को हटा लें, वर्ना वह उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगी। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला?

# रश्मिका ने दी लीगल एक्शन की धमकी

## बोलीं- 'आपने हद पार कर दी'; आठ साल पुरानी चैट लीक होने पर भड़कीं

रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच वह एक और मामले को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने गुरुवार को इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी, जो आठ साल पहले की एक लीक हुई निजी बातचीत को फैला रहे हैं।

### रश्मिका का इल्जाम

एक्स पर एक लंबी पोस्ट में, एक्ट्रेस ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से उनके खिलाफ गलत जानकारी फैलाने, उन्हें परेशान करने और उन पर जान-बूझकर हमले करने का एक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बातों को बार-बार संदर्भ से हटाकर पेश किया गया और व्यूज हासिल करने के लिए नफरत फैलाने वाली झूठी कहानियां गढ़ी गईं।

### बिना सहमति के रिकॉर्ड की गई बातचीत

रश्मिका मंदाना ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि जो ऑडियो वायरल किया जा रहा है, वह करीब आठ साल पुरानी एक प्राइवेट बातचीत का हिस्सा लग रहा है। इसे शायद उसमें शामिल लोगों की सहमति के बिना रिकॉर्ड और शेयर किया गया है।

### नजरअंदाज करना हुआ मुश्किल

रश्मिका ने खुलासा किया कि पिछले आठ वर्षों से उन्होंने ऑनलाइन कुछ लोगों की तरफ से फैलाई गई गलत जानकारी और उत्पीड़न को झेला है। दर्द सहने के बावजूद उन्होंने धैर्य और चुप्पी बनाए रखना चुना था, लेकिन पिछले 24 घंटों की घटनाओं ने उस सीमा को पार कर दिया जिसे वह अब नजरअंदाज नहीं कर सकती। उन्होंने इस बात पर भी निराशा जताई कि इस विवाद की वजह से उनके परिवार और करीबियों को बेवजह परेशानी हुई है, जबकि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

### रश्मिका ने दी 24 घंटे की मोहलत

इस क्लिप को फैलाना भ्रामक और मानहानि वाला बताते हुए, रश्मिका ने इन्फ्लुएंसर्स और इस कंटेंट को शेयर करने वाले लोगों से इसे तुरंत हटाने का अनुरोध किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मटेरियल को फैलाने वालों को 24 घंटे की मोहलत दी गई है, ऐसा न होने पर कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। आवाज उठाने और एक्शन लेने का फैसला हल्के में नहीं लिया गया है, बल्कि अपनी गरिमा, प्राइवेसी और शांति की रक्षा के लिए यह जरूरी है।

### रश्मिका ने अदा किया शुक्रिया

रश्मिका ने आखिर में लिखा, 'उन सभी लोगों के लिए जिन्होंने इन वर्षों में मुझे दया, समझ और प्यार के साथ सपोर्ट किया है। मैं आपकी बहुत शुक्रगुजार हूं। मैं आपसे प्यार करती हूं और चाहती हूं कि आप ये जानें कि कोई भी अनजान व्यक्ति यह तय नहीं करेगा और न ही कर सकता है कि हमें कैसे जीना है। चुनाव हमारा है। हमें ही करना होगा।'

## बॉक्स ऑफिस

# 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' की धीमी हुई कमाई



### 'अस्सी' का बुरा हाल? जानें क्या रहा कलेक्शन

'द ओ रोमियो' और 'अस्सी' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 2 हफ्तों से ज्यादा हो चुके हैं, ऐसे में अब इन फिल्मों की कमाई धीमी नजर आ रही है। वहीं 'द केरल स्टोरी 2' को बॉक्स ऑफिस पर 13 दिन हो चुके हैं, लेकिन ये फिल्म भी अब तक 50 करोड़ के आंकड़े को पार नहीं कर पाई है। जानिए बुधवार को इन फिल्मों ने कितनी कमाई की।

### 'द केरल स्टोरी 2' की धीमी हुई कमाई

सैकनिल्क के अनुसार 'द केरल स्टोरी 2' ने बुधवार को 1.59 करोड़ की कमाई की। जबकि फिल्म ने मंगलवार को 2.20 करोड़ की कमाई की थी। इस मुकाबले फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिली है। फिल्म ने अभी तक कुल 38.64 करोड़ की कमाई की है। इसका मतलब ये मूवी अब तक 50 करोड़ का आंकड़ा छू भी नहीं पाई है।

### 'अस्सी' फिल्म रेस में सबसे पीछे

'अस्सी' फिल्म को रिलीज हुए दो हफ्तों से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा धमाल नहीं मचा पा रही है। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने 20वें दिन केवल 10 लाख की कमाई की। जबकि 19वें दिन इस फिल्म ने 12 लाख रुपये की कमाई की थी। मूवी अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 10.80 करोड़ की कमाई कर चुकी है।

### 'ओ रोमियो' रेस में बरकरार

'ओ रोमियो' मूवी को रिलीज हुए 27 दिन हो चुके हैं। ऐसे में ये फिल्म अभी भी ठीक-ठाक कमाई करती नजर आ रही है। बुधवार को इसने 27 लाख की कमाई की। जबकि फिल्म ने मंगलवार को 41 लाख रुपये कमाए थे। फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है, लेकिन इसने अभी तक 100 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं किया है। इसका कुल कलेक्शन 71.02 करोड़ है।

### 'धुरंधर 2' से होगी टक्कर

इन सभी फिल्मों के लिए आने वाले दिन मुश्किल भरे हो सकते हैं, क्योंकि आने वाले शुक्रवार को 'धुरंधर 2' रिलीज हो रही है। जिसका क्रेज फैंस में मूवी के ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही दिख रहा है। अब देखना होगा आने वाले दिनों में ये फिल्में कितनी कमाई कर पाती हैं।

# 'धुरंधर' के मेकर्स का बड़ा फैसला, जल्द री-रिलीज होगी फिल्म; जानें कब और कहां देख सकेंगे

'धुरंधर 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मगर इससे पहले मेकर्स ने इसके पहले पार्ट 'धुरंधर' को फिर से रिलीज कर रहे हैं। दिसंबर में रिलीज हुई इस फिल्म ने वर्ल्ड वाइड काफी कमाई की थी।



### कब रिलीज होगी 'धुरंधर'?

गुरुवार के दिन फिल्म के प्रोड्यूसर्स जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज ने घोषणा की। जिसमें उन्होंने बताया कि 13 मार्च को फिल्म धुरंधर फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे वर्ल्ड वाइड रिलीज होने जा रही है। फिल्म को लगभग 500 स्क्रीन दी गई हैं। जिसमें से 250 स्क्रीन भारत की हैं। नोर्थ अमेरिका के फैंस भी इस फिल्म को 185 स्क्रीन पर देख पाएंगें।

### 'धुरंधर 2' की स्पेशल स्क्रीनिंग

'धुरंधर' की तगड़ी कमाई के बाद अब मेकर्स ने फैंस के उत्साह को बढ़ाने के लिए 18 मार्च को कनाडा और अमेरिका में खास प्रीमियर करने का एलान किया है। हालांकि फिल्म वर्ल्ड वाइड 19 मार्च को ही रिलीज होगी। इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग प्रीमियम लार्ज फॉर्मेट (पीएलएफ) स्क्रीन पर होंगी। जिससे फैंस फिल्म को बेहतर तरीके से एंजॉय कर सकें।

### 'धुरंधर' के बारे में

आदित्य धर के द्वारा निर्देशित फिल्म 'धुरंधर' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इस फिल्म के पहले पार्ट के दौरान ही इसके अगले पार्ट की घोषणा कर दी गई थी। फिल्म एक भारतीय जासूस की कहानी पर आधारित थी। जो पाकिस्तान जा कर वहां के क्रइम वर्ल्ड में इंट्री करता है। साथ ही फिल्म में अतीत में भारत पर हुई आतंकी गतिविधियों और ऑपरेशन ल्यारी के बारे में भी काफी कुछ दिखाया है। अब 'धुरंधर 2' की कहानी में हमजा अली मजारी के पुराने नाम जसकीरत सिंह रंगी के बारे में दिखाया जाएगा।

# Sport

चेतेश्वर पुजारा ने एमएस धोनी की बल्लेबाजी पोजिशन को लेकर बड़ा बयान दिया है। 38 वर्षीय पुजारा का मानना है कि धोनी को नंबर आठ या नौ नंबर पर भेजने का ज्यादा फायदा नहीं है, क्योंकि वह अभी भी अकेले दम पर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

# सीएसके के लिए इस सीजन किस स्थान पर बैटिंग करेंगे धोनी? चेतेश्वर पुजारा ने उठाए सवाल, जानें क्या कहा

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 19वें सत्र की शुरूआत 28 मार्च से होने जा रही है। टीमें इसकी तैयारियों में जुट गई हैं। धोनी से लेकर विराट कोहली तक अपनी-अपनी टीमों से जुड़ चुके हैं। पिछले साल हुए मिनी ऑक्शन में टीमों ने खुद को मजबूत किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने भी कुछ अहम खिलाड़ियों को टीम से जोड़ा। संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स से ट्रेड कर लाना सबसे बड़ा फैसला रहा। हालांकि, अब सवाल यह उठ रहा है कि धोनी अब किस नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

पिछले सीजन भी वह सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे। इम्पैक्ट प्लेयर के नियम के रहते हुए ऐसा माना जा रहा है कि वह आठवें नौवें नंबर पर बल्लेबाजी उतरेंगे। इस पर चेतेश्वर पुजारा ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा है कि आठवें-नौवें स्थान पर बल्लेबाजी करने का कोई तर्क नहीं बनता। ऐसे में माही को बल्लेबाजी क्रम में और ऊपर आना चाहिए और इम्पैक्ट बनाना चाहिए, तभी सीएसके की टीम छठा खिताब जीत सकेगी।

### पुजारा ने रखी अपनी राय

जियोस्टार पर बात करते हुए चेतेश्वर पुजारा ने धोनी की बैटिंग पोजिशन को लेकर अपने विचार रखे। पिछले सीजन धोनी के सातवें आठवें नंबर पर आने का खामियाजा सीएसके को भुगतना पड़ा था और टीम सबसे आखिरी यानी 10वें स्थान पर रही थी। वहीं, 2024 में सीएसके पांचवें स्थान पर थी। 38 साल के पुजारा ने कहा, 'मुझे समझ नहीं आता कि एमएस धोनी को नंबर आठ या नौ पर बल्लेबाजी के लिए क्यों भेजा जाता है। उनमें अकेले दम पर मैच का रुख पलटने की क्षमता है, जो सीएसके के किसी और बल्लेबाज में नहीं है। अगर वह सिर्फ पांच या 10 गेंद ही खेलेंगे तो ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सोचिए अगर माही भाई 25-30 गेंद खेल लें तो क्या कर सकते हैं।'





### 'सीएसके का माहौल परिवार जैसा'

पुजारा 2021 के उस सीजन में भी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे थे, जब टीम ने खिताब जीता था। उनका कहना है कि सीएसके का माहौल खिलाड़ियों के लिए बेहद आरामदायक होता है। पुजारा ने कहा, 'मैं उरङ के सेटअप में रहा हूं। वहां का माहौल ऐसा होता है कि खिलाड़ी बहुत सहज महसूस करते हैं, बिल्कुल परिवार जैसा। जब आप उस माहौल का हिस्सा होते हैं तो आपको साफ पता होता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर आपसे क्या उम्मीद की जा रही है।'

### युवा खिलाड़ियों को मिल रही प्राथमिकता

पुजारा का मानना है कि सीएसके की खासियत खिलाड़ियों पर लंबे समय तक भरोसा करना रही है, लेकिन अब टीम में बदलाव का दौर चल रहा है। उन्होंने कहा, 'वफादारी भी इसमें अहम भूमिका निभाती है, क्योंकि अगर आप उरङ के इतिहास को देखें तो एक बार खिलाड़ी टीम का हिस्सा बन जाता है तो लंबे समय तक वहीं रहता है। फिलहाल टीम में बदलाव का दौर चल रहा है, इसलिए युवा खिलाड़ियों को थोड़ा ज्यादा मौका दिया जा रहा है।'

# दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश रवाना, आईसीसी ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को बताया कि टी20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश रवाना हो गया है, जिससे पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण खाड़ी देशों के हवाई क्षेत्र के बंद होने से पैदा हुई परेशानी खत्म हो गई। खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण भारत में टी20 विश्व कप खेलने के लिए आई टीमों का कार्यक्रम अस्त-व्यस्त हो गया। इससे दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम कोलकाता में फंस गई क्योंकि दुबई जैसे प्रमुख हवाई अड्डे और हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया था।

**वेस्टइंडीज के 16 और द. अफ्रीका के 29 खिलाड़ी रवानाः** वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के अपने अंतिम मैच क्रमशः एक मार्च और चार मार्च को कोलकाता में खेले थे। वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस सप्ताह की शुरूआत में ही स्वदेश रवाना हो गए थे, जबकि बाकी बचे 16 खिलाड़ियों के लिए वाणिज्यिक उड़ानों की बुकिंग हो चुकी थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के 29 सदस्य भी स्वदेश रवाना हो गए हैं। आईसीसी ने बयान में कहा,



'पिछले 24 घंटों के अंदर दक्षिण अफ्रीका की टीम के बाकी बचे 29 सदस्य और वेस्टइंडीज की टीम के अंतिम 16 सदस्य अपने-अपने देशों के लिए रवाना हो गए हैं, जिससे असाधारण रूप से चुनौतीपूर्ण वैश्विक यात्रा परिस्थितियों के कारण पैदा हुए एक जटिल अभियान का अंत हो गया है।'

**'हमारा लक्ष्य सदस्यों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना':** विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने कहा, 'हमारा एकमात्र लक्ष्य सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना था। इस दौरान परिस्थितियों के अनुसार कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा लेकिन आईसीसी ने परिचालन संबंधी बाधाओं से निपटने के लिए सरकारों, एयरलाइनों, चार्टड विमान प्रदाताओं, हवाई अड्डा प्राधिकरणों और सदस्य बोर्डों के साथ मिलकर लगातार काम किया।'

# जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) स्कैम मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। श्रीनगर की एक अदालत ने गुरुवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे कथित जेकेसीए घोटाले मामले में फारूक अब्दुल्ला को झटका दिया।

फारूक 2001 और 2011 के बीच जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष थे। यह कथित घोटाला 2012 में तब सामने आया जब जेकेसीए के कोषाध्यक्ष मंजूर वजीर ने उस समय के महासचिव मोहम्मद सलीम खान और पूर्व कोषाध्यक्ष अहसान मिर्जा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अब आगे की कार्रवाई के लिए 30 मार्च को फिर से केस की सुनवाई होगी।

सुनवाई के दौरान अब्दुल्ला अदालत के सामने पेश नहीं हुए और खबर है कि वे जम्मू में थे। उनके वकील ने कार्यवाही में शामिल होने में उनकी असमर्थता का हवाला देते हुए निजी तौर पर पेशी से छूट की अर्जी दी। हालांकि, कोर्ट ने देखा कि बचाव पक्ष को वर्चुअल मोड से अब्दुल्ला की मौजूदगी पक्की करने का विकल्प दिया गया था, लेकिन उन्होंने इस सुझाव को मना कर दिया।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### प्रेमानंद महाराज के लिए घर छोड़ा, लेटर में लिखा-अपनी असलियत जान गया



**इंदौर।** इंदौर की कृष्ण विहार कॉलोनी में रहने वाला 15 साल का बच्चा बुधवार को घर से अचानक लापता हो गया। परिवार को उसके हाथ का लिखा एक लेटर मिला है। लेटर में उसने लिखा है कि वह वृंदावन के संत प्रेमानंद जी महाराज के वचनों से प्रभावित होकर अपने असली परिवार के पास जा रहा है। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मनोज संेधव के अनुसार, बच्चे के पिता ड्राइवरी का काम करते हैं। बुधवार को बच्चा क्रिकेट खेलने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक नहीं लौटा। परिवार जब घर पहुंचा तो उन्हें एक पत्र मिला। यह पत्र उनके बेटे ने ही लिखा था, जिसमें उसने अपना घर छोड़ने की बात बताई है। लेटर में उसने लिखा– मां, पापा, भैया और दादा आज मैं अपने असली परिवार के पास जा रहा हूं। आप लोग कृपया रोइए मत और मुझे ढूंढने की कोशिश भी मत कीजिए। अब मैं अपने मां–पिता के साथ ही रहूंगा। बच्चे ने लिखा– आप लोग यह मत समझना कि मैं किसी डांट–फटकार या रिजल्ट खराब होने की वजह से घर छोड़कर जा रहा हूं। मैं बस अपनी असलियत जान गया हूं। अगर आप जानना चाहते हैं कि वह असलियत क्या है, तो मेरे फोटो को देख लेना। उसमें प्रेमानंद जी महाराज के वचन लिखे हैं।

### केले से भरा आयशर वाहन ट्रक से टकराया, ड्राइवर–क्लीनर की मौत

**इंदौर।** इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में बिचोली हाप्सी ब्रिज पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। केले से भरा आयशर वाहन हाईवे पर खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गया। टक्कर में आयशर चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आयशर वाहन राऊ की ओर से देवास की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बिचोली हाप्सी ब्रिज के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे के समय ट्रक पर एक जेसीबी मशीन खड़ी थी। टक्कर इतनी तेज थी कि आयशर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दोनों लोग केबिन में फंस गए। हादसे में आयशर चालक रमेश उर्फ राजेश पुत्र फूलचंद गोयल निवासी बड़वानी और क्लीनर राजू उर्फ राजेश निवासी बोधवाड़ा, धार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कनाडिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन बुरी तरह फंस जाने के कारण शव निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला और तीन जेसीबी व क्रेन की मदद से दोनों शव बाहर निकाले गए। शुरूआती जानकारी के अनुसार देर रात क्षेत्र में अंधेरा होने के कारण चालक को सड़क पर खड़ा ट्रक और जेसीबी दिखाई नहीं दी। पुलिस के मुताबिक दोनों वाहन बायपास पर गलत तरीके से खड़े थे। ट्रक और जेसीबी को जब्त कर लिया गया है।

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओए इंदौरी ने तोड़े ट्रैफिक रूल्स

**इंदौर।** इंदौर के चर्चित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओए इंदौरी उर्फ रॉबिन जिंदल विवादों में आ गए हैं। मामला ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन से जुड़ा है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद यूजर्स ने नाराजगी जताई है। कई लोगों का कहना है कि जिन लोगों को लाखों लोग फॉलो करते हैं, उन्हें सड़क पर नियमों का पालन कर दूसरों के लिए उदाहरण पेश करना चाहिए। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में ओए इंदौरी वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते दिखाई दे रहे हैं। रॉबिन जिंदल पहले बुलेट को बिना हेलमेट के चला रहे हैं। इतना ही नहीं, इसके बाद वह बाइक की टंकी पर बैठे नजर आते हैं। फिर फिल्मी अंदाज में बुलेट की टंकी पर एक युवती को बैठाकर बाइक चलाते दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, यदि जांच में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इस पर अलग–अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ दिन पहले अलग–अलग मामलों में कई इन्फ्लुएंसर्स को नियम तोड़ने और कानून हाथ में लेने के चलते क्राइम ब्रांच थाने बुलाकर समझाइश दी गई थी। हालांकि उनके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई थी। गौरतलब है कि इससे पहले भी ओए इंदौरी (रॉबिन जिंदल) एक महिला द्वारा लगाए गए शादी का झांसा देकर शोषण के आरोपों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं, लेकिन बाद में कोर्ट से उन्हें बरी कर दिया गया था। ऐसे में एक बार फिर उनका नाम विवादों में आने से सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। कुछ दिन पहले रॉबिन ने नगर निगम के खिलाफ भी एक वीडियो बनाया था, जिस पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया था।

### इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे जीतू पटवारी

**इंदौर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार से तीन दिवसीय इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे चार विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन और बैठकों में शामिल होंगे। इन बैठकों में पंचायत स्तर तक के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। इन बैठकों के माध्यम से ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें संगठन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी और आगामी रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। दौरे की शुरूआत सिमरोल के चोरल ब्लॉक से होगी। महू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिमरोल ब्लॉक की बैठक चोरल में पानी की टंकी के पास आयोजित की जाएगी, जबकि महू शहर ब्लॉक की बैठक मोहन टॉकीज के पास स्थित बालारामजी का बगीचा में होगी। मानपुर ब्लॉक की बैठक महाकाल गार्डन में और महू ग्रामीण ब्लॉक की बैठक भाटखेड़ी गांव में रखी गई है। इसके बाद शाम को राऊ विधानसभा क्षेत्र के राऊ ब्लॉक की बैठक केट रोड स्थित दीया गार्डन में आयोजित होगी।

### गुजरात की अंतरराज्यीय गैंग का फरार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गुजरात के अंतरराज्यीय गैंग के फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। टीम काफी दिनों से उसकी तलाश कर रही थी। क्राइम ब्रांच इंदौर के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर के रहने वाले 71 वर्षीय रिटायर्ड व्यक्ति ने एनसीआरपी पोर्टल पर डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। 3 सितंबर 2024 को सुबह करीब 10 बजे उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि आपने मुंबई में कैनरा बैंक से 2 करोड़ 60 लाख रुपए का री–ट्रांजेक्शन किया है। उसने यह भी कहा कि वह बांदा पुलिस स्टेशन से बोल रहा है, हालांकि उसने अपना नाम नहीं बताया। आरोपी ने कहा कि इस 2 करोड़ 60 लाख रुपए के री–ट्रांजेक्शन के बदले में आपको 15 प्रतिशत कमीशन आपके खाते में ट्रांसफर किया गया है। इसके बाद आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की फर्जी कॉपी और अन्य कई दस्तावेज भेजे। उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों के आधार पर आपको गिरफ्तार किया जा सकता है और पुलिस व उइकआपको अरेस्ट करने आने वाली है। फरियादी ने उन्हें बताया कि उनका मुंबई में ऐसा कोई बैंक अकाउंट या ट्रांजेक्शन नहीं है। इसके बावजूद आरोपियों ने कहा कि कैनरा बैंक के एक ब्रांच मैनेजर को गिरफ्तार करने के बाद उसके घर से कई फर्जी पासबुक मिली हैं, जिनमें से एक पासबुक आपके नाम की भी पाई गई है।

ईरान-इजराइल में तनाव का असर अब शहर की रसोई और खान-पान कारोबार पर दिखने लगा

# होटल-रेस्टोरेंट के 12 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े खानपान कारोबारी प्रभावित, शादी सीजन पर संकट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



अगर आपके पास एक सिलेंडर है तो उसे डबल कराएं और वेटिंग की असुविधा से बचें।" प्लांट से माल की कमी होने से 10 दिन की वेटिंग चल रही है। 8 दिन पुरानी बुकिंग होने पर ही सिलेंडर दिया जाएगा। इंस्टेंट बुकिंग पर सिलेंडर नहीं दिया जाएगा।" यह बातें एमपी के अधिकांश गैंस एजेंसी के बाहर एजेंसी संचालकों ने पोस्टर लगाकर चस्पा कर रखी है।

ईरान-इजराइल के बीच चल रहे तनाव का असर अब शहर की रसोई और खान-पान कारोबार पर दिखने लगा है। तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग और डिलीवरी पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसका सीधा असर इंदौर में रोजाना सप्लाई होने वाले 3000 से 3200 कमर्शियल सिलेंडरों पर पड़ेगा। इससे करीब 8 हजार से ज्यादा होटल, रेस्टोरेंट, केटरर्स और छोटे कारोबारियों की बुकिंग प्रभावित होगी।

#### 2500 लोगों के खाने के लिए 40 सिलेंडर चाहिए

इंदौर के खानपान कारोबारियों का कहना है कि अगर जल्दी सप्लाई शुरू नहीं हुई तो चाय-पोहे की छोटी दुकानों से लेकर रेस्टारेंट तक एक-दो दिन में बंद होने लगेंगे। दूसरी ओर मार्च में शादियों का सीजन शुरू होने से मैरिज गार्डन और होटलों में करीब 1000 से 1200 शादियां तय हैं, जिन पर भी इसका असर पड़ सकता है। कैटरर नीरकांत समदानी के मुताबिक अभी सबसे बड़ी चिंता आने वाले आयोजनों की है। उन्होंने कहा, 2500 लोगों के आयोजन में करीब 40 सिलेंडर लगते हैं। स्टॉल कम करने पर भी 14-15 सिलेंडर चाहिए। ऐसे में अचानक सप्लाई रुकने से आयोजन करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार कीमत बढ़ा दे या सीमा तय कर दे, लेकिन सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करे।

## हिसार से इंदौर के लिए ट्रेन आज से शुरू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर




हिसार जिले से इंदौर के लिए आज पहली ट्रेन शुरू हो रही है। हिसार विधायक सावित्री जिंदल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगी। ट्रेन संख्या 20958 हिसार से इंदौर के लिए प्रत्येक सोमवार, वीरवार और शनिवार को चलाई जाएगी।

यह ट्रेन दोपहर 1.20 बजे हिसार से रवाना होकर शाम 6.15 बजे दिल्ली सफदरजंग स्टेशन पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 6.45 बजे इंदौर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन इंदौर से प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शाम 4.45 बजे इंदौर से रवाना होगी। यह ट्रेन सुबह 4.52 बजे दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद शकूरबस्ती और रोहतक होते हुए सुबह 9.20 बजे हिसार पहुंचेगी। हिसार से इंदौर के बीच शुरू हो रही नई ट्रेन में यात्रियों को अलग-अलग श्रेणी के अनुसार किराया देना होगा। सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए किराया 310 रुपए तय किया गया है। वहीं स्लीपर क्लास का किराया 520 रुपए रखा गया है। आरामदायक सफर के लिए थर्ड एसी में 1365 रुपए, सेकेंड एसी में 1940 रुपए और फर्स्ट एसी में 3275 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। इसके अलावा एसी चेयर कार में यात्रा करने वाले यात्रियों को 1110 रुपए प्रति यात्री किराया देना होगा। नई ट्रेन सेवा शुरू होने से हिसार और आसपास के जिलों के यात्रियों को मध्यप्रदेश के इंदौर तक सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

## युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर में अकेला था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक घटना ऋषि पैलेस कॉलोनी की है। यहां रहने वाले सुनील (30) पुत्र हीरालाल नागराज ने अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार रात में जब सुनील के जीजा घर पहुंचे तो दरवाजा नहीं खुला। संदेह होने पर अंदर देखा गया, जहां सुनील फंदे पर लटका मिला। परिवार के मुताबिक सुनील बैटरी का काम करता था। घटना से पहले वह सोमवार को काम पर भी नहीं गया था।

## होटल में घुसकर बदमाशों ने की मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर के हीरानगर थाना क्षेत्र में होटल में घुसकर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने होटल कर्मचारी को चाकू दिखाकर हर महीने 5 हजार रुपए देने की मांग की और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अखिलेश सतवई (27) निवासी 136, स्कीम नंबर कबीटखेड़ी, होटल रॉयल स्टेट में काम करते हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि 10 मार्च की रात करीब 9 बजे अंकित पुत्र हिंदू सिंह अपने दो साथियों के साथ होटल में कमरा लेने पहुंचा। आरोपियों ने कमरे का किराया पूछा तो अखिलेश ने 1 हजार रुपए बताया। इस पर आरोपियों ने 700 रुपए में दो कमरे देने का दबाव बनाया, लेकिन मना करने पर विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान अंकित ने जेब से चाकू निकाल लिया और गाली-गलौज करते हुए धमकाने लगा। उसके साथ आए अन्य दो युवकों ने भी अखिलेश के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर | हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com